# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



## मोदी 3.0 में प्रधानमंत्री के साथ होंगे 30 कैबिनेट मंत्री



1. नरेंद्र मोदी
2. राजनाथ सिंह
3. अमित शाह
4. नितिन गडकरी
5. जेपी नड्डा
6. शिवराज सिंह
7. निर्मला सीतारमण
8. एस जयशंकर
9. मनोहर लाल खट्टर
10. एचडी कुमारस्वामी
11. पीयूष गोयल
12. धर्मेंद्र प्रधान
13. जीतनराम मांझी
14. राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
15. सर्वानंद सोनेवाल
16. डॉक्टर वीरेंद्र कुमार
17. राम मोहन नायडू
18. प्रह्लाद जोशी
19. जुएल ओरांव
20. गिरिराज सिंह
21. अश्विनी वैष्णव
22. ज्योतिरादित्य सिंधिया
23. भूपेंद्र यादव
24. गजेंद्र सिंह शेखावत
25. अन्पूर्णा देवी
26. किरण रिजिजू
27. हरदीप पुरी
28. मनसुख मांडविया
29. जी किशन रेड्डी
30. चिराग पासवान
31. सीआर पाटिल

### 31 कैबिनेट मंत्रियों में कितने किस जाति के?

| | |
|---|---|
| ठाकुर | 3 |
| ब्राह्मण | 6 |
| दलित | 3 |
| आदिवासी | 1 |
| सिख | 2 |
| भूमिहार | 2 |
| यादव | 2 |
| पाटीदार | 2 |
| वोक्कालिंगा | 1 |
| खत्री | 1 |





# मोदी 3.0

- पहली बार – 26 मई 2014
- दूसरी बार– 30 मई 2019
- तीसरी बार– 09 जून 2024

## नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम के रूप में शपथ ली

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बन गए हैं. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में रविवार को नरेंद्र मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए ने बहुमत हासिल किया है. नरेंद्र मोदी (73) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे नेता होंगे. नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 के आम चुनावों में जीत हासिल की थी. लोकसभा चुनाव के नतीजे साफ होने के पांच दिन बाद भारत को नई सरकार मिल गई है. प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण की है. मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने शपथ ली. तीसरे नंबर पर अमित शाह शपथ ग्रहण करने पहुंचे. 2019 में भी शपथ ग्रहण करने का क्रम यही रहा था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कुल 72 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की है.

**30** कैबिनेट मंत्री

**36** राज्य मंत्री

**05** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

- मोदी 3.O में इस बार कई नए चेहरों को मौका दिया गया है. इनमें शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, कुमार स्वामी जैसे नेता शामिल हैं.
- जेपी नड्डा की एक बार फिर मोदी कैबिनेट में वापसी हुई है. वे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. 2014 में मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे.



### ये पहली बार बने केंद्रीय मंत्री

- **जीतनराम मांझी** पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं. वे एनडीए गठबंधन के सहयोगी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता हैं. बिहार के पूर्व मुख्यंत्री रहे हैं. दलित समुदाय से आते हैं और पहली बार सांसद बने हैं.
- **चिराग पासवान** बिहार के हाजीपुर से सांसद हैं. एनडीए के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास के नेता हैं. पहली बार केंद्रीय मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की.
- **सीआर पाटिल** पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं. उनकी उम्र 59 साल है. गुजरात बीजेपी के अध्यक्ष हैं और नवसारी सीट से सांसद चुने गए हैं. लगातार चौथी बार चुनाव जीते हैं. 2019 में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया था.
- **ललन सिंह** एनडीए के सहयोगी दल जनता दल यूनाइटेड के नेता हैं. जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं. वे मुंगेर से सांसद चुने गए हैं और पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं.



### राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

1. प्रताप राव जाधव
2. जयंत चौधरी
3. राव इंद्रजीत सिंह
4. जीतेंद्र सिंह
5. अर्जुन राम मेघवाल

### राज्य मंत्री

1. जितिन प्रसाद
2. श्रीपद यशो नाइक
3. पंकज चौधरी
4. कृष्णपाल गुर्जर
5. रामदास अठावले
6. रामनाथ ठाकुर
7. नित्यानंद राय
8. अनुप्रिया पटेल
9. वी सोमन्ना
10. चंद्रेशेखर पेम्मासानी
11. एसपी सिंह बघेल
12. शोभा करांदलाजे
13. कीर्तिवर्धन सिंह
14. बनवारी लाल वर्मा
15. शांतनु ठाकुर
16. सुरेश गोपी
17. एल मुरुगन
18. अजय टम्टा
19. बंडी संजय
20. कमलेश पासवान
21. भागीरथ चौधरी
22. सतीश चंद्र दुबे
23. संजय सेठ
24. रवनीत सिंह बिट्टू
25. दुर्गादास उइके
26. रक्षा खडसे
27. सुकांता मजूमदार
28. सावित्री ठाकुर
29. तोखन साहू
30. राजभूषण निषाद
31. भूपति राजू
32. हर्ष मल्होत्रा
33. नीमू बेन बमभानिया
34. मुरलीधर मोहोल
35. जॉर्ज कुरियन
36. पवित्रा मार्गेरिटा

### झारखंड को मिले दो मंत्री



मोदी 3.0 सरकार में झारखंड को दो केंद्रीय मंत्री मिले हैं. कोडरमा से सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है. वहीं रांची से लगातार दूसरी बार सांसद बने संजय सेठ राज्यमंत्री बनाये गये हैं. संजय सेठ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को हराया था.

**परिणाम :** जेईई एडवांस्ड 2024 का रिजल्ट जारी

# दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने किया टॉप, द्विजा लड़कियों में टॉपर रहीं

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) मद्रास ने रविवार को जेईई एडवांस 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी. एडवांस पेपर वन और टू दोनों में देश भर से 180,200 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से कुल 48,248 परीक्षार्थी सफल हुए हैं. इनमें 7,964 छात्राएं शामिल हैं. सफल परीक्षार्थियों में खड़गपुर जोन से सफल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 4618 हैं. जेईई एडवांस्ड क्रैक करने वाले लड़कों का प्रतिशत 28.04 रहा है, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 18.54 रहा है. इस बार जेईई एडवांस में आईआईटी दिल्ली जोन के छात्र वेद लाहोती ने कुल 360 में से 355 अंक हासिल कर देश भर में रैंक 1 हासिल किया है. इसी के साथ इंदौर निवासी वेद आईआईटी जेईई एडवांस के कंट्री टॉपर बन गए हैं. दूसरी ओर लड़कियों में बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल 332 अंक हासिल कर कंट्री टॉपर रही है. उसका ऑल इंडिया रैंक 7 है. वे आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in पर विजिट कर पेपर वन और पेपर टू दोनों का स्कोरकार्ड चेक और डाउनलोड कर सकते हैं. परिणाम में परीक्षार्थियों के प्राप्त अंक, कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) और श्रेणी रैंक लिस्ट है.

आईआईटी, एनआईटी में प्रवेश के लिए ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी काउंसलिंग (जोसा काउंसलिंग) 10 जून से शुरू होगी, जो 26 जुलाई तक चलेगी. इस बीच पांच राउंड की काउंसलिंग होगी. बता दें कि जेईई एडवांस परीक्षा पिछले 26 मई को देश भर के कई केंद्रों में दो शिफ्ट में हुई थी. इसके लिए जमशेदपुर में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये थे, जहां करीब 700 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. एंस्वर की पिछले 2 जून को जारी की गई थी. जेईई मेन 2024 के टॉप 2.5 लाख छात्रों को ही JEE एडवांस में शामिल होने का अवसर मिल था. इस साल जेईई एडवांस के कटऑफ अंक बढ़ गए थे. जेईई मेन 2024 में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम कट-ऑफ 93.2 प्रतिशत था.



1 टॉपर

355 अंक

वेद लाहोटी



332 अंक

द्विजा धर्मेशकुमार पटेल

### इन परीक्षार्थियों ने टॉप 10 में बनायी जगह

- वेद लाहोटी (355 अंक, आईआईटी दिल्ली)
- आदित्य (346 अंक, आईआईटी दिल्ली)
- भोगलापल्ली संदेश (338 अंक, आईआईटी मद्रास)
- रिदम केडिया (337 अंक, आईआईटी रुड़की)
- पुट्टी कुशल कुमार (334 अंक, आईआईटी मद्रास)
- राजदीप मिश्रा (333 अंक, आईआईटी बंबई)
- द्विजा धर्मेशकुमार पटेल (332 अंक, आईआईटी बंबई)
- कोडुरु तेजेश्वर (331 अंक, आईआईटी मद्रास)
- ध्रुविन हेमंत दोशी (329 अंक, आईआईटी बंबई)
- अल्लादाबोइना एस एस डी बी सिधविक सुहास (329 अंक, आईआईटी मद्रास)



## डीपीएस रांची की तमन्ना बनी झारखंड टॉपर

**रांची।** जेईई एडवांस 2024 की परीक्षा में रांची सेल टाउनशिप स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की छात्रा तमन्ना कुमारी ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 305 के साथ आईआईटी भुवनेश्वर जोन की गर्ल्स टॉपर एवं झारखंड की स्टेट टॉपर बनीं हैं. तमन्ना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों और अपने माता–पिता को दिया है. वहीं डीपीएस रांची के 23 विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर जेईई एडवांस 2024 में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन कर अपनी योग्यता को साबित की है. बता दें कि इजीनियरिंग के क्षेत्र में यह सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है.

विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत खुश नजर आए. विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ. राम सिंह अत्यंत खुश व अभिभूत नजर आये. उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और सफल प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की. इसके साथ ही विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी. बता दें कि भुवनेश्वर जोन में पांच राज्य और 1 यूनियन टेरिटरी झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार शामिल हैं.

### आईआईटी भुवनेश्वर जोन की गर्ल्स टॉपर भी है तमन्ना

- जेईई एडवांस्ड 2024 की परीक्षा में तमन्ना ने 305वीं रैंक हासिल की



### 180,200 परीक्षार्थी में से 48,248 ने सफलता हासिल की

इस साल आईआईटी प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड का आयोजन आईआईटी मद्रास ने किया था. परीक्षा दो पालियों में ली गयी थी. पहली पाली की परीक्षा 9 से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 से 5:30 बजे तक चली थी. 26 मई को आयोजित आईआईटी-जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में कुल 180,200 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. इनमें से 40284 लड़कों और 7,964 लड़कियों (कुल 48,248 परीक्षार्थियों) ने जेईई एडवांस्ड 2024 की परीक्षा में सफलता हासिल की है. बता दें कि देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड के लिए योग्यता परीक्षा है.


SARALA BIRLA UNIVERSITY

University of Minnesota | Berkeley University of California
International Academic Collaboration

2024-25 ADMISSION OPEN

GLOBAL EDUCATION CLOSER TO HOME

Call Us For Counseling Today!

MASS COMMUNICATION
B.A. in Journalism & Mass Communication
M.A. in Journalism & Mass Communication

LAW
LLM | LL.B | B.A. LLB (HONS.)
BBA LLB (HONS.) | B.Com. LLB (HONS

PHARMACY
B.Pharm | D.Pharm

YOGA & NATUROPATHY
PG/UG/Diploma/Certificate Program in yogic Science

DIPLOMA
Diploma in CE | CSE | EEE | ECE | ME
Diploma in French
Certificate Course in French (6 months)

UNDER GRADUATE
B.Tech in CE | CSE | EEE | ECE | ME
B.Com (Hons.) in Accounts | E-Commerce | Taxation
B.A. (Hons.) in English | Economics | Sanskrit
BCA
B.Sc (Hons.) Mathematics
BBA
BBA in Stock Broking & Portfolio Management
Bachelors of Performing Arts in Music, Dance, Theatre & Fine Arts

POST GRADUATE
M.Tech — M.A. in English | Economics | Sanskrit
MBA — M.Sc in Yogic Science
MCA — Masters of Performing Arts in Music, Dance,
M.Com — Theatre & Fine Arts

Ph.D.
Ph.D. in Engineering | Commerce & Management
Humanities | Law | Mass Communication

Top Recruiters: tcs, wipro, ICICI Bank, HDFC BANK, BARCLAYS

Training and Placement Supported by

Affiliations & Recognitions: UGC, PCI, BCI

SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI

Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103 | 9525 110 001

TOLL FREE No. : 1800 890 6077 | admission@sburanchi.ac.in | www.sbu.ac.in

## ब्रीफ खबरें

### आज विधायक पद की शपथ लेंगी कल्पना

रांची। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन सोमवार को विधायक पद की शपथ लेंगी. विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डा रवींद्र नाथ महतो उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. मालूम हो कि कल्पना सोरेन गिरिडीह के गांडेय सीट से बीजेपी के दिलीप वर्मा को 27149 वोट से हराकर विधायक बनी हैं. सरफराज अहमद के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद इस सीट पर लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव हुआ था.

### सचिवालय सेवा संघ का आंदोलन 11 से

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा की है. शनिवार को संघ की बैठक के बाद महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने क्रमबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि 11 जून को संघ के सदस्य मुख्य सचिवालय प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से प्रदर्शन करेंगे. मौन प्रदर्शन के बाद भी अगर संघ की मांगें नहीं मानी गईं, तो 19 और 20 जून को काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे. इसके बाद भी अगर सरकार मांगों पर विचार करने को बाध्य नहीं हुई, तो 27 जून को कलम बंद हड़ताल किया जाएगा. सचिवालयकर्मी हड़ताल पर रहेंगे. उसके बाद भी अगर सरकार की नींद नहीं टूटी, तो संघ आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन को तेज करेगा.

### 16 जून तक स्कूलों में छुट्टी बढ़ाने की मांग

रांची। झारखंड अभिभावक संघ ने सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी 16 जून तक बढ़ाने की मांग की है. संघ ने कहा है कि राजधानी रांची, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर, पलामू, देवघर, गिरिडीह, गोड्डा, दुमका, हजारीबाग सहित अन्य जिलों में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा रहा है. इन परिस्थितियों में बच्चों को स्कूल भेजना हर अभिभावक के लिए चिंता का विषय है. इस बाबत झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को ईमेल के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा है. इसमें राज्य में बढ़ती गर्मी को देखते हुए छुट्टी बढ़ाने की मांग की है.

### स्कूलों का समय बदला जारी किया गया आदेश

रांची। झारखंड के सभी स्कूलों के संचालन का समय बदल गया है. इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल के हस्ताक्षर से रविवार को जारी किया गया. आदेश फिलहाल 15 जून 2024 तक प्रभावी रहेगा. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है.

- राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों पर होगा प्रभावी

जारी आदेश में कहा गया है राज्य में गर्मी के प्रभाव को देखते सभी कोटि के विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं 15 जून, 2024 तक सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी. उक्त अवधि के उपरांत सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी. निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे.

## बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी संस्था नहीं कर सकेगी टायर का व्यवसाय

# टायर की रिसाइक्लिंग के लिए अब रजिस्ट्रेशन होगा अनिवार्य

प्रमुख संवाददाता। रांची

अब टायर के रिसाइक्लिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा. इसका आदेश झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था जो नए टायर का निर्माण और बिक्री घरेलू स्तर पर करता है या अपने ब्रांड के तहत घरेलू स्तर पर बेचता है. उसे रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा. अन्य निर्माताओं या आपूर्तिकर्ताओं द्वारा निर्मित नए टायर या आयातित नए टायर बेचता है. नए लगे टायर वाहनों का आयात करता है. इसके लिए भी रजिस्ट्रेशन जरूरी है.

**खास बातें**

- झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किया आदेश
- नए लगे टायर वाहनों का आयात करता है



### टायर के नवीनीकरण के लिए भी रजिस्ट्रेशन जरूरी

आदेश में कहा गया है कि टायर और ऑटोमोबाइल निर्माता घरेलू स्तर पर बेचे जाने वाले या नए वाहनों में उपयोग के लिए नए टावर का आयात करते हैं या बेकार टायर का आयात करते हैं। इसके लिए भी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है. बेकार टायर की रिसाइक्लिंग के साथ नए टायर और पायरोलाईसिस तेल या चार के निर्माण के लिए कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाता है, जिसका उपयोग केवल ईंधन के रूप में किया जाता है. इस प्रक्रिया के लिए भी पंजीकरण आवश्यक है. वहीं टायर उत्पादकों बेकार टायरों के पुनर्चक्रणकर्ताओं और घिसे-पिटे टायरों के पुनर्व्यापारियों को सीपीसीबी पर पंजीकरण करना आवश्यक है.

### नियम का पालन नहीं करने पर हो सकती है कार्रवाई

कोई भी पंजीकृत इकाई इस अनुसूची के तहत पंजीकरण या रिटर्न या रिपोर्ट या प्रदान की जाने वाली आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए गलत जानकारी प्रस्तुत करती है या जानबूझकर जानकारी छिपाती है या किसी अनियमितता के मामले में ऐसी इकाई का पंजीकरण केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण द्वारा रद्द किया जा सकता है. सुनवाई का अवसर देने के बाद तीन साल तक की अवधि के लिए बोर्ड और इसके अलावा, पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क भी लगाया जा सकता है.

## कांग्रेस के खुश और संतुष्ट होने के कारण अधिक नहीं

# झामुमो व हेमंत की हवा में कांग्रेस ने जीती दो आदिवासी सीटें! पर गंवाई 5 सामान्य सीटें

कौशल आनंद। रांची

इस बार का लोकसभा चुनाव में बहुत हद तक हवा इंडिया गठबंधन के पक्ष में रहा. कुछ हवा हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण झामुमो और गठबंधन के पक्ष में रहा. चुनाव को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व ने भी झारखंड में ठीक-ठाक ही समय दिया. खुद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की दो-दो चुनावी सभा हुई. राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी तीन-तीन चुनावी सभा की. खुद प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी करीब ढाई महीने झारखंड में कैंप किए रहे. इसके बावजूद कांग्रेस केवल दो आदिवासी सीीं जीत पायी, वहीं पांच सामान्य सीटें गंवा दी. इस बार पूरे गठबंधन से कम से कम सात से आठ सीटें जीतने का अनुमान भी लगाया जा रहा था. झामुमो का तो प्रदर्शन 70 प्रतिशत तक ठीक-ठाक रहा. मगर कांग्रेस सीटों के हिसाब से सात में पांच सीटें गंवा दी. अब इसको लेकर यह बातें सामने आ रही हैं कि कांग्रेस ने हेमंत सोरेन के जेल जाने के हवा के बीच झामुमो के कंधे पर चढ़कर दो आदिवासी सीटें जीत पाने में सफल रही. मगर एक भी सामान्य सीट नहीं जीत पाने से प्रदेश नेतृत्व खासकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े होने लगे हैं. प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं. अब इसको लेकर आने वाले दिनों में फिर से प्रदेश अध्यक्ष हटाने को लेकर मुहिम तेज हो सकती है.



- वर्तमान प्रदेश नेतृत्व पर उठने लगे सवाल, कैसे पार लगेगी विधानसभा चुनाव की नैया
- प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग फिर पकड़ेगी जोर, होने लगी गोलबंदी, दिल्ली तक जाएगी आवाज, चतरा सीट पर उठने लगे सवाल
- लोकसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिले बोकारो के उनके बूथ पर पार्टी को मिले महज 59 मत

### अध्यक्ष, मंत्री से लेकर पदाधिकारियों की भूमिका की होगी समीक्षा, केंद्रीय नेतृत्व मांग सकता है पूरी रिपोर्ट

पांच सामान्य सीटों पर हार को केंद्रीय नेतृत्व हल्के में लेने के मूड नहीं है. मिली जानकारी के अनुसार चुनावी समीक्षा करके विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी से केंद्रीय नेतृत्व मांग सकती है. इस चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों खासकर जिन्हें चुनाव प्रभारी और कॉर्डिनेटर बनाया गया था, उनसे भी जवाब-तलब होगा.इसलिए प्रदेश प्रभारी जल्द ही हर लोकसभा प्रभारी, जिलाध्यक्ष, चुनाव प्रभारी व कॉर्डिनेटरों के साथ बैठक करेंगे. मिली जानकारी के अनुसार इस चुनाव में मंत्रियों का रोल कुछ खास नहीं रहा. वे राष्ट्रीय नेताओं के साथ या फिर सीएम और कल्पन सोरेन के सभा ही नजर आए. कोई भी मंत्री लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सक्रिय नजर नहीं आया. यही हाल करीब-करीब प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारियों और बोर्ड-निगम के चेयरमैनों का भी रहा. सभी केवल समय-समय पर अपना चेहरा चमकाने में अधिक व्यस्त दिखे, कोई भी जमीनी स्तर पर उतरकर प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए अपने स्तर कोई प्रयास नहीं किया. प्रत्याशी जिला अध्यक्ष और खुद के भरोसे ही चुनाव लड़े. जो सपोर्ट या संसाधन प्रदेश नेतृत्व से मिलना चाहिए था, वही नहीं मिला.

### चतरा लोस सीट को लेकर उठ रहे हैं पीसीसी अध्यक्ष पर सवाल

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर सबसे अधिक सवाल चतरा लोकसभा को लेकर उठ रहे हैं. जो बातें सामने आ रही हैं, उसके अनुसार ठाकुर के जिद के कारण इस सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ी. जबकि अब यह बात सामने आ रहा हे कि यह सीट अगर राजद को दे दी जाती तो वह पलामू से अधिक सेव सीट होती है. क्योंकि भाजपा से गयी ममता भुईंया बीडी राम के आगे कमजोर कैंडिडेट मानी जा रही थीं. मगर प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर के चलते ही चतरा में खेला कर दिया गया. ऐसे व्यक्ति को टिकट दे दिया गया जिससे भाजपा की राह शुरू दिन से ही आसान होते चली गयी. दरअसल इसके पीछे की मूल वजह कालीचरण सिंह का प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का रिश्तेदार होना माना जा रहा है. तो क्या मान लिया जाए कि प्रदेश अध्यक्ष के रिश्तेदारी के कारण चतरा सीट को भेंट चढ़ा दी गयी. जिस दिन केएन त्रिपाठी को टिकट दिया गया, उस दिन से ही लोकल राजद इकाई उसके खिलाफ हो गया.

### जनाधार व मास नेता नहीं होना प्रदेश अध्यक्ष की राह में बड़ी कमी

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कभी भी ग्रास रूट कांग्रेसी नहीं रहे. राजेश ठाकुर 2000 में सक्रिय राजनीति में आए. उन्होंने एनसीपी से बोकारो से चुनाव लड़े, जहां उन्हें 1111 वोट आए. इसके बाद जब सुखदेव भगत प्रदेश अध्यक्ष बने तो इन्होंने कांग्रेस का दामन थामा. इसके बाद बहुत तेजी से वे उनका संगठन में प्रमोशन होते चला गया. तत्कालीन प्रभारी आरपीएन सिंह ने उन्हें मीडिया प्रभारी बनाया. इसके बाद जब डॉ रामेश्वर उरांव अध्यक्ष बने, तब उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया. अगस्त 2021 में तत्कालीन प्रभारी आरपीएन सिंह ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बना दिया. इनके प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए पार्टी देश का निर्णायक लोकसभा चुनाव लड़ी. मगर बोकारो के उनके गृह जिला की बूथ संख्या 198 पर केवल पार्टी को 59 मत प्राप्त हुए. यह अपने आप में काफी कुछ बयां कर रहा है.

## नेता प्रतिपक्ष ने सीएम चंपाई से मांगा इस्तीफा, कहा

# ठग विद्या में झामुमो माहिर

प्रमुख संवाददाता। रांची

*साप्ताहिक रूप से जेल जाकर हेमंत सोरेन के सामने हाजिरी लगाते हैं*



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंपाई सरकार पर निशाना साधा है. ट्वीट कर लिखा कि ठग विद्या और भ्रम फैलाने में पारंगत झामुमो - कांग्रेस - राजद सरकार का नया एजेंडा सुनिए, हेमंत सोरेन अपनी ही सरकार के जेल के अंदर खतरे में हैं झारखंड में सरकार किसकी है? फिर भी खतरा? मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद साप्ताहिक रूप से जेल जाकर हेमंत सोरेन के सामने हाजिरी लगाते हैं.

फिर भी खतरा? जेल को राज्य सरकार चलाती है या नहीं? गृह एवं कारा विभाग का प्रभार तो स्वयं मुख्यमंत्री जी के पास है! फिर भी खतरा? अगर सरकार में रहकर खुद के नेता के जान को खतरा है तो मुख्यमंत्री जी अपने पद से इस्तीफा दें और अगर यह कोई एजेंडा है तो झामुमो-कांग्रेस-राजद भ्रम फैलाने के लिए राज्य की जनता से माफी मांगे, चुनाव के पश्चात भाजपा सरकार में हेमंत सोरेन जी सुरक्षित रहेंगे. बताते चलें कि कल्पना सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में खतरा होने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट करके कहा था. कल्पना ने लिखा था कि जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टेन को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया, आज उसी तरह का जुल्म हेमंत सोरेन पर हो रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया पर फादर स्टेन स्वामी के साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की तस्वीर भी साझा की है.

# 30 से शुरू होगी दूसरे चरण की संविधान जागार जातरा यात्रा



संविधान जागार जातरा यात्रा की जानकारी देते सदस्यगण.

संवाददाता ।रांची

पश्चिमी सिंहभूम के सराईकेला खरसावां शहीद स्थल में संविधान जागार जातरा यात्रा की प्रथम वर्षगांठ खरसावां शहीद स्थल में मनाईं गई. संविधान सभा के सदस्य के गांव दोपई में एक सभा आयोजित की गई, जहां दिवंगत देवेन्द्र नाथ सामंथ के पोते महेश चंद्र मुंडा, सिंगरई मुंडा को संविधान की प्रस्तावना भेंट की गयी. संविधान जागर जातरा यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत संताल परगना के भोगनाडीह शहीद स्थल से शुरू की जायेगी. झारखंड संविधान जागर जातरा के सदस्य प्रबल महतो, प्रभाकर तिर्की, रतन तिर्की और सुरेश महतो ने बताया कि संविधान जागार जातरा यात्रा के सफलता पूर्वक संपन्न किया गया था. उन्होंने बताया 30 जून को हूल दिवस मनाया जाएगा. इसी दिन संताल परगना के भोगनाडीह से संविधान जागार जातरा यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत की जायेगी. मौके पर झारखंड आंदोलनकारी प्रबल महतो, सुरेश महतो, बिरसा तियू, गुरुचरण बांकिरा, सनातन कुंटिया, आशीष कुजूर, केपी सिंह सोय, बाबूराम, प्रेम सिंह हांसदा और मंगल सिंह कुम्हार समेत अन्य शामिल थे.

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25 छात्रों को मिलेगी छात्रवृति

# 26 तक कर सकते हैं पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन

प्रमुख संवाददाता। रांची

विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि अब 26 जून तय की है. इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई थी. आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय ने इसका आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड की ओर से आरक्षित वर्ग के छात्रों को जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय स्कॉलरशिप का लाभ दिया जाना है.

**25 छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के 10, एससी के पांच , पिछड़े वर्ग के सात और अल्पसंख्यक समुदाय के तीन यानि कुल 25 छात्रों को छात्रवृत्ति दी जायेगी. मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के तहत चयनित छात्रों को यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एनं नॉर्थेन आयरलैंड के लिए चयनित यूनिवर्सिटी, संस्थानों में उच्च शिक्षा का मौका मिलेगा.

**खास बातें**

- पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई थी
- आदिवासी कल्याण आयुक्त के ऑफिस का आदेश जारी



### नगड़ी सीओ के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा होगी

रांची। नौकरी के कागजात वेरिफाई कराने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ नगड़ी सीओ ने बदसलूकी की थी. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. मामले को लेकर रांची डीसी राहुल सिन्हा द्वारा सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ राज्य सरकार से कार्रवाई की अनुशंसा की किया जायेगी. जानकारी के मुताबिक, डीसी सोमवार को कार्रवाई की अनुशंसा करेंगे.युवक नीकू महतो ने बताया कि आद्रा रेल मंडल में चतुर्थ श्रेणी पद पर नौकरी लगी है. उसे 13 जून तक ज्वाइनिंग के लिए कैरेक्टर सर्टिफिकेट जमा करना है. इसे लेकर वह अंचल और प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगा रहा था. लेकिन अंचलकर्मी उसे टहला रहे थे. 29 मई को नीकू नगड़ी सीओ राकेश श्रीवास्तव से मिला. इस पर सीओ ने कहा कि वह पुलिस अधीक्षक से कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनवा कर लाये. उसके बाद ही उसके कागजात पर वह हस्ताक्षर करेंगे. निकू की मानें तो वह एसपी के यहां से कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनवा कर फिर से सीओ के पास पहुंचा.

# राज्य की जनता की भावनाओं के साथ हुआ सौदा : पुष्कर महतो

संवाददाता ।रांची

गिरिडीह लोकसभा से निर्वाचित चंद्र प्रकाश चौधरी को केंद्रीय मंत्री बनाने जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महत्व ने कहा कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं के साथ जबरदस्त सौदा हुआ है. इस सौदेबाजी में वर्ष 2013 में आज आजसू पार्टी द्वारा चलाए गए विशेष राज्य बनाने का आंदोलन एक मंत्री पद में बिक गया. उन्होंने कहा कि आज झारखंड के लिए सबसे दुख का दिन है कि झारखंड के लोगों को झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बड़ी से लेकर बहरागोड़ा तक एक आंदोलन किया गया था विशेष रेल सेवा रांची से दिल्ली तक चलाए गए थे, लोगों के भाव और भावनाओं के अनुरूप झारखंड को करने की परिकल्पना की गई थी. समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ दिलाने और झारखंड को दुनिया के उत्कृष्ट राज्यों के श्रेणी में लाने का सपना आजसू ने दिखाया था. आज सारे सपने सारे मुद्दे गौण हो गए. झारखंड के जनमानस के अरमां आंसुओं में बह गए. आज जरूर होगा कि कुछ लोग सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को मंत्री बनाए जाने पर खुशियां जरूर मानेंगे। लेकिन लाखों लोगों के दर्द सीने में दफन हो जाएंगे और आज के दिन को कभी भुला नहीं पाएंगे. देश और दुनिया के महान क्रांतिकारी में भगवान बिरसा मुंडा अबुआ दिशुम-अबुआ राइज के महानायक के शहादत का दिन भी है. आजसू पार्टी ने सारे नीति सिद्धांत को तिलांजलि देकर मंत्री पद की शपथ ली. आज भी वक्त है कि आजसू पार्टी की ओर से विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को पटल पर रखें. अपने आंदोलन के मुद्दे से भटके नहीं ,अभी लोहा गरम है आजसू पार्टी सियासी हथौड़ा मारने का काम करें, मुद्दा रहेगा तो आज तो पार्टी भी रहेगा नीति सिद्धांत से विमुख होकर लंबा रेस का घोड़ा कोई नहीं बन सकते हैं.

**कैदियों को सुविधा** हर दिन 666 लोग राज्य की जेलों में कैदियों से कर रहे हैं मुलाकात


# ई-प्रिजन पोर्टल के इस्तेमाल में झारखंड 9वें स्थान पर

सौरभ सिंह। रांची

भारत सरकार ने जेल में बंद कैदियों से मुलाकात के लिए ई-प्रिजन पोर्टल लॉन्च किया है. ई-प्रिसन पोर्टल के माध्यम से झारखंड में हर दिन 666 लोग जेल में बंद कैदी से मुलाकात कर रहे हैं. पिछले एक माह (9 मई से 9 जून तक) के दौरान राज्य के कुल 31 जेलों में बंद कैदियों से 19,995 लोगों ने मुलाकात की है. बता दें कि झारखंड में वर्तमान में कुल 31 जेल है, जिनमें सात सेंट्रल जेल, 16 मंडल कारा, सात उपकारा और एक ओपन जेल शामिल हैं. इन सभी जेलों में कुल 17647 कैदी बंद हैं.


### झारखंड में साल 2014 में लागू किया गया ई-प्रिजन पोर्टल

- ई-प्रिजन पोर्टल के जरिये कैदियों से मुलाकात
- उत्तर प्रदेश में ई-प्रिजन पोर्टल का सबसे ज्यादा हो रहा इस्तेमाल




एनआईसी ने ई-प्रिजन पोर्टल को विकसित किया और इसे दिसंबर 2014 में झारखंड में लागू किया. इस एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि झारखंड के कारा विभाग के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना. यह एप्लीकेशन बंदियों में सुधार, व्यापक पारदर्शिता और केंद्रीकृत डेटाबेस नियोजन व प्रबंधन, बंदियों की बेहतर दक्षता और जवाबदेही को बढ़ावा देता है. इस पोर्टल के माध्यम से जेल में बंद कैदी के परिवार के कोई भी सदस्य घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बात कर सकते हैं या जेल में फेस टू फेस मुलाकात करने के लिए भी ऑनलाइन इस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं.

### ई-प्रिजन पोर्टल के माध्यम से कैदियों से मुलाकात करने के मामले यूपी पहले स्थान पर



| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | : 184057 |
| बिहार | : 64734 |
| मध्य प्रदेश | : 56529 |
| महाराष्ट्र | : 53306 |
| दिल्ली | : 41711 |
| तमिलनाडु | : 28483 |
| पंजाब | : 25934 |
| राजस्थान | : 20720 |
| झारखंड | : 19995 |

### आज राष्ट्रीय बागवानी मिशन पर चैंबर में शिविर

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अहारी उप समिति ने सोमवार को दिन के 11 बजे से राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड योजना, कृषि विपणन अवसंरचना योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केंद्रीय योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, कृषि उद्योग राज्य नीति, कृषि निर्यात राज्य नीति जागरूकता एवं कार्यान्वयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री व अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य में कोल्ड स्टोर, कोल्ड रूम, राइपनिंग चेंबर, पैक हाउस, ग्रामीण क्षेत्र में गोदाम आदि की असीम संभावनाएं हैं.


क्लासिफाइड









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

रांची, सोमवार 10 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 62

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

# भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका त्याग और बलिदान से भरा जीवन राष्ट्र सेवा का अद्वितीय उदाहरण है. स्वतंत्रता संग्राम से बहुत पहले ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई में धरती आबा द्वारा दिखाया गया साहस और वीरता अनुकरणीय है. बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड में हुआ था.

राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किये गये पोस्ट में कहा, देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि दी. महान क्रांतिकारी, धरती आबा, जनजातीय गौरव, भगवान बिरसा मुंडा का त्यागमय जीवन राष्ट्र सेवा का अद्वितीय उदाहरण है. मातृभूमि की रक्षा के लिए उनका अटूट साहस और संघर्ष हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा. राधाकृष्णन ने राजभवन, बिरसा मुंडा स्मारक उद्यान व संग्रहालय, बिरसा चौक और कोकर स्मारक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की.

सीएम चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट में कहा, भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के साथ धरती आबा को नमन करने का सौभाग्य मिला. अंग्रेजों के जुल्म, शोषण व अत्याचार के विरुद्ध 'उलगुलान' करने वाले धरती आबा के आदर्श आनेवाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रभक्ति एवं अन्याय के खिलाफ संघर्ष की राह दिखाते रहेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा, ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को झकझोरने वाले, जल- जंगल- जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान करने वाले, हम सभी के आदर्श, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन. उन्होंने कहा, हमारी सरकार आपके आदर्शों और अबुआ दिशोम, अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रयासरत है. झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने भी भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि अर्पित की.


कल्पना सोरेन पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करती हुईं.

## ब्रीफ खबरें

### स्कूलों के संचालन का समय बदला

**रांची ।** अब तक झारखंड में गर्मी का सितम जारी है. इसे देखते राज्य के सभी स्कूलों के संचालन का समय बदला गया है. इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने रविवार को जारी किया, जो फिलहाल 15 जून तक प्रभावी रहेगा. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्रार/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा-8 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक संचालित था कक्षा-9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक संचालित किए जाने से सबंधित आदेश निर्गत किया गया है. राज्य में गर्मी के प्रभाव को देखते हुए उपरोक्त सभी कोटि के विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा- 12 तक की कक्षाएं 15 जून, 2024 तक सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी.

### कपाली में पति ने पत्नी को पीट कर किया घायल



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर से सटे कपाली थाना अंतर्गत तामुलिया शिव मंदिर के पास रहने वाली मलिका गोस्वामी को उसके पति राज गोस्वामी ने मारपीट कर घायल कर दिया. घायल अवस्था में मलिका थाने पहुंची. वहां से उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया. एमजीएम अस्पताल में मलिका का इलाज चल रहा है. जानकारी देते हुए मलिका ने बताया कि उसने अपने जीजा से पति को 20 हजार रुपये दिलवाए थे. जीजा कई दिनों से रुपये वापस मांग रहे थे, पर राज रुपये वापस नहीं कर रहा था. आज इसी बात को लेकर विवाद हो गया. इसके बाद राज ने उसे घर से घसीटकर बाहर निकाला और बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया.

## बड़ी मुसीबत: झारखंड के पांच लाख लोगों की रोजी रोटी पर हो जाएगी आफत

# आज से बालू उठाव पर लगी रोक

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में बालू घाटों से बालू के उठाव पर रोक लग जाने से पांच लाख से अधिक लोगों पर रोजी-रोटी की आफत हो जाएगी. घाटों से बालू उठाव से लेकर निर्माण कार्य तक में पांच लाख से अधिक लोग को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं. वहीं बालू घाटों का टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो पाई है. अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के अनुसार मॉनसून के दौरान 10 जून से 15 अक्तूबर तक बालू घाटों से बालू की निकासी नहीं होगी. ऐसे में अगले पांच माह तक बालू का उठाव नहीं हो पाएगा. इस बाबत खान विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्त और डीएमओ को आदेश जारी कर दिया है. इस आदेश में कहा गया है कि 10 जून से यदि किसी भी घाट से बालू की निकासी की जाती है, तो वह अवैध होगी. वहीं राज्य में बालू की कालाबाजारी चरम पर है. 40 से 45 हजार रुपए प्रति हाइवा की दर से बालू की अवैध रूप से बिक्री की जा रही है.

बालू उठाव पर रोक के कारण 10 हजार हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टर के पहिए भी थम जाएंगे. ऐसे में लगभग वाहनों के 20 से 22 हजार ड्राइवर खलासी के रोजगार पर भी असर पड़ेगा. बालू उठाव से लेकर निर्माण कार्य में ग्रामीण इलाकों से आने वाले 60 फीसदी लोग जुड़े हुए हैं. ऐसे में इन पर रोजगार का संकट उत्पन्न हो जाएगा. निर्माण कार्य से जुड़े अन्य सेक्टरों जिसमें ईंट, सीमेंट, छड़, सेनेटरी, रंग रोगन, इलेक्ट्रिसिटी पर भी असर पड़ेगा. इन सेक्टरों में भी बिक्री में 70 फीसदी तक की कमी आ सकती है.

**■ थम जाएंगे बालू उठाव में लगे 10 हजार हाइवा. ट्रक और ट्रैक्टरों के पहिए**



- **एनजीटी ने जारी किया सभी जिला उपायुक्तों के आदेश, पांच महीने तक ठप रहेगा कारोबार**
- ग्रामीण क्षेत्रों के 60 फीसदी लोग जुड़े हैं निर्माण कार्य से
- **राज्यभर में चल रही परियोजनाओं में हर माह 60 करोड़ के बालू की होती है खपत**

### हर महीने 60 करोड़ के बालू की खपत

राज्य में चल रही परियोजनाओं में हर महाने आपूर्तिकर्ताओं द्वारा हर माह लगभग 60 करोड़ के बालू, 50 करोड़ के चिप्स और लगभग 100 करोड़ के ईंट की सप्लाई की जाती है. इसका आधार 4 :3 :1 (चार कड़ाही बालू. तीन कड़ाही चिप्स और एक कड़ाही सीमेंट) माना गया है. बालू की कमी से राज्य में सरकारी योजनाओं के साथ-साथ रियल एस्टेट प्रभावित होगा. राज्य में इन दिनों लगभग दो हजार सरकारी योजनाएं और हजारों रियल एस्टेट सेक्टर में काम चल रहा है, जो तत्काल प्रभाव से प्रभावित हो जाएंगे. बिल्डर एसोसिएशन की मानें तो राज्य में राज्य में रियल एस्टेट सेक्टर में काम ही ठप्प है.

### बालू घाट को लेकर अब तक क्या हुआ

- राज्यभर के 444 बालू घाटों में 130 के माइंस डेवलपर ऑपरेटर की कर ली गई है नियुक्ति
- 242 एमडीओ के चयन की अंतिम प्रक्रिया कर ली गई है पूरी
- 116 घाटों का माइनिंग प्लान डीएमओ द्वारा कर लिए गए हैं मंजूर
- राज्यभर में 13 बालू घाटों को स्टेट इनवायरमेंट इंपेक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) से मिल गई है पर्यावरण स्वीकृति.
- रांची जिले में 14 स्टॉकिस्ट लाइसेंस जारी किये गये हैं. जिसमें सोनाहातू में पांच को लाइसेंस दिया गया है. यहां हेतमसरिया प्लास्टिक लिमिटेड को दो, एवरग्रीन इंटरप्राइजेज, भूतनाथ महतो व एसएस इंटरप्राइजेज को एक-एक स्टॉकिस्ट लाइसेंस मिला है. इसके अलावा बुंडू में चार, बुढ़मू में तीन व सिल्ली तथा नगड़ी में एक-एक को लाइसेंस मिला है. जिनके द्वारा बालू का स्टॉक किया जा रहा है.
- रांची में 19 बालू घाटों में से 18 बालों घाटों के लिए टेंडर कर माइंस डेवलपर ऑपरेटर की कर ली गई है नियुक्ति
- 75 अन्य घाटों के माइनिंग प्लान मंजूरी के लिए डीएमओ के पास भेजा गया है
- 41 घाटों का मामला पेंडिंग है

### इन घाटों को मिली है पर्यावरण स्वीकृति

- घाट-जिला-एरिया (हेक्टेयर में) बांसेहार-जामताड़ा-4 .91
- अमलाचाता-जामताड़ा-3 .42 हरीपुर-दुमका-2 .39
- बानकाटा-पूर्वी सिंहभूम-4 .40 नोर्थ कोयर-गढ़वा-4 .38
- कांकेर खुर्द-पलामू-4 .08 चोकेरसारंग-3 .50
- सुंडील-रांची-4 .00 सिरसा-दुमका-1.65
- बरमसिया-दुमका-3 .65 नौरांगी-दुमका-3 .65
- कटानई-दुमका-4 .95

## हफ्ताभर पहले रवि गंझू पर रखा गया है 10 लाख का इनाम

# माओवादी कमांडर रवि गंझू को पुलिस ने किया गिरफ्तार


माओवादी रवि गंझू की गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी.

**संवाददाता। रांची**

गुमला पुलिस ने भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर रवि गंझू को गिरफ्तार किया. उसके ऊपर झारखंड पुलिस के द्वारा सप्ताह भर पहले ही दस लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था. रवि के अलावा कुंदन खेरवार और पकांडे होनहाना के खिलाफ भी दस लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है. गिरफ्तार नक्सली रवि गंझू चतरा टंडवा क्षेत्र में सक्रिय था. शुक्रवार को अपने दस्ते के साथ गुमला क्षेत्र में पहुंचा था. इस दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिल गई. इसके बाद गुमला पुलिस ने घेराबंदी कर रवि गंझू को दबोचा. हालांकि इस दौरान दस्ता में शामिल अन्य माओवादी भागने में सफल रहे.

### दुबारा सक्रिय होने में जुटा है रविंद्र गंझू

गुमला में पिछले साल माओवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी. जिसमें पांच लाख रुपये का इनामी माओवादी कमांडर लाजिम अंसारी और जोनल कमांडर बुद्धेश्वर उरांव को मार गिराया गया था. उसके बाद गुमला में माओवादी बैकफुट पर आ गए थे. हालांकि रविंद्र गंझू का दास्ता क्षेत्र में सक्रिय होकर बीच-बीच में छिटपुट घटनाओं को अंजाम दे रहा था. इस कारण रवि गंझू की गिरफ्तारी गुमला पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है. गिरफ्तार माओवादी से पूछताछ में अहम जानकारी मिलने की संभावना है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी.

## गर्मी की छुट्टी में भी बच्चे सामूहिक रूप से कर रहे पढ़ाई

# सारंडा के बहदा में सोलर लाइट में पढ़ते हैं बच्चे

**संवाददाता । किरीबुरु**

नक्सल प्रभावित सारंडा के सुदूरवर्ती बहदा गांव के बच्चों का झुकाव शिक्षा के क्षेत्र में होना ग्रामीणों को काफी सुकुन दे रहा है. मई माह से गांव के स्कूल में गर्मी की छुट्टी है. इसके बावजूद गांव के दर्जनों बच्चे रात में सोलर स्ट्रीट लाइट के नीचे बैठकर सामूहिक रुप से पढ़ते नजर आते हैं. उक्त सोलर स्ट्रीट लाइट टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से गांव के कामेश्वर माझी के घर के पास लगाया गया है. इसका पूरा लाभ शिक्षा के लिए ग्रामीण बच्चे ले रहे हैं.


रात में सोलर स्ट्रीट लाईट के नीचे पढ़ते बहदा गांव के बच्चे.

उल्लेखनीय है कि पहले इस गांव के बच्चे गांव में स्कूल होने के बावजूद पूरे वर्षांत व गर्मी छुट्टी के दौरान शिक्षा से वंचित रहते थे. मुख्य सड़क से बहदा गांव तक जाने हेतु सड़क नहीं था, जिस कारण वर्षांत में शिक्षक कीचड़ व दलदल भरी ग्रामीण सड़क व नाला में पानी भरे होने की वजह से नहीं आ पाते थे. आज इस गांव में जाने हेतु सड़क व पुलिया का निर्माण जारी है.

## आदित्यपुर में प्रेमिका के भाई ने बातचीत के लिए प्रेमी को घर बुलाया, फिर हुई वारदात

# सीने में चाकू घोंप कर हत्या की

- हत्या के बाद पूरा परिवार फरार, पुलिस तलाश में कर रही छापेमारी

**संवाददाता। आदित्यपुर/ जमशेदपुर**

सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत सतबोहनी जमालपुर में प्रेम प्रसंग में एक युवक की हत्या कर दी गई. प्रेमिका के भाई ने प्रेमी और उसके परिजनों को बातचीत के लिए घर बुलाया जहां प्रेमी की चाकू मारकर हत्या कर दी. प्रेमी के घर वाले भी इस घटना में घायल हुए. मृतक कुलदीप कुमार (18 वर्ष) गम्हरिया दुर्गा पूजा मैदान का रहने वाला था. घटना के बाद घायलों को टीएमएच पहुंचाया गया. प्रेमिका के घर वाले फरार हो गए हैं. घायलों में कुलदीप की मां अनिता देवी, जितेन शर्मा, सुभाशीष डे, अनिल ठाकुर और सुनील ठाकुर शामिल हैं. सभी का इलाज टीएमएच जमशेदपुर में चल रहा है.


फाइल फोटो

घटना के संबंध में घायल अनिल ठाकुर ने बताया कि प्रेमिका का भाई राजा राजपूत दोपहर को घर आया और बातचीत करने के लिए अपने घर पर बुलाया. बातचीत के लिए कुलदीप, उसके माता-पिता समेत अन्य लोग राजा के घर पहुंचे. राजा पहले से ही अपने घर के बाहर अपने साथी अमरजीत सिंह और दो अन्य के साथ खड़ा था. घर के बाहर ही राजा ने हमला शुरू कर दिया.

## अभियान | गृह सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने तैयार की कार्ययोजना

# शहर से लेकर गांव तक चलेगा नशा विरोधी अभियान

- 19 से 26 जून तक शहर-गांव, स्कूल, पर्यटन स्थल से लेकर वन क्षेत्रों में चलेगा अभियान

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने नशा विरोधी अभियान की कार्ययोजना तैयार कर ली है. गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने इसकी कार्ययोजना तैयार की है. यह अभियान पूरे प्रदेश में 19 से 26 जून तक चलेगा. इस अभियान के तहत लोगों से नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने और इसे छोड़ने की अपील की जाएगी. इस अभियान के लिए कई विभागों को भी जिम्मेवारी सौंपी गई है.



**अभियान में आम लोगों की भी होगी सहभागिता :** इस अभियान में आम लोगों की भी सहभागिता होगी. इस अभियान के तहत गांव-शहर, स्कूल, पर्यटन स्थल से लेकर वन क्षेत्र तक की आबादी को कवर किया जाएगा. महिला बाल विकास विभाग की इसमें अहम भूमिका होगी. 11 जून तक इस कार्यक्रम के लिए संबंधित विभागों व जिला को प्रचार सामग्री उपलब्ध करा दिया जायेगा.

### 19 जून को राज्यभर में लगाया जाएगा चौपाल

19 जून को पूरे राज्य में ग्राम स्तर पर चौपाल लगाया जायेगा, जिसके सफल संचालन के लिए ग्रामीण विकास विभाग की संस्था जेएसएलपीएस, एसएचजी ग्रुप, झारखंड फॉरेस्ट मैनेजमेंट कमेटी, पंचायती राज संस्थाएं कार्य करेंगी. 20 जून को जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम व कार्यशाला किया जाएगा. जिला प्रशासन इस पर सहयोग करेगा. 21 जून को प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. 23 व 24 जून को हाट-बाजार आदि में जागरूकता कार्यक्रम होगा. इसके लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहयोग करेगा. प्रत्येक जिले में 5 से 6 अधिकारी को विशेष रूप से इस कार्य के लिए प्राधिकृत किया जाएगा.

• **सूचना जनसंपर्क विभाग का भी अहम रोल :** सूचना जनसंपर्क विभाग भी 11 जून तक एवी, रेडियो जिंगल्स, शार्ट फिल्म, पोस्टर, पंपलेट्स इत्यादि उपलब्ध करायेगा. स्कूली शिक्षा विभाग कार्यक्रम की सफलता के लिए 12 व 13 जून को रांची में एक कार्यशाला भी आयोजित कर रही है, जिसमें सभी डीईओ व डीएसई शामिल होंगे. 13 व 14 जून के वर्कशॉप में एनसीसी व एनएसएस के सदस्य को भी इसमें शामिल किया जायेगा.

### ये कार्यक्रम भी होंगे

- 16 जून 2024 से 23 जून तक लगातार सभी नगर निकायों में अपशिष्ट संग्रहण गाड़ियों में ध्वनि विस्तारक यंत्र की सहायता से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी प्रसारित की जाएगी.
- 23 जून को एनयूएलएम, डीएनयूएलएम योजना के स्वयं सेवा समहू के सहयोग से मानव श्रृखंला बनाकर तथा अन्य साधनों से सभी नगर निकायों में मादक पदार्थो के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाई जाएगी.
- 24 जून को सभी नगर निकायों के पार्क, सेल्फी प्वाइंट, पोस्टर बैनर आदि के माध्यम से जागरूकता प्रचार-प्रसार किया जाएगा.

## राज्य सरकार पर योजना को नहीं रोकने का लगाया आरोप

# कुजू डैम आदिवासी-मूलवासियों के अधिकारों को छीन रहा : बुड़ीउली

**संवाददाता। चाईबासा**

राजनगर प्रखंड अंतर्गत कुजू पंचायत के मौजा बंदोडीह में ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान के बैनर तले अध्यक्ष वीर सिंह बुड़ीउली की अध्यक्षता में रविवार को जन जागरण सह जनांदोलन चलाया गया.शुभारंभ भगवान वीर शहीद बिरसा मुंडा की 105वीं शहादत दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया. वीर शहीद धरती आबा के बलिदान को नमन कर उनके राह पर चलते हुए ईचा डैम को निरस्त करने का संघ ने संकल्प लिया. डैम से झारखंड और ओडिशा के आदिवासी और मूलवासी विस्थापित हो जाएंगे. सचिव सुरेश सोय और उपाध्यक्ष रेयांस सामड ने भी सभा को संबोधित किया. आने वाले भविष्य में डैम आंदोलन की लड़ाई में तन मन और धन से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई. जनांदोलन में मुख्य रूप से सचिव सुरेश सोय उपाध्याक्ष रेयांस सामड, सह संयोजक योगेश कालुंडिया, मीडिया सचिव रविंद्र अल्डा, सह कोषाध्यक्ष बिरसा गोडसोरा, मनसा बोदरा, सुनील बाड़ा, दुलु अल्डा, सरिता आदि आंदोलनकारी और खुटंकट्टी रैयतगण आदि उपस्थित थे.


बैठक में शामिल ग्रामीण.

▼ ब्रीफ खबरें

### सांसद की पत्नी ने मृतक परिजनों को दी सांत्वना

**पांकी (पलामू)।** चतरा लोस क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह की धर्म पत्नी जयवंती सिंह रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मृतक सोनू कुमार के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जायजा ली साथ ही कहा कि पांकी पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करें. परिजनों का आरोप है कि सोनू की हत्या की गई. उधर पांकी के कोनवाई निवासी बृज सिंह के पुत्र संगम सिंह को विगत दिनों रांची में सडक़ हादसे में मौत होने की घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढस बढाया वहीं आर्थिक मदद की. मौके पर मौके पर भाजपा के कुंदन सिंह, रीना शर्मा उपस्थित थे .

### कोयल नदी से 24 घंटे बाद मिला युवक का शव

**मोहम्मदगंज/पलामू :** थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमचूल्हा शिव मंदिर के समीप कोयल नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबा युवक का शव 24 घंटा बाद स्वतः पानी में तैरते देखा गया. स्थानीय गोता खोरों ने शनिवार को लगातार छह घंटे तक खोज बिन के दौरान शव नहीं मिल सका था. इसके बाद हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने एनडी आर एफ की टीम को बुलाया . एनडीआरएफ की टीम को दो बजे दिन तक मोहम्मदगंज कोयल नदी तट पर पहुंचने की सूचना दी.

### जिला स्तरीय रेफरी व कोच सेमिनार परीक्षा संपन्न

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक 09जून 2024 को जीएलए कॉलेज ऐथलेटिक्स स्टेडियम में जिला स्तरीय खो खो रेफरी कोच का सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन किया गया . सेमिनार में पलामू जिला के लगभग 20 रेफरी एवं कोच प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए . सेमिनार का प्रारंभ पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे के संबोधन से हुआ. सेमिनार और रेफरी के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी.

### 15 जून तक स्कूल 11:30 बजे तक

**मेदिनीनगर ।** जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी, गैर सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से लेकर 12वीं तक 15 जून तक सुबह सात बजे से लेकर पूर्वाह्न 11:30 तक संचालित किया जाएगा. इस संबंध में सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने आदेश जारी कर कहा है कि पूर्व में सभी कोटि के विद्यालय केजी से कक्षा 8 तक सुबह सात से 11::30 बजे तक व कक्षा 9 से ऊपर की क्लास सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक संचालित किए जाने का आदेश निर्गत किया गया था. लेकिन गर्मी के प्रभाव को देखते हुए 11::30 बजे तक 15 जून तक संचालित किया जाएगा.

### बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें यादव किया. उपायुक्त ने शहर के पहाड़पुरी स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्थापित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी. मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, गोपनीय शाखा के विशेष पदाधिकारी श्रेयांस रंजन के अलावा नगर पंचायत के क्षेत्र पर्यवेक्षक रंधीर कपूर व राजू प्रसाद आदि मौजूद थे. उपायुक्त ने कहा कि देश की आजादी संग्राम के बिरसा मुंडा के योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता है.

## अवैध परिवहन से सरकार को हर माह करोड़ों का चूना लगा रहे हैं पत्थर माफिया

# पलामू में पत्थर माफिया हीरो, पुलिस-प्रशासन जीरो

**अरूण कुमार सिंह। मेदिनीनगर**

जिले में पत्थर माफिया पुलिस और प्रशासन पर हमेशा भारी रहे हैं . यहां के पत्थर माफिया अवैध परिवहन से सरकार को हर माह करोड़ों रूपयों का चूना लगा रहे हैं . विभागीय अधिकारी ने इस बावत चुप्पी साध ली है .

हुसैनाबाद के पूर्व एसडीओ ने अवैध परिवहन के जरिये हो रहे करोड़ों की चोरी का मामला जिला टास्क फोर्स की बैठक में उठाया था . पूर्व छतरपुर एसडीओ ने भी इस बावत सरकार को लिखा था . लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हुई . इस बावत जब जिला परिवहन पदाधिकारी से जब पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली .पलामू जिले में फिलवक्त 57 वैध पत्थर माईंस हैं .

100 टन का चालान का सरकारी दर 720 रुपये है . पलामू में प्रतिदिन लगभग एक हजार हाइवा का परिचालन पत्थर और छर्री ढोने में किया जाता है. 100 सीएफटी के चालान के लिए 730 रुपया का चालान लगता है, जिसका जीएसटी के साथ 920 रुपया सरकार को देय होता है. इस आधार पर प्रति हाईवा 200 सीएफटी के राजस्व की न्यूनतम चोरी हो रही है . अर्थात हर दिन एक हजार गाड़ियों के परिवहन से 1.84 लाख रुपए के सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है. शायद ही किसी जिले में इतने राजस्व की चोरी प्रतिदिन होती होगी ! ऐसा वर्षों से हो रहा है.



एनएच पर पत्थरों से लोड ट्रक हाइवा.

### एक ही चालान पर होता है कई-कई ट्रिप ढुलाई

खनन, परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से पलामू जिला में पत्थरों का अवैध उत्खनन और परिवहन जोरों पर है . इस पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर बनायी गयी टास्क फोर्स साल में एक–दो कार्रवाई करके खानापूर्ति कर लेती है . पत्थर माफियाओं द्वारा जिले के पांकी, मनातू, चैनपुर, छतरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज, पांडू प्रखंड में बड़े पैमाने पर जंगलों के पहाड़ों से पत्थर तोड़कर वैध / अवैध क्रशर प्लांट में ट्रैक्टर से पहुंचाया जाता है . रास्ते में जांच होने पर पत्थर माफिया द्वारा खनन विभाग द्वारा आवंटित माइंस एरिया का कागज दिखा दिया जाता है .

### पलामू में गजब का वर्चस्व है पत्थर माफियाओं का

पलामू जिले में पत्थर माफियाओं का गजब का वर्चस्व है . शायद यही कारण है कि राज्य के दूसरे बड़े इलाके में अवैध खनन की बावत ईडी ने भी नोटिस नहीं लिया है ! शायद पत्थर माफियाओं के इसी वर्चस्व की वजहों से अब तक इनके गैरकानूनी हरकतों के खिलाफ न तो विभाग कार्रवाई करता है और न ही नेता बोलते हैं . हद तो यह है कि एक स्वनामधन्य पर्यावरणविद, जिन्हें सरकार तक पुरस्कृत कर चुकी है, वे भी अपने ही इलाके में हो रहे इस काले कारोबार पर चुप्पी साध लेते हैं . यही नहीं, एक बार अवैध खनन पर अचानक मुखर और फिर अचानक मौन हो चुकी विधानसभा समिति की हरकत पलामू वासियों ने देखा समझा है .

## न्यूज अपडेट

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



ट्रक जब्त

**लातेहार।** मनिका पुलिस प्रशासन ने रविवार की तड़के सुबह करीब चार बजे थाना क्षेत्र के बंदूआ मोड़ के पास एक ट्रक जब्त किया है. ट्रक में अवैध कोयला लदा था. पुलिस के द्वारा कोयला का कागजात मांगे जाने पर ट्रक चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. पुलिस ने ट्रक चालक सुभाष खरवार को मौके पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. ट्रक अभय कुमार सिंह का बताया जाता है. मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि ट्रक में लदा अवैध कोयला ललू प्रसाद यादव के ईंट भठ्ठा में भेजा जा रहा था. इस कारण वाहन मालिक व ईंट भठ्ठा मालिक पर मामला दर्ज किया गया है.

### ओवरब्रिज की मांग को ले ज्ञापन सौंपेगी माकपा



अयूब खान

**लातेहार।** माकपा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आगामी 12 जून को खून से लिखा एक ज्ञापन उपायुक्त, लातेहार को सौंपेगा. ज्ञापन में चंदवा के टोरी रेल क्रासिंग के पास (एनएच-99) फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की जायेगी. पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह व वरिष्ठ नेता अयूब खान ने इस आशय का एक एक प्रेस बयान जारी किया है. उन्होने बताया कि इससे पहले समाहरणालय के पास नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक सभा का आयोजन किया जायेगा. नेताओं ने बताया कि तीन अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने टोरी में आरओबी का ऑनलाइन शिलान्यास किया था. लेकिन एनएच विभाग की लापरवाही के कारण आज तक निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ.

### गर्मी के कारण लातेहार में स्कूलों का समय बदला



प्राचार्य तृप्ती भारती

**लातेहार।** राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी व लू के कारण विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है. जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय की प्राचार्य तृप्ती भारती ने बताया कि विद्यालय आगामी 15 जून तक प्रातः सात बजे से 11.30 बजे तक संचालित की जायेगी. बता दें कि माध्यमिक शिक्षक संघ, लातेहार के अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने भी पड़ रही प्रचंड गरमी व लू के कारण विद्यालय के समय में बदलाव की मांग की थी. उन्होने कहा था कि विद्यालय सुबह सात से अपराह्न एक बजे तक संचालित होने की वजह से छात्रों को इस गरमी व लू में घर जाने में परेशानी हो रही थी.

### पलामू में लगाये जाएंगे 21 हजार पौधे: श्याम



श्याम अग्रवाल

**लातेहार।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत ने इस वर्ष बरसात के मौसम में पलामू विभाग को 21 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है. इस आशय की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के लातेहार जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने दी. उन्होंने बताया कि लातेहार जिले में पांच हजार से अधिक पौधे लगाये जायेगें. उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण असंतुलित होने के कारण कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा पड़ रहा है. गरमी अपने सबसे उच्चे स्तर तक पहुंच गयी है. आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से चिंतित है. जिस अनुपात में पेड़ों की कटाई की जा रही है, उस अनुपात में पेड़ लगाये नहीं जा रहे हैं. इस कारण संतुलन बिगड़ गया है. उन्होंने जन्म दिन या शादी की सालगिरह जैसे मौकों पर पौधे लगाने की अपील आम लोगों से की. कहा कि ऐसा कर हम धरती को बचा सकते हैं. धरती की हरियाली को बचा सकते हैं. अगर धरती में जंगल और पानी नहीं होगें तो मानव तो क्या पशु-पक्षिओं का भी जीव नहीं होगा.

### भवनाथपुर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



उद्घाटन करते एसपी व अन्य

**भवनाथपुर।** युवा शक्ति कॉस्को नाइट क्रिकेट क्लब भवनाथपुर के तत्वावधान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने फीता काटकर किया. इसके बाद खेल की शुरूआत पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने बॉलिंग कर व एसपी ने बैटिंग कर किया. उद्घाटन मैच यूपी की दुद्धी क्रिकेट टीम एवं झारखंड के जंगीपुर नगर के बीच खेला गया. जिसमें दुद्धी की टीम 31 रन से विजयी हुई. प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दुद्धी टीम के मुकेश कुमार को दिया गया.मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि खेल भावना से खेल खेलें और अच्छे वातावरण में खेल का समापन करें. बीडीओ नंदजी राम ने खेल के आयोजकों को बधाई दी और सफलतापूर्वक अच्छे वातावरण में खेलने का आह्वान किया. इस दौरान प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला पार्षद धर्मराज पासवान, पूर्व सूत्री अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम आदि ने भी संबोधित किया.

### साढ़े पांच किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार



जानकारी देते पुलिस अधिकारी.

**लातेहार।** पुलिस ने अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी. गुप्त सूचना की सत्यापन के बाद एक टीम गठित कर सुभाष चौके के बस स्टैंड पास छापामारी की गयी. इस छापामारी में पुलिस ने एक तस्कर राजकुमार उरांव को गिरफ्तार किया गया. उसने अपना पता चतरा जिले के लावालौंग के कोलकोले गांव बताया. उसके पास से काल व सफेद रंग के कुल छह पैकेट में 5.657 किलोग्राम अफीम बरामद किया गया.

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो फरार



घटनास्थल पर पड़ा शव व ट्रक जो कुचला है

**लातेहार।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी. युवक की शिनाख्त शहर के राजहार ग्राम निवासी सोहन भुईयां के पुत्र सुनील भुईयां के रूप में की गयी है. घटना रविवार की अपराह्न तकरीबन चार बजे की है. जानकारी के अनुसार एक बाइक में सवार सुनील भुईयां व अन्य दो युवक नवरंग चौक से रेलवे क्रासिंग की ओर जा रहे थे. इसी क्रम में उनकी बाईक विपरित दिशा से आ रही एक हाइवा (जेएच-81इडब्ल्यू-4814) की चपेट में आ गयी. मौके पर ही सुनील भुईयां की मौत हो गयी.

## झामुमो ने मनाया बिरसा मुंडा का 122वां शहादत दिवस, दी श्रद्धांजलि

# लोगों ने बिरसा के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



श्रद्धांजलि अर्पित करते झामुमो कार्यकर्ता



बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

**संवाददाता । गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति गढ़वा के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 122वीं शहादत दिवस मनायी गयी. शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया.

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयास से गढ़वा में बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण कर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई है. वक्ताओं ने बिरसा मुंडा की जीवनी एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला. साथ ही लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने एवं उनके विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. मौके पर जिला अध्यक्ष, तनवीर आलम खान, सचिव, मनोज ठाकुर, केन्द्रीय सदस्य, शरीफ अंसारी, जिला संगठन सचिव, करीब अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष, संजय सिंह उर्फ छोटू, रीता देवी, परशु राम कुशवाहा, अजय यादव, परशु राम, अखिलेश कुमार तिवारी, सुरेन्द्र गोस्वामी एवं सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे.

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयास से गढ़वा में बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण कर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई है. वक्ताओं ने बिरसा मुंडा की जीवनी एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला. साथ ही लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने एवं उनके विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. मौके पर जिला अध्यक्ष, तनवीर आलम खान, सचिव, मनोज ठाकुर, केन्द्रीय सदस्य, शरीफ अंसारी, जिला संगठन सचिव, करीब अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष, संजय सिंह उर्फ छोटू, रीता देवी, परशु राम कुशवाहा, अजय यादव, परशु राम, अखिलेश कुमार तिवारी, सुरेन्द्र गोस्वामी एवं सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे.

### पलामू में बिरसा मुंडा की शहादत को किया गया याद

**मेदिनीनगर ।** इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, अखिल भारतीय किसान सभा एवं जन संग्राम मोर्चा के द्वारा संयुक्त रूप से बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. केडी सिंह, युगल पाल, सुरेश सिंह, गोविंद प्रसाद, अभय मिश्र ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया एवं उपस्थित तमाम लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की. माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने कहा कि

- आज तक नहीं बन पाया है बिरसा के सपनों का झारखंड :केडी सिंह

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बिरसा मुंडा ने जिन झारखंड वासियों के हक और अधिकार के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया था, आज भी वह समुदाय दतवन बेच रहा है या फिर बेच रही है. जब तक जल जंगल जमीन पर उनका अधिकार नहीं होगा तब तक बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड नहीं बन पाएगा.

जन संग्राम मोर्चा के युगल पाल ने कहा कि बिरसा मुंडा की शहादत जिन मूल्यों के लिए हुआ है उन मूल्यों के हिफाजत के लिए आज भी संघर्ष को जारी रखना होगा. इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने बिरसा मुंडा के उलगुलान को याद करते हुए सामूहिक रूप से हक की लड़ाई गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम के अंत में इप्टा के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने बिरसा मुंडा के संघर्षों को याद करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया और कार्यक्रम का समापन की घोषणा की.

मौके पर उपेंद्र कुमार मिश्रा, राजीव रंजन, गोविंद प्रसाद, संजीव कुमार संजू, अभय मिश्रा, भोला, सौरभ कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, भूपेश कुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### गजलों का संग्रह चांद उतरता है का होगा विमोचन : नुदरत नवाज

**मेदिनीनगर ।** प्रगतिशील लेखक संघ पलामू की बैठक शिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई. उक्त बैठक का आयोजन लोकप्रिय शायर डॉ शोएब राही के निवास स्थान पर आयोजित की गई थी. बैठक में पिछले कार्यों की रिपोर्टिंग एवं भावी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया गया. भावी कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि 23 जून को सूफी शायर मौलाना मोहम्मद अयुब शमीम नदवी शहसरामी द्वारा लिखित पुस्तक " चांद उतरता है " का विमोचन एवं मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन किया जाए.यहां बता दें कि मौलाना मोहम्मद अयुब शमीम नदवी शहसरामी सन 1938 में गिरवर उच्च विद्यालय के हेड मौलवी के रूप में नियुक्त किए गए थे. उनका जन्म सासाराम में हुआ था. गिरवर उच्च विद्यालय में हेड मौलवी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पलामू के ही होकर रह गए. उन्होंने उर्दू साहित्य को एक नई ऊंचाई प्रदान की है. इस कार्यक्रम में आयोजित मुशायरा में झारखंड के अलावे अन्य प्रांत के शायर और कई कवि उपस्थित होंगे.

### टीपीएल नाईट क्रिकेट शुरू

**लातेहार।** टीपीएल (टोंगरी प्रिमियर लीग) नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन शहर के पॉलिटेक्निक रोड में पावर ग्रीड के बगल में टोंगरी मैदान में नौ जून से प्रारंभ किया गया है. प्रतियोगिता में विजेता टीम को 35 हजार रुपये व ट्राफी व उप विजेता को 21 हजार दिया जायेगा. जबकि मैन ऑफ द सीरीज को 11 सौ रुपये बतौर पुरस्कार दिया जायेगा. टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 31 सौ रुपये इंट्री फी निर्धारित किया गया है. अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7485868788 पर संपर्क किया जा सकता है.

### डीसी ने विभिन्न जन कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक की

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, अबुआ आवास योजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ विभाग, स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग, कृषि विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की. समीक्षा के क्रम में प्रखण्डवार किये गये कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यों को निश्चित समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों



का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के अलावे जिनका भी प्रथम या द्वितीय क़िस्त का भुगतान नहीं हुआ है, उन सभी लाभुकों को किस्त भुगतान करने के निर्देश दिये .

**जाति प्रमाण पत्र, केसीसी व म्युटेशन पेंडिंग नहीं रखने के निर्देश :** बैठक में डीसी ने सभी सीओ को उनके लॉगिन में पड़े सभी जाति प्रमाण पत्रों को ससमय छोड़ने की बात कही.उन्होंने कहा कि इस हेतु शिक्षा विभाग संग बेहतर समन्वय स्थापित करने की ज़रूरत है.

### रेल नेटवर्क बहाल करना प्राथमिकता : सिंह

**आशीष टैगोर । लातेहार**

- खेतों में पानी का भी अभाव हैपेजयल की भी समस्या

भाजपा के नव निर्वाचित चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी चतरा में रेल नेटवर्क नहीं बिछ सका है. चतरा में रेल नेटवर्क बहाल करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है. सांसद श्री सिंह एक टीवी चैनल में बात कर रहे थे. उन्होने कहा कि बिहार के गया जिले के सीमात तक रेल लाइन बिछाया गया है, लेकिन उसके बाद चतरा तक नहीं पहुंच सकी है. अपनी प्राथमिकताओं को गिनाते हुए उन्होने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में दो डैम अधूरे पड़े हैं. उन्हें पूरा करा कर खेतों में पानी पहुंचाने की दिशा में वे प्रयास करेगें. उन्होने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के किसान बहुल क्षेत्र



है, खेतों में पानी का अभाव है. इन डैम के पूरा होने से लोगों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा. उन्होने क्षेत्र में पेयजल की समस्या भी गिनाया.

**सीएम रहते खनन पट्टा अपने नाम करना गलत :** पूछे जाने पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते झारखंड में खनन पट्टा अपने नाम किया, इसके बाद भ्रष्टाचार को ले कर कहने को क्या रह जाता है. इसी कारण उन पर शिकंजा कसा है. इसमें भाजपा का कोई रोल नहीं है. भाजपा संगठन स्वभाविक रूप से अपना काम करती है.

#### पहली बार सासंद बने हैं कालीचरण सिंह

बता दें कि कालीचरण सिंह पहली बार सांसद चुने गये हैं . इससे पहले दो टर्म भाजपा के सुनील सिंह सांसद थे . लेकिन इस बार संगठन ने उन्हें मौका दिया और उन्होने कांग्रेस के केएन त्रिपाठी को हराया और संसद तक सफर तय किया . ज्ञात हो कि कालीचरण सिंह चतरा संसदीय क्षेत्र के पहले स्थानीय सांसद हैं . इसके पहले जितने भी सांसद हुए सभी चतरा संसदीय क्षेत्र से बाहर के थे .

**सम्मान समारोह** | अंजुमन फरोग-ए-उर्दू का कॅरियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन

# उर्दू के विकास के लिए अंजुमन प्रयासरत: डॉ इकबाल

#### खास बातें

- इल्म के जरिये सिफर से शिखर तक पहुंचा जा सकता है
- उर्दू के विकास के लिए अंजुमन-फरोग-ए उर्दू प्रयासरत है

**कमरुल आरफी । बालूमाथ (लातेहार)**

बालूमाथ के डॉ इक़बाल नय्यर काशमी की स्मृति में अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के द्वारा कॅरियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी मुजम्मिल हुसैन ने कहा कि इल्म इस दौर की सबसे बड़ी दौलत है. इल्म के जरिये सिफर से शिखर तक पहुंचा जा सकता है. छात्रों का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए कहा कि पढ़ाई में किसी भी तरह की बाधा आये तो निःसंकोच उनसे संपर्क करें.

अध्यक्षता कर रहे अंजुमन फरोग-ए-उर्दू, झारखंड के सदर डॉ इकबाल ने उर्दू के विकास के लिए अंजुमन के प्रयास से उपस्थित लोगों को अवगत कराया. रांची से आए अतिथि डॉ गालिब नश्तर ने छात्रों को मैट्रिक और इंटरमीडिएट के बाद शिक्षा और करियर के लिए खुलने वाले रास्ते के बारे में बताया. डॉ दानिश अयाज़ ने कला, विज्ञान और वाणिज्य के दायरे के बारे में बताया. डॉ शगुफ्ता बानो ने कहा कि उर्दू के विकास के लिए अंजुमन-फरोग-ए उर्दू प्रयासरत है.

राजदा खातून ने छात्रों का विस्तार से मार्गदर्शन किया. प्रो मुक़म्मल हुसैन, मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी, गुफरानुल्लाह कमर सुल्तानपुरी, मास्टर इरफ़ान, मौलाना शाहिद नवाज़ ने भी उपस्थित छात्र एवं छात्राओं की हौसला अफजाई की. कैरियर काउंसलिंग के बाद लातेहार जिले से मैट्रिक इंटरमीडिएट व ग्रेजुएशन में सफल रहे छात्रों को स्मृति चिन्ह, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया.



सम्मान समारोह में शामिल अतिथि.

#### कई प्रखंडों के प्रभारी मनोनीत

समारोह में अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के जिला प्रभारी के रूप में मौलाना शाहिद नवाज को मनोनित किया गया . जबकि बालूमाथ प्रखंड प्रभारी के रूप में हाफिज अल्फातेह इकबाल, हेरहंज के लिए मौलाना वसीम, बारियातु के लिए शहंशाह को मनोनित किया गया . कार्यक्रम का संचालन डॉ मुर्शिद और धन्यवाद ज्ञापन हाफिज सालिन ने किया . मौके पर युवा समाजसेवी औरंगजेब खान, इस्लाम उस्मानी, अरशद शाहनवाज़, वसी इमाम, तौक़ीर आफन्दी समेत अनेक गणमान्य लोग एवं बड़ी तादाद में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे .

# लगातार जल रहे ट्रांसफॉर्मर, उपभोक्ता परेशान

**मयंक विश्वकर्मा। बरवाडीह (लातेहार)**

प्रखंड में लगातार ट्रांसफार्मर जलने से बिजली उपभोक्ता परेशान हो गए है. बिजली नही रहने के कारण इस भीषण गर्मी में बिजली उपभोक्ता त्रस्त हो गए है. बता दें कि बरवाडीह क्षेत्र में एक ही बार चार ट्रांसफार्मर खराब हो गया है. सबसे पहले आदर्शनगर मोड़ के पास लगे 200 केवी का ट्रांसफार्मर खराब हुआ. इसे बदलने में तीन दिन लग गया. जैसे ही वहां का ट्रांसफार्मर बदल कर बिजली बहाल की गई तब तक बरवाडीह मुख्य छट घाट के पास लगे ट्रांसफार्मर खराब हो गया. इसके साथ–साथ कुटमू पेट्रोल पंप, पोखरीकला में लगे 100 केवी का ट्रांसफार्मर तीन दिन से खराब पड़ा हुआ है. जिसके कारण बिजली उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है . सबसे बड़ी बात है कि बरवाडीह का बिजली बैंडेंज कर्मियों पर टिका हुआ है. बरवाडीह में मेन लाइनमैन मिस्त्री वीरेंद्र चौधरी कहीं भी नजर नहीं आते हैं. उपभोक्ताओं का आरोप है कि एसडीओ दुर्गाशंकर सिंह और मेन लाइनमैन वीरेंद्र चौधरी छापामारी कर पैसा का उगाही में लगे है.



#### बिजली उपभोक्ता

- एसडीओ व लाइनमैन बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग
- एसडीओ बिजली चोरी रोकने के लिए छापामारी में हैं व्यस्त

#### शनिवार को पूरा दिन एसडीओ का फोन बंद रहा

शनिवार को दोपहर में बैंडेज कर्मियों के द्वारा बरवाडीह मुख्य छट घाट का ट्रांसफार्मर बनाने का प्रयास किया जा रहा था इस दौरान बिजली उपभोक्ता और बैंडेज कर्मियों एसडीओ दुर्गाशंकर सिंह से संपर्क करने की लाख कोशिश की पर एसडीओ साहब का फोन लगातार बंद बताता रहा . लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा .

## ब्रीफ खबरें

### एक किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**कामडारा ।** कामडारा थाना की पुलिस ने रविवार को पकरा रेलवे स्टेशन से सालेगुटू निवासी चेतन ओहदार को एक किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार सालेगुटू निवासी चेतन ओहदार गांजा का कारोबारी होने और राउरकेला से गांजा लाकर व्यापार करने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. पुलिस को यह भी सूचना मिली कि चेतन ओहदार राउरकेला गया है और गांजा लेकर पकरा स्टेशन पर उतरने वाला है. इस आशय की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गई और वरीय अधिकारी के आदेश पर छापामार दल गठित किया गया. पकरा रेलवे स्टेशन में सवा नौ बजे स्टेशन के बाहर चेतन ओहदार को गिरफ्तार किया गया.

### पेयजलापूर्ति के लिए बनायी गयी पानी टंकी खुद प्यासी

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के लोगो को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए वर्ष 2021 में करोड़ो रूपये खर्च कर हजारो लीटर क्षमता वाले पानी टंकी का निर्माण प्रखंड परिसर पर करने के पश्चात नंदनी नदी में स्पेशल बोरिंग किया गया, पानी फ़िल्टर के लिए तमाम संयंत्रों को लगाकर घर-घर कनेक्शन दिया गया. परंतु विभागीय अधिकारियों एवं ग्राम स्वच्छता समिति की लापरवाही के कारण आज तक एक जलसहिया का चयन न होना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग लोहरदगा की उदासीनता को प्रदर्शित करता है.

### संवेदक की लापरवाही से दुर्घटना घट सकती है

**नावाबाजार/पलामू।** प्रखंड के बसना पंचायत स्थित चेचरिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे नल जल योजना संवेदक की लापरवाही और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से पूरी तरह फेल हो गया है. संवेदक द्वारा न तो नियम संगत कार्य किए गए हैं और ना हीं विभागीय अधिकारियों के द्वारा कभी पहल किया गया. संवेदक के द्वारा लगाए गए जलमिनार स्टैंड स्ट्रक्चर में नट-बोल्ट भी नहीं लगाए गए हैं. जो कभी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर सकता है. इतना हीं नहीं स्टैंड के लिए बना प्लेटफार्म भी घटिया है.

### ढेला गांव मे ट्रांसफॉर्मर फेल, ग्रामीण परेशान

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** प्रखंड के ढेला गांव में बिजली समस्या का समाधान नहीं हो सका है. हालांकि विद्युत विभाग के कर्मियों ने बीते दो-तीन दिनों से समस्या का समाधान करने की भरपूर कोशिश की. परंतु उनका कोशिश नाकाम रहा. ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण लो-वोल्टेज की समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है. इसके पीछे कर्मियों ने ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होना कारण बता रहे हैं. जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जब से ट्रांसफार्मर बदल गया है तब से गांव में बिजली की समस्या उत्पन्न हुई है गांव में लेस्लीगंज स्टेट बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर से ही विद्युत आपूर्ति होत है.

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** पतंजलि स्वदेशी वितरक इंटरप्राइजेज एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड़ के द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संजय कुमार मधुर ने कहा कि अर्थराइटिस ,शुगर, ब्लड प्रेशर , अनिद्रा , थकान ,कमजोरी, स्त्री रोग, गठिया , बाबासीर , पथरी, डिप्रेशन एवं अनेकानेक व्याधि का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा, अकू प्रेशर , एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा किया गया इस उपलक्ष में आयुष विभाग के चिकित्सक व्याधि के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा उपचार दिया गया.

---

भंडरा में निवास करने वाले लोहार समाज की तरक्की पर अब भी पूर्ण विराम

# डिजिटल जमाने में भी नहीं बदली लोहार समाज की तस्वीर

**शकील अहमद। भंडरा (लोहरदगा)**



चाकू को धार देते कारीगर.

जिले के भंडरा में लोहार समाज आदिम काल से निवास करते आ रहे हैं. देश तरक्की की ऊंचाईयों को छू लिया है, जिसका पूरा विश्व लोहा मानती है. यहां पर भारत देश आजादी के बाद से लगातार विकास के मामले में अपनी अमिट छाप पूरी दुनिया में छोड़ रखी है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है इतनी कामयाबी देश को मिली है लेकिन आज भी लोहरदगा जिला के भंडरा में निवास करने वाले तुरी समाज के लोगों को इस माडल भारत में भी टांगी, चाकू, हथौड़ा पर आत्मनिर्भर रहना पड़ रहा है. इनका एकमात्र जीविकोपार्जन का साधन घूम घूम कर बेचना और अपने परिवार वालों का गुजर बसर करना है. सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि भारत देश आजादी के बाद से अपनी तस्वीर को बदलने में काफी कामयाबी हासिल कर दिखाया है. परंतु आज भी भंडरा में निवास करने वाले लोहार समाज वालों की तस्वीर आजादी से पूर्व की तरह खड़ा है. यहां पर भंडरा प्रखंड अंतर्गत लोहारा समाज के लोग भी निवास करते हैं इनका तस्वीर बदले यह सिर्फ चुनावी जुमला बनकर रह गया है. सबसे बड़ी बात यह है कि समाज के लोग भंडरा के विकास में अपनी शत-प्रतिशत भागीदारी देते आ रहे हैं लेकिन इन्हें अपने हक अधिकार को लेकर आज भी संघर्ष भरी जीवन व्यतीत करना पड़ता है. इनका तस्वीर बदले यह ना तो जनप्रतिनिधियों ने बेहतर पहल कर दिखाया है और ना ही प्रशासनिक अमला की ओर से कोई सकारात्मक भूमिका निभाई गई है. जिससे लोहार समाज वालों में मायूसी छाया हुआ है. उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 साल बीत जाने पर भी इन परिवार वालों को कड़ी धूप में घूम घूम कर बेचना रहना पड़ रहा है.

#### पेट पालने के लिए दर दर भटकना पड़ता है

बाकी लोग इस काम को छोड़ गए जो लोग इस काम में लगे हैं वे भी और कोई काम न सीखे होने के कारण मजबूरी में कर रहे हैं. घूम घूम कर लोहा की टांगी, चाकू, बनाने वाले शुक्रा लोहारा ने बताया कि एक ओर तो अब डिजिटल जमाने में अब मांग नहीं है और दूसरी ओर बनाने के लिए काफी भटकना पड़ता है कोयला नही मिलने के कारण साइकिल पर पत्थर फिट कर काम करते हैं जिसके बावजूद भी भरी दोपहर में पेट पालने के लिए काफी मस्सकत करनी पड़ती है.

---

पेशरार प्रखंड के ग्राम पंचायत हेसाग और तुईमू में पेयजल संकट

# चुल्लूभर पानी के लिए हलकान हैं पहाड़ी क्षेत्र के सभी ग्रामीण

**हुसैन अंसारी। लोहरदगा**



लोहरदगा में नल-जल योजना बनी शोभा की वस्तु.

झारखंड के लोहरदगा जिला में प्रचंड गर्मी से अधिकांश जलस्रोतों ने दम तोड़ दिया है. यहां पर लोग पीने की पानी के लिए इधर उधर भागदौड़ कर किसी तरह दो घूंट पानी की व्यवस्था कर अपनी कंठ को भिंगोकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं. सबसे मजेदार बात तो यह है कि करोड़ों रुपये खर्च कर गांव देहात में नल-जल योजना को खींचतीर कर मूर्त रूप दे तो दिया गया है, लेकिन इससे भी लोगों की परेशानी दूर नहीं हो पा रही है. बता दें कि जून महीने के उमस भरी गर्मी से पानी के ज्यादातर जलस्रोत सूख चुके हैं, ऐसे में लोगों को पेयजल की उपलब्धता के लिए परेशानियों से जूझना पड़ रहा है. आलम यह है कि लोग दूर-दराज से पीने की पानी व्यवस्था कर किसी तरह से दिन बिता रहे हैं.

**हेसाग और तुईमू पंचायत में पानी को लेकर लोग परेशान :** हरदगा जिले के अति सुदूरवर्ती एवं घोर उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हेसाग और तुईमू पंचायत क्षेत्र में पीने की पानी की जुगत को लेकर ग्रामीणों में त्राहिमाम मचा हुआ है. उक्त पंचायतों में ज्यादातर जलस्रोत दम तोड़ दिया है, जिससे लोगों को बड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है. क्षेत्र वासियों के मुताबिक क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा घटिया किस्म का निर्मित किया गया नल-जल पाइपलाइन पूरी तरह से फेल हो चुका है. गांव वालों के अनुसार क्षेत्र में नल-जल योजना महज एक शोभा का वस्तु बनकर प्यासे लोगों को चिढ़ाने का कार्य कर रही है. ग्रामीणों की माने तो हेसाग और तुईमू पंचायत क्षेत्र में निर्मित की गई जलमीनार और नल-जल योजना पेयजल विभाग की उदासीन रवैया के वजह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है.

**बीस सूत्री सदस्य उदय भगत ने ये कहा :** हेसाग पंचायत में नल-जल योजना के निर्माण कार्य और क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर जब पेशरार प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य उदय भगत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पठारी क्षेत्र होने के कारण हेसाग पंचायत में नल-जल योजना संवेदक और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है. योजना में सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति कर सरकारी राशि को निगलने का कार्य किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इसपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो नल-जल योजना जनता के लिए सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह जाएगा.

#### नदी, तालाब, कूप चुंआ सब फेल



लोहरदगा के अति सुदूरवर्ती पठारी हेसाग और तुईमू पंचायत क्षेत्र के अधिकतर नदी तालाब चुआं कूप में मनुष्य तो दूर पशु पक्षियों का सूखे कंठ को भिगोने के लिए बूंद भर पानी उपलब्ध नहीं है. जो और भी बड़ी चुनौती साबित हो रहा है. यहां पर पशु पक्षियों को भी बड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है. बहरहाल इस भीषण गर्मी में जनता और पशु पक्षियों के सूखे हलक को भिगोने में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाती है यह देखने वाली बात होगी.

#### खास बातें

- लोहरदगा में नल-जल योजना बनी शोभा की वस्तु
- हर घर नल जल योजना चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

#### हेसाग मुखिया कुलदीप तिर्की ने दी प्रतिक्रिया

मुखिया कुलदीप तिर्की ने कहा कि संवेदक सूरज व विभागीय अधिकारियों और कर्मियों के मिलीभगत से नल-जल योजना हेसाग पंचायत में पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है. मुखिया कुलदीप तिर्की के मुताबिक एक भी नल-जल योजना के तहत किए गए पाइपलाइन कार्य और नल गुणवत्तायुक्त नहीं कराया गया है. उन्होंने कहा कि नल-जल योजना में सिर्फ और सिर्फ लूट हुआ है. मुखिया कुलदीप तिर्की ने कहा कि पुंदाग में निर्मित जलमीनार पांच मिनट में ही जवाब दे जाती है. इससे लोगों को चुल्लूभर पीने की पानी जुगाड़ नहीं हो पाता है.

### शिविर में 10 लोगों ने किया रक्तदान

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित पंचायत भवन में जेसीआई यूथ रांची और हनुमान युवा मंच के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया था. शिविर में लचरागढ़ के विभिन्न रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्त दान किया. कोलेबिरा सीएचसी प्रभारी डॉ कृष्णकांत शर्मा और लैब टेक्नीशियन रीना तीग्गा के नेतृत्व में सिमडेगा सदर अस्पताल की टीम के द्वारा रक्त संग्रह किया. डॉ कृष्णकांत शर्मा ने कहा रक्तदान करना बहुत अच्छी बात है और अति आवश्यक भी है. रक्त की आवश्यकता किसी को भी पड़ सकती है. लचरागढ़ के संजय अग्रवाल,अजय साहू, रिक्की अग्रवाल, दीपक सिंह, नितु देवी, किशन अग्रवाल, विनय अग्रवाल, मनीष कुमार सिंगोदिया, दीनदयाल बागड़ी,राणा प्रताप साहू,विजय कुमार साहू, प्रभात कुमार सेठिया,शर्मिला कोठारी सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया.

### कांग्रेसी नेता शोकाकुल परिवारों से मिलकर बंधाया ढांढस

**लोहरदगा।** बीते दो दिन पूर्व लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में भैसमुंदो गांव के समीप सड़क दुर्घटना में किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हिसरी के तेतरडाड़ के रहने वाले धनु उरांव की पुत्री सीता कुमारी का निधन हो गया था तथा तेतरडाड़ के ही दो युवक अरविंद उरांव एवं विशाल उरांव घायल हो गये थे. जिसका इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है. इस बीच कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू तेतरडाड़ ग्राम पहुंचकर मृतक के माता-पिता परिजनों से मुलाकात किये .मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत इस घटना से काफी मर्माहत है तथा अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किए हैं. आपदा विभाग से शोकाकुल परिजनों को एक लाख की राशि दिलाई जाएगी.

---

## न्यूज अपडेट

### ताशा की पेंटिंग को मिला स्टार ऑफ द डे का सम्मान



छात्रा ताशा झा

**गुमला।** राष्ट्र भक्ति के साथ फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने व एक मंच पर लाने के लिए मेजर डा सुरेंद्र पुनिया और वीएसएम एवं मिसेज वर्ल्ड शिल्पा भगत की परिकल्पना एक फिट भारत के द्वारा अग्रणी भूमिका निभाया जा रहा है. इसी कड़ी में करगिल युद्ध में शहीद 527 वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए सबसे बड़ा फिटनेस चैलेंज एसबीआई टाइगर हिल चैलेंज प्रारंभ किया गया है, जो तीन मई से होकर 26 जुलाई तक चलेगा. 85 दिन तक चलने वाले इस चैलेंज में प्रतिभागियों को 6,30,000 कदम चलना है. कारगिल विजय रजत जयंती की इस अनोखी प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की छात्रा ताशा झा ने भाग ले रही है और फ़िटिस्तान से प्रेरित होकर उसके द्वारा बनायी .

### कुसुमटोली में दो माह बाद लगा नया ट्रांसफॉर्मर



फीता काटकर उद्घाटन करते जिलाध्यक्ष.

**सिमडेगा।** जिले के जलड़ेगा प्रखंड के लॉम्बोई पंचायत के कुसुमटोली में विगत 2 महीने से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली नहीं थी. जिससे लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था. समस्या को लेकर ग्रामीण झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना से मिले. जिससे झामुमो नेताओं ने तुरंत बिजली विभाग से बात कर ट्रांसफार्मर दिलवाया. आज जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन भी किया. ट्रांसफरमर मिलने पर गांव वालों में खुशी की लहर देखने को मिली. इस अवसर पर नोवास केटकेट्टा, विकास कंडुलना,संतोष तोपनो, सयुन तोपनो, जीवन तोपनो आदि शामिल थे.

### भगवान बिरसा मुंडा को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



पुण्यतिथि पर माल्यार्पण अर्पित करते लोग.

**सिमडेगा।** भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि के मौके पर नगर भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में से एक थे. उन्होंने आदिवासी अधिकारों की लड़ाई लड़ी और छोटो नागपुर की आदिवासी जनजाति के लिए समाज सुधार कार्य किया.

### ग्रामीणों की समस्या सुलझाने गोहरीटांड़ पहुंचे भाजपा नेता



ग्रामीणों की समस्या सुनते श्रद्धानंद बेसरा.

**सिमडेगा/ कुरडेग।** पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुरडेग प्रखंड के गोहरीडांड गांव पहुंचे एवं ग्रामीणों की समस्या सुने. ग्रामीणों ने बेसरा को बताया कि विगत दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से गांव में विद्युत आपूर्ति पुरी तरह से ठप है. भीषण गर्मी के कारण हम सभी ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है. बेसरा ने कहा कि आप लोगों की समस्या को विद्युत विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिया जाएगा. शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जाएगा. उक्त संबंध में ग्रामीणों के द्वारा बेसरा को विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा के नाम से आवेदन पत्र भी दिया गया. मौके पर भाजपा कार्यकर्ता अनुज गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, लीला देवी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीप नारायण दास इत्यादि अनेक ग्रामीण उपस्थित थे.

### धरती आबा के आदर्शों पर चलकर करेंगे क्षेत्र का विकास:अनिल



धरती आबा को प्रणाम करते अनिल टाना भगत

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र स्व. कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलकर क्षेत्र और तमाम वर्गों के विकास को लेकर संकल्प लिया. इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी अनिल टाना भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के कारण ही आज झारखंड प्रदेश की जनता गुलामी से निजात पाकर खुशहाल भरी जीवन व्यतीत कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हम झारखंड वासियों के लिए शुरू से ही आदर्श रहे हैं और आगे भी रहेंगे.

---

## ट्रेनिंग पूरा कर लौटे दो अग्निवीर जवानों को किया गया सम्मानित



अग्निवीर जवानों के साथ खड़े लोग.

**संवाददाता। गुमला**

भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर चाहा मैदान गुमला में अग्नि वीर की ट्रेनिंग कर लौटे दो जवानों को लक्ष्य फिजिकल एकेडमी की ओर से सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले अग्नि वीर जवान रोशन साहू एवं सोनू माली के नाम शामिल हैं. अपने अनुभव शेयर करते हुए जवानों ने कहा कि अग्नि वीर योद्धाओं का ट्रेनिंग फौजी ट्रेनिंग की तरह ही होता है. शुरु में थोड़ा कठिन था लेकिन देश भक्ति का जुनून ट्रेनिंग को सहज कर दिया. आरएसएस के विभाग प्रचारक शम्मी एवं सेव योर लाइफ संस्था के सचिव संतोष झा ने दोनों अग्निवीर जवानों के साथ-साथ लक्ष्य फिजिकल अकादमी के निदेशक नेल्सन भगत, संतोष प्रसाद आदि को अंग वस्त्र, बुके एवं माला प्रदान कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में प्रेमचंद साहू बबलू साहू गजेंद्र उरांव अभिषेक किंडो पूजा कुजूर संध्या उरांव अनामिका कुमारी आदि उपस्थित थे.

उपवास तोड़ाई सह प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन

## संस्कृति, सभ्यता को संरक्षित करें : डॉ उरांव

**संवाददाता। लोहरदगा**



कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री रामेश्वर उरांव.

सदर प्रखंड के ग्राम अरकोशा में राजी पड़हा प्रार्थना सभा के द्वारा उपवास सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव हुए शामिल. इस बीच आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ आदिवासी रितिरिवाज के साथ धूम धाम से किया गया एवं अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सरना उपवास चाला आयो रखे सभी को मुख्य अतिथि के द्वारा पानी देकर उपवास तोड़ा गया. इससे पूर्व सभी के द्वारा झंडा गड़ी पूजा अर्चना कर उपवास खत्म किया गया. मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी संस्कृति सभ्यता यही हम आदिवासी की पहचान है. उपवास तोड़ाईं राजी पड़हा समाज के द्वारा किया जाना सराहनीय कार्य इस प्रकार के समाज का विकास होती है.

हम लोग समाज के प्रति जागरूक होते हैं. आज हमारी सरकार आदिवासी समाज, संस्कृति, सभ्यता के रक्षा एवं उनके विकास के लिए कार्य कर रही है. हम सभी को मिलकर अपने समाज को आगे बढ़ने का कार्य करनी है. वर्तमान समय में सबसे पहले अपने समाज को शिक्षित करने की जरूरत है. शिक्षित व्यक्ति ही समाज का विकास करते हैं. हमारे द्वारा लोहरदगा विधानसभा में आदिवासी समाज के संरक्षण हेतु काफी कार्य किया जा रहे हैं. हमारे संस्कृति के लिए विभिन्न आदिवासी बहुल गांव में अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है . साथ ही अखड़ा में स्ट्रीट लाइट का भी कार्य किया जा रहा. आदिवासी संस्कृति में वाद्य यंत्र भी एक पहचान है .

## निरोग रहने के लिए योग को दिनचर्या में करें शामिल : शम्मी

**संवाददाता। गुमला**



केंद्र में योगाभ्यास करते लोग.

श्री संकट मोचन मंदिर अंबेराडीह के प्रांगण में रविवार को योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ किया गया. नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर तीसरी बार शपथ लेने के खुशी में मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया और मिठाई बांटी गई. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेतृत्व में रविवार की सुबह मंदिर प्रांगण के चबूतरा में योगाभ्यास और सामूहिक प्रार्थना किया गया. विभाग प्रचारक शम्मी ने कहा कि इंसान का सबसे अनमोल पूंजी उसका स्वास्थ्य शरीर है. शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए योग ही सबसे सहज माध्यम है. निरोग रहने के लिए योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने की बात कही. उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास के मूल्यों को पुर्न स्थापित करना ही संघ का कार्य है. यह सभी सनातनियों के प्रयास से संभव होगा. संतोष झा ने योग प्राणायण के बारे में जानकारी दी और योग पुस्तक व हनुमान चालीसा का वितरण किया. मनीष हिंदुस्तान ने मिठाई का वितरण किया. उप प्रमुख सिकंदर सिंह और आचार्य श्याम सुंदर शुक्ला के नेतृत्व में पाम का पौधा लगाया गया. योगाभ्यास में महेश सिंह, दुबराज सिंह, नंदा सिंह, सतीश सिंह, चरण सिंह, भीम सिंह, राहुल कुमार, आदित्य कुमार सिंह आदि शामिल थे.

---

**आयोजन**

किस्को में खिदमते खल्क हाजी कमेटी का सालाना मिलन आयोजित

## गरीब लड़कियों की शादी में मदद पहुंचाने का निर्णय

**संवाददाता। किस्को/लोहरदगा**




बैठक में शामिल कमेटी के लोग.

जिले के किस्को बाजार टांड़ के समीप रविवार को खिदमते खल्क हाजी कमेटी लोहरदगा का सालाना मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ. समारोह में कई मुद्दों पर चर्चा के साथ समाज की गरीब लड़कियों के शादी कराने पर भी चचार् हुई. समारोह में समाज में फैले अंध विश्वास को खत्म करनेऔर भाईचारगी को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई.

समारोह में सदारत केंद्रीय कमेटी के सदर हाजी मो आलम अंसारी ने की. जिसमें मुख्य रुप से कमेटी के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन अंसारी, सेक्रेटरी हाजी यूसुफ अंसारी, हाजी हसीबुल्लाह, हाजी कयामुद्दीन सहित अन्य मौजूद रहे. प्रोग्राम की शुरुआत तिलावते कलाम पाक व नातिया कलाम से किया गया. इस कार्यक्रम में झारखंड के कई जिलों से हाजी हजरात शिरकत फरमाएं. जिसका इस्तक़बाल माला पहना कर किया गया. इसके अलावा गरीबो को मदद पहुंचाने के साथ-साथ गरीब लड़कियों की शादी कराने के लिए कमेटी ने बढ़-चढ़कर मदद करने पर चर्चा की. जिसमें हाजी हसीबुल्लाह ने कहा कि 12 नवम्बर को कमेटी के माध्यम से गरीब लकड़ी की शादी कराई जायेगी. मौके पर कमेटी के सरपरस्त हाजी समसुद्दीन अंसारी ने शिद्दत की गर्मी के बावजूद भी हाजी हजरात प्रोग्राम में शामिल होकर लोगों की खिदमत करने का जज्बा को बता दिया. उन्होंने कमेटी के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि कमेटी गरीब, बेसहारा, दिव्यांग एवं बेवा औरतों को मदद करना ही असली समाज सेवा है. प्रोग्राम के अंत में सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के साथ देश की सलामती व अमनों अमान की दुआ की गई. मौके पर मौलाना ऐनुल हक, मौलाना वसीम अहमद रजवी, हाफिज खुर्शीद, हाजी अबुतालिब, हाजी अजीज़ आज़ाद, हाजी सज्जाद अंसारी, शकील अंसारी, अल्ताफ़ अंसारी, नूरजहां, खुर्शीदा सहित अन्य मौजूद रहे.

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कारगर साबित होगा जी फार्मास्यूटिकल्स: मंत्री

**संवाददाता। लोहरदगा**



मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व सांसद ने उद्घाटन करते हुए.

शहरी क्षेत्र अंतर्गत बगड़ू मोड़ स्थित राहत नगर में जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का उद्घाटन मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा फीता काटकर किया गया . मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर ने कहा कि लोहरदगा जिला में जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का उद्घाटन होने से लोहरदगा वासियों को बेहतर स्वास्थ्य प्राप्ति के क्षेत्र में काफी लाभ होगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति को बेहतरस्वास्थ्य की जरूरत होती है. मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स के खुलने से लोगों को काफी राहत होगी. लोग परेशानी से निजात पा सकते हैं. वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जी मैक्स फार्मास्यूटिकल्स का खुलने से स्वास्थ्य की क्षेत्र में एक बेहतर कार्य का शुरूआत हुई है. इसका लाभ लोगों को अवश्य मिलेगी. मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, जिप अध्यक्ष रीना भगत, डॉ अजय नाथ सहदेव, हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया के सदर रऊफ अंसारी, हाजी अब्दुल जबारुल, शेखर भगत,आदिब हुसैन, कमरू जमा कुरैशी, डॉ मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे.

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की गई प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में अमृत नगर इलेवन 16 रनों से हुआ पराजित

# डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना आरके क्लब खरिका, बैजनाथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय मैदान में बीते 30 मई से शुरू हुए डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शनिवार रात हो गया. आरके क्लब खरिका ने अमृत नगर इलेवन को 16 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. फाइनल मुकाबले की शुरुआत से पहले आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और खेल भावना के साथ खेलने को प्रेरित किया. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का अमृतनगर इलेवन का फैसला सही साबित नहीं हुआ. पहले बल्लेबाजी करते हुए आरके क्लब खरिका ने 83 रन बना डाले, जिसमें कप्तान के 28 रनों की आतिशी पारी भी शामिल रही. 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमृत नगर इलेवन की टीम ने 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर महज़ 67 रन ही बना सकी और 16 रनों से मैच गंवा दिया. हालांकि अमृत नगर इलेवन की ओर से राजेश कुमार ने जरूर 35 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे. आरके क्लब खरिका की ओर से शानदार गेंदबाजी का मुज़ाहरा करते हुए बैजनाथ ने तीन और संदीप ने दो विकेट लिए. पूरे टूर्नामेंट में आरके क्लब खरिका के बैजनाथ कुमार को मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया. विजेता टीम को 21 हजार रुपये का चेक व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का चेक व ट्रॉफी प्रदान कर कुलसचिव व कुलपति ने सम्मानित किया.


क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का शुभारंभ कुलपति व कुलसचिव ने किया

#### फुटबॉल टूर्नामेंट भी आयोजित कराएगा विश्वविद्यालय

इस मौके पर कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से विभागीय स्तर पर विश्वविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं तो आयोजित कराई जाती है. आने वाले समय में फुटबॉल टूर्नामेंट भी विश्वविद्यालय की ओर से कराया जाएगा. इस पूरे टूर्नामेंट को सफल बनाने में विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन उदय रंजन, आदित्य कुमार, अमित कुमार, मुकेश कुमार, संजय कुमार दांगी, राहुल राजवार, शिवजी, अजित पासवान, विकास, करण, पिंटू, जयप्रकाश सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा. शिवजी और अजित पासवान की लाइव कमेंट्री की भी खूब सराहना हुई वहीं प्रबुद्ध व उमेश की अंपायरिंग को भी खूब सराहना मिली.

## कोयली को पराजित कर मजराजगंज बना चैंपियन

संवाददाता। चौपारण

बिगहा में आयोजित चार दिवसीय लड्डू गोपाल रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में गुरु इलेवन महराजगंज की टीम ने कोयली टीम को आठ विकेट से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोयली की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 81 रन बनाए. महराजगंज की टीम ने सात ओवर में दो विकेटों के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया. इससे पूर्व फाइनल मुकाबले का पूर्व विधायक मनोज यादव व थाना प्रभारी दीपक सिंह ने शुभारंभ किया. विजेता व उपविजेता को अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान की. आयोजक मंडली के प्रमुख संजीव कुमार सिंह, राहुल राणा, अशोक कुमार, गुजन सिंह, गंगेश कुमार, फिरदौस अंसारी, रंजीत कुमार, निक्कू सिंह आदि को अतिथियों ने सम्मानित किया. मौके पर जिप सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामस्वरुप पासवान, राकेश पांडेय आदि उपस्थित थे.


विजेता ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी और आयोजक.

### ब्रीफ खबरें

#### ट्रेन की छत पर बिजली के तार से झुलसा युवक

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन की छत पर चढ़ा युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया. उसे सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. घटना रविवार सुबह 6 बजे की बतायी गयी है. फिलहाल 60 प्रतिशत झुलसे मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की पहचान नहीं हो पायी है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रविवार होने के कारण ट्रेन कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी थी. अचानक एक युवक खड़ी ट्रेन पर चढ़ने लगा. इससे पहले कि उसका बचाव किया जाता, युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया.

#### चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत पर बंटीं मिठाइयां

**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा के वेस वर्कशॉप में लोकसभा चुनाव में गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत पर एजेकेएसएस कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया. इसके अलावे कामगारों के बीच मिठाइयों का भी वितरण किया गया. एजेकेएसएस के नेताओं ने गिरिडीह की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आपनी मेहनत व सच्चे लगन से काम करने के कारण चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित हो पाई. अब चौधरी गिरिडीह का चहुंमुखी विकास करेंगे. साथ ही जो भी अधूरे कार्य हैं उसे भी पूरा करने का काम करेंगे. मौके पर युगल किशोर, शिवशंकर महतो, शोभा बड़ाइक, दिल किशोर प्रसाद सहित कईं मौजूद थे.

#### आईजीएमपीएस में छात्रावास का उद्घाटन

**हजारीबाग।** आईजीएम पब्लिक स्कूल में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षक गोपाल बाबू ने छात्रावास का उद्घाटन किया. इससे पहले स्कूल के निदेशक विपिन कुमार सिन्हा एवं प्राचार्य बीना देवी ने विधिवत पूजा की. सिन्हा ने बताया कि इस छात्रावास में बच्चों को शिक्षा एवं हॉस्टल की व्यवस्था दे रहे हैं. साथ ही उन्होंने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले छात्र-छात्राओं को सप्ताह के तीनों टाइम में अलग-अलग व्यंजन चना, दूध, फल, फ्रूट्स, खाने में रोटी-सब्जी, दाल-भात, अंडा, मछली, चिकन, मटन एवं हॉर्लिक्स देने का काम करेंगे ताकि बच्चे स्वस्थ रहे और पढ़ाई लिखाई सही से करें. हमारे शिक्षक बच्चों का भरपूर ध्यान रखेंगे ताकि अभिभावक को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो. मौके पर श्वेता भारती, राहुल दुबे, भूषण, अभिषेक, सुरेंद्र आदि उपस्थित हुए.

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र ने परिजनों को बंधाया ढांढस

# दो बाइकों की टक्कर में 31 वर्षीय युवक ने गंवाई जान

संवाददाता। हजारीबाग

शहर के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदूर इंडियन रेस्टोरेंट के पास शनिवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में चुरचू ग्राम निवासी नागेश्वर के 31 वर्षीय युवक रामदेव कुमार नागेश्वर ग्राम की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. बताया जाता है कि रामदेव कुमार होटल से काम कर हीरो होंडा मोटरसाइकिल से चुरचू लौट रहा था. इसी दौरान एक पल्सर मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर हो गई. पल्सर मोटरसाइकिल पर दो ब्राउन शुगर के नशेड़ी सवार थे. सड़क दुर्घटना में रामदेव कुमार की मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. रविवार को पोस्टमार्टम में देरी होने के बाद कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, विनोद कुशवाहा परवेज आलम अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे तब पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई. कांग्रेस नेताओं ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया.

कांग्रेस नेताओं ने इस घटना पर दुख जताते हुए ब्राउन शुगर के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की. कहा कि शहर के चौक चौराहे से लेकर होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट में भी शराब के साथ ब्राउन शुगर खपाई जा रही है और पुलिस हाथ पर हाथ धर कर बैठी है. मौके पर नगवा पंचायत के मुखिया विनय कुमार, गणेश प्रसाद मेहता, अर्जुन प्रसाद, रोहित कुमार महेंद्र मेहता, अजीत मेहता, संजय मेहता, जय किशोर मेहता, सुरेश मेहता, प्रेम कुमार, भोला प्रसाद, राज राणा संदीप कुमार आदि ने बताया कि मृतक गरीब परिवार से जुड़ा है. उसका बीपीएल सूची में भी नाम है. होटल में काम कर वह अपना गुजारा करता था. उसके एक 12 वर्ष की लड़की तथा दो लड़के हैं. एक लड़का सात वर्ष और दूसरा पांच वर्ष का है. जिला प्रशासन ब्राउन शुगर के कारोबार पर रोक लगाए. साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेलमेट चेकिंग अभियान शुरू करें. साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का काम करें. जल्द ही ग्रामीणों का शिष्टमंडल डीसी नैंसी सहाय से मिलकर उचित मुआवजा की मांग करेगा.


सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे परिजन व अन्य.

**खास बातें**

- ब्राउन शुगर के नशे में चूर बाइक सवारों ने मारी टक्कर
- कांग्रेसियों ने ब्राउन शुगर के कारोबार पर रोक की मांग की

#### बाइक सवार को बचाने के क्रम में ट्रक पलटा

**विष्णुगढ़।** मध्य प्रदेश से बोकारो थर्मल पवार प्लांट जा रहा ट्रक एक बाइक सवार को बचाने के दौरान शनिवार की रात दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह दुर्घटना थाना अंतर्गत विष्णुगढ़ – गोमिया सड़क के जमनीजारा के पास एक तीखे मोड़ पर रात के तीन बजे घटी है. हादसे में चालक तथा क्लीनर पूरी तरह सुरक्षित हैं. ग्रामीणों का कहना है कि घटनास्थल दुर्घटना जोन बन गया है. यहां अक्सर दुर्घटनाएं घटती रहती हैं. कई बार वाहन घुमाव में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में उतर जाते हैं. ग्रामीणों ने अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए कहा कि यहां सुरक्षा के उपाय किये जाने चाहिये. कईयों ने गार्डवाल की जरूरत बताई.


दुर्घटनाग्रस्त ट्रक

## पार्क के सुरक्षा गार्ड का शव बरामद

संवाददाता। हजारीबाग

सदर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी के समीप मीठा तालाब स्थित पार्क के नगर निगम के सुरक्षा गार्ड का शव उसके ही कमरे से बरामद किया गया. मृतक की पहचान दारू थाना क्षेत्र के बासोबार निवासी महादेव ठाकुर के रूप में हुई है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया.

वहीं मृतक की पत्नी शांति देवी ने बताया कि उसके पति की हत्या की गई है. सने दो लोगों पर हत्या का शक भी जताया. वहीं मृतक के पुत्र ने बताया कि 3000 रुपये प्रति माह की नौकरी थी. नगर के ठेकेदार द्वारा उन्हें नौकरी पर रखा गया था. वह पिछले कई वर्षों से काम कर रहे थे और पार्क की चाबी उनके पास ही रहती थी. उसने बताया कि पार्क में देर रात कई लोगों का आना-जाना था. यह भी बताया कि हत्या की आशंका है, क्योंकि मृतक के शरीर पर कई चोट के निशान भी थे.

इधर घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम के ठेकेदार ने सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और मृतक के परिजनों का मुआवजा के तौर पर 50 हजार रुपये की सहयोग राशि देने की बात कही. 20 हजार रुपये अंतिम संस्कार के लिए दिए. वहीं इस संबंध में सदर थाना प्रभारी सपन कुमार माता ने बताया कि मृतक ब्लड प्रेशर की दावा खाता था. ब्रेन हेमरेज होने की वजह से उसकी मौत की आशंका जताई गई है. उन्होंने यह भी बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही यह क्लियर हो पाएगा किया हत्या है या ब्रेन हैमरेज.


मृतक गार्ड की फाइल फोटो.

**खास बातें**

- मोहल्लेवासियों ने नशेड़ियों पर जताया हत्या करने का शक
- पुलिस बोली-मृतक ब्लड प्रेशर की दवा खाता था

## अवैध तरीके से स्क्रैप लोड दो ट्रक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण

थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में चौपारण पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है. अवैध तरीके से स्क्रैप लदे ट्रक को वर्षों बाद पकड़ा गया है. इस संबंध में थाना प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से स्कैप लोड कर तस्करी के लिए गया, बिहार से लेकर चौपारण होते हुए तिलैया, कोडरमा ले जा रहे दो ट्रकों को दो तस्करों के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पर पकड़ा गया. दोनों ट्रक से करीब 25 टन अवैध स्क्रैप (लोहा, टीना, का कबाड) लदा पाया गया. दोनों ट्रकों पर जब्त करते हुए चौपारण थाने में मामला दर्ज करते हुए चालक साकेत कुमार (40) और श्रवण कुमार राम (46) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. छापामारी दल में पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी चौपारण, पुअनि दिव्य प्रकाश, सअनि मनोज कुमार सिंह और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.


पकड़े गये ट्रक.

#### लांबा तालाब में चलाया गया सफाई अभियान

**हजारीबाग।** शहर स्थित हुरहुरू लांबा तालाब में वसुधा कल्याण संस्था के साथ भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने रविवार को सफाई अभियान चलाया. इस मौके पर प्रसाद ने कहा कि आगामी वर्षों में जल संकट की समस्या और अधिक विकराल हो जाएगी. अगर हम सचेत नहीं हुए तो स्थिति बहुत भयावह हो जाएगी. वसुधा कल्याण के अंजलि नीरज ने कहा कि एक साथ मिलकर स्वच्छ सुंदर हजारीबाग बनाएंगे. मौके पर वसुधा कल्याण के अंजली नीरज, रुचि नीरज, कुंदन कुमार, राहुल पंडित, अधिवक्ता प्रकाश झा, धंनजय सिंह, राहुल मंडल, मनोज कुमार, पंडल यादव, विकास कुमार, भूसन, ऋषि प्रसाद, प्रकाश, मुकुल आदर्श, दिलीप, शिवानी, सपना, रश्मि, रेयान, रवि, सोनी आदि उपस्थित थे.

## अफीम के साथ एक गिरफ्तार साथी भी चढ़ा पुलिस के हत्थे


अफीम के साथ की गई गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी.

संवाददाता। रामगढ़

सिख रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ कैंट परिसर में आर्मी इंटेलिजेंस के पदाधिकारी और जवानों ने मादक पदार्थ के साथ एक युवक को पकड़ा. युवक के पास से बरामद किए गए नशीले पदार्थ अफीम को जब्त कर रामगढ़ थाने को सुपुर्द किया गया. आरोपी शंकर कुमार राय को तब पकड़ा गया जब उसका परिचित संतोष कुमार उससे मिलने आया था. शंकर कुमार राय बाथरूम जाने का बहाना बनाकर अपने परिचित संतोष कुमार के साथ पुलिस को चकमा देकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर रामगढ़ थाना से भाग निकला. पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों द्वारा पीछा कर भदानी नगर ओपी क्षेत्र के ग्राम लादी के पास भुरकुंडा ओपी एवं भदानी नगर ओपी प्रभारी के सहयोग से शंकर कुमार राय एवं संतोष कुमार को पकड़ा गया. भागने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त किया गया.

### माली मालाकार कल्याण समिति का पुनर्गठन, विनोद माली बने सचिव

## जिलाध्यक्ष बने सतीश मालाकार

संवाददाता। हज़ारीबाग

माली मालाकार कल्याण समिति हज़ारीबाग जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया. इसको लेकर बडम बाजार स्थित भाग्यमनी भवन में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष भोला मालाकार ने की, जबकि सभा का संचालन पूर्व सचिव कामाख्या भगत ने किया. बैठक में जिले भर के 16 प्रखंडों से माली समाज के लोग शामिल थे. इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. सर्वसम्मति से समाज के लोगों ने जिला अध्यक्ष पद के लिए सतीश मालाकार (पदमा), कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश मालाकार, उपाध्यक्ष अनिल माली, महासचिव विनोद भगत, सचिव विनोद माली, उपसचिव दीपक मालाकार, मीडिया प्रभारी अमित मालाकार, सुमित कुमार संयोजक वीरेंद्र भगत, सहसंयोजक विजय कुमार, संरक्षक भोला भगत, सह संरक्षक प्रदीप मालाकार, रवि मालाकार बनाए गए. इस मौके पर अध्यक्ष सतीश मालाकार ने कहा कि समाज ने मुझे जिस उद्देश्य से अध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा है मैं उसपर खरा उतारूंगा. हजारीबाग सहित जिले भर के सभी प्रखंडों की समस्याओं का निवारण जल्द ही करने का भरपूर प्रयास करूंगा. समाज को शिक्षित, जागरूक व संगठित बनाना मेरा मुख्य उद्देश्य है. मौके पर मुख्य रूप से दुर्गा भगत, प्रयाग माली, महेंद्र कुमार माली, बंसी भगत, सुधीर माली, बसंत माली, विजय माली, वीरेंद्र भगत, भोला माली, शंभू माली, बबन मालाकार, विकी मालाकार, ऋषि मालाकार, रामू मालाकार, दिलीप मालाकार, पिंटू माली, अजय माली, राजा मालाकार, कुलदीप भगत माली मालाकार समिति के लोग मौजूद थे.


माली मालाकार कल्याण समिति हजारीबाग के नवनियुक्त पदाधिकारी.

## दो युवकों के बीच जमकर चले चाकू और तलवार, दोनों घायल

संवाददाता। हजारीबाग

लोहसिंगना थाना क्षेत्र के नूरा स्थित किराए के मकान में रह रहे दो युवकों के बीच रविवार को जमकर चाकू और तलवार चले. जिसमें दोनों घायल हो गए. दोनों की पहचान इचाक प्रखंड के नावाडीह निवासी लक्ष्मीकांत उपाध्याय और लोकेश उपाध्याय उर्फ ललन के रूप में हुई है. दोनों युवक एक ही गांव के गोतिया बताए जा रहे हैं. इस संबंध में घायल युवक लक्ष्मीकांत के पिता बाढो उपाध्याय ने बताया कि चाकू मारने वाला युवक गांव का ही है. उन्होंने यह भी बताया कि दोनों युवक हजारीबाग शहर के नूरा में किराये के मकान में रहते हैं. ललन शनिवार को गांव में अपने पड़ोसी युवक के साथ झगड़ा कर रहा था. इस दौरान वह चाकू भी दिखा रहा था. लक्ष्मीकांत ने गांव वालों के सहयोग से झगड़ा छुड़वा दिया. इसके बाद रविवार को लक्ष्मीकांत शहर आ रहा था और ललन उसका पीछा कर रहा था. जैसे लक्ष्मीकांत अपने रूम पर पहुंचा वैसे ही ललन ने अपने एक सहयोगी के साथ चाकू से सके सिर पर एक के बाद एक 13 वार कर दिए. लक्ष्मीकांत को सदर अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए से रिंग्स रेफर कर दिया है. वहीं दूसरे पक्ष के ललन ने बताया कि दोनों तरफ से चाकूबाजी हुई है. लक्ष्मीकांत ने पहले तलवार से वार किया था, जिसमें उसे गंभीर चोट आई है. उसने यह भी बताया कि शनिवार को गांव में ही झगड़ा हुआ था, गांव वालों ने दोनों पक्षों को समझा शांत करवा दिया था.

- दूसरे पक्ष ने घायल युवक पर लगाया पहले तलवार से वार करने का आरोप

## डीसी नैंसी सहाय ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन


भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं डीसी नैंसी सहाय.

संवाददाता। हजारीबाग

भगवान बिरसा मुंडा के 124वें शहादत दिवस पर डीसी नैंसी सहाय ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. मौके पर डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा की शहादत हम सब के लिए प्रेरणा के समान है. हम झारखंड वासियों को उनपर गर्व हैं. नैंसी ने कहा कि भगवान बिरसा ने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुर्बानी दे दी. उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत ताकतवर सामंतों और अग्रेजों के खिलाफ उलगुलान हुआ. जिला प्रशासन ने भी पुराना बस स्टैंड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी.

**पुण्यतिथि** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा

# बिरसा मुंडा ने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए किया संघर्ष

संवाददाता। हजारीबाग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने रविवार को पुराना बस स्टैंड स्थित बिरसा मुंडा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माला पहनाकर उन्हें नमन किया. इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे. मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन और उनके बलिदान हमें जल-जंगल-जमीन और झारखंडी अधिकारों के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं. बिरसा मुंडा ने अपने जीवन को आदिवासी समुदाय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया. उनकी वीरता और संघर्ष की कहानियां हमें सिखाती हैं कि किस प्रकार अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प और संघर्ष आवश्यक है. बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज को संगठित किया और 1899-1900 के बीच मुंडा विद्रोह का नेतृत्व किया. केवल 25 वर्ष की आयु में 9 जून 1900 को उन्होंने अपनी जान गंवाई, लेकिन उनका बलिदान और उनके द्वारा दिया गया जागरूकता का संदेश आज भी जीवित है. सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा के बलिदान से हमें सीखने को मिलता है कि हमारे प्राकृतिक संसाधनों, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा कितनी महत्वपूर्ण है. उन्होंने न केवल आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि एक प्रेरणादायी नेता के रूप में उभरे. हमें उनके आदर्शों का पालन करते हुए उनके सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए. मौके पर मुख्य रूप से बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार, धान, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे.


बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माला अर्पण करते कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह.

#### पुण्यतिथि पर बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बिरसा मुंडा ने भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वह मुंडा आदिवासी समुदाय से थे और वह एक लोक विद्रोही आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक नेता और भारतीय कार्यकर्ता थे. कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, जावेद इकबाल, कजरू साव, विजय कुमार सिंह, प्रदीप मंडल, रघु जायसवाल, परवेज अहमद आदि उपस्थित थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चतुर्थ के चन्द्र केमन्द्रुम दोष के प्रभाव में हैं. कार्य सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. परिवारिक जीवन सुखमय होगा. नये कार्य में जोखिम से बचें.

**वृषभ** समय अच्छा है. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. लक्ष्मी माता का ध्यान पूजन करें.

**मिथुन** काम में मन लगेगा. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. आपके अच्छे कर्म से भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** लग्न का मालिक स्वग्रही है. समय उत्तम है. पर काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. किसी पदाधिकारी से मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. मंगल को बल दें.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा.शुभफलों की प्रधानता रहेगी. ज्यादा बात विचार और सोच से समय खराब हो सकता है. विवाद से दूर रहें.

**कन्या** व्यापार वृद्धि के लिए दिन अच्छा है. पर आपके रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. गाय को गुड़ खिलाएं.

**तुला** सरकारी काम काम बन सकता है. काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं.

**वृश्चिक** धर्म में मन लगेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** किसी से विवाद हो सकता है. समय सामान्य है. किसी से मानहानि हो सकता है. कर्म के बल पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. पीपल वृक्ष की पूजा सेवा करें.

**मकर** कोई नई कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. किसी से शुभ समाचार मिलेगा.

**कुंभ** शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा.ज्यादा बोलने से बचें. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े. समय और अनुकूल हो इसलिए अन्न का दान करें.

**मीन** शिक्षा में कोई बड़ा बदलाव होगा. भाग्य साथ देगा. किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

---

मौसम विभाग के अनुसार 13 जून तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम, डालटनगंज का तापमान 45 डिग्री रहा

# झारखंड के 20 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार, आज से खुलेंगे स्कूल

शुभम किशोर। रांची

झारखंड में गर्मी का कहर जारी है. रांची समेत झारखंड के 20 जिलों का तापमान 40 डिग्री से. के पार जा चुका है. वहीं रविवार को डालटनगंज का तापमान 45 डिग्री से. रहा. मौसम विभाग के अनुसार 13 जून तक गर्मी से राहत मिलने कि कम संभावना है. 10 जून से झारखंड कई प्ले स्कूल समेत हाई स्कूल खोले जा रहे है. वहीं गर्मी को देखते हुए झारखंड अभिभावक संघ ने सभी विद्यालय में गर्मी की छुट्टी 16 जून तक बढ़ाने की मांग की है. झारखंड अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को ईमेल के माध्यम से एक ज्ञापन भी भेजा है. इसके साथ कई अभिभावक ने भी बच्चों के स्कूल शुरू होने पर चिंता जताई है. लेकिन विभाग ने नौनिहालों के लिए स्कूल बंद करने कि जगह स्कूल के समय में परिवर्तन किया है. रविवार को झारखंड शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालय को 15 जून तक केजी से क्लास 12 तक की कक्षाएं सुबह 7 से 11.30 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया है.



### पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने सोमवार को गढ़वा, पलामू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं 11 से 13 जून तक देवघर, दुमका, गोड्डा, गढ़वा और पलामू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके साथ संथाल परगना के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में 13 जून तक येलो अलर्ट जारी किया गया है. रविवार को राज्य के गढ़वा और पलामू में भीषण गर्मी की लहर महसूस की गई. वहीं राज्य के चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, दुमका और गुमला जिलों में ले चली. राज्य के सिमडेगा, पश्चिमी-सिंहभुम, पूर्वी-सिंहभुम और सराइकेला-खरसावां जिलों में गर्म और उमस भरा दिन रहा. मौसम विभाग के अनुसार अभी प्रदेश के लोगों का मानसून का इंतजार करना होगा.

### 13 जून तक हीट वेव

आज गढ़वा और पलामू जिलों में कहीं-कहीं पर भीषण लू चलने की संभावना है. इसके साथ चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, दुमका, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी-सिंहभूम, पूर्वी-सिंहभूम और सराइकेला-खरसावां जिलों में भी लू चल सकती है. 11 से 13 जून तक गढ़वा, पलामू देवघर, गोड्डा और दुमका जिलों में हीट वेव की संभावना है. वहीं चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, जामतारा, धनबाद, बोकारो, रामगढ, गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी-सिंहभूम, पूर्वी-सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में हीट वेव रहने की संभावना है.

### बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार 10 और 11 जून को राज्य के मध्य और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है.

**शहर का तापमान (डिग्री से.)**

| | |
|---|---|
| रांची | 40.3 26.8 |
| जमशेदपुर | 42.0 29.0 |
| डालटनगंज | 45.0 30.3 |
| बोकारो | 42.1 28.5 |
| चाईबासा | 40.3 27.4 |
| देवघर | 44.8 28.9 |
| गिरिडीह | 42.8 30.6 |
| गढ़वा | 44.2 30.5 |
| सरायकेला | 43.6 29.0 |
| गोड्डा | 43.2 30.6 |

---

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने राज्य कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

# अतुल अंजान के अधूरे कार्य को पूरा करने का लिया संकल्प

संवाददाता। रांची

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान के निधन पर सीपीआई राज्य कार्यालय के सभागार में उनकी तस्वीर पर रविवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. नेताओं ने कहा कि अतुल कुमार अंजान के असामयिक निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है. कॉम अतुल सीपीआई व किसानों के बौद्धिक स्तंभ थे. उनके निधन से पूरी पार्टी मर्माहत है, श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से संकल्प सभा के रूप में उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए किसान मजदूर छात्र नौजवानों के आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सबको एकजुट होकर काम करने की जरूरत है, श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, पीके पांडे, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, किसान नेता बनवारी साहू, झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो, अनिरुद्ध कुमार महतो नेमन यादव, मेवा लाल प्रसाद, इम्तियाज खान मुरलीधर डांगी, डॉ अनवर हुसैन,दर्शन गंजू, मनोज कुमार महतो, कृष्ण कुमार वर्मा, किरण कुमारी राधिका तिवारी नीरज कुमार सिंह चोमू उरांव शहीद आदि शामिल थे.

बिरसा मुंडा के शहीद दिवस पर पूरे जिले आयोजित किये कार्यक्रम

## शहीद बिरसा मुंडा के सपनों को पूरा करेंगे

**रांची।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के आह्वान पर रविवार को पूरे राज्य में उलगुलान के नायक और जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए चल रहे संघर्षों के प्रतीक धरती आबा बिरसा मुंडा का 124वां शहीद शहीद आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. बिरसा मुंडा के शहीद दिवस पर रांची जिले के बुंडू में कार्यक्रम आयोजित हुए. बुंडू चौक स्थित शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास जुटे सीपीआई (एम) कार्यकताओं ने गगनभेदी नारों के साथ उनकी प्रतिमा पर फूल-माला समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. खूंटी जिला का उलिहातू उनका जन्म स्थान था व बुंडू व तमाड़ का इलाका उनके संघर्षों का केंद्र था. मौके पर पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य व पंचपरगना क्षेत्र के प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा कि इस इलाके में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में ही ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पहला साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष किया गया था. इस संघर्ष की पृष्ठभूमि में यहां 1789 से शुरू हुए दर्जनों मुंडा विद्रोह की गौरवशाली परंपरा थी, जिसने यहां के आदिवासियों और अन्य गरीब रैयतों को जमींदारों और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एकजुट किया था. आज जबकि हमारा देश आजाद हो चुका है लेकिन यहां के प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल-जंगल और किसानों के जीवन यापन का एकमात्र साधन जमीन की लूट जारी है. अब तो शासक वर्ग और कार्पोरेट घरानों ने खनिज संपदा से भरपूर और झारखंड की रत्नगर्भा धरती को अपने कब्जे में लेने के लिए सारे हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए हैं और चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की, सभी इस काम में कार्पोरेट घरानों की ही मदद कर रहें हैं. इसलिए यह लड़ाई अब सीपीआई (एम) के लाल झंडे के नेतृत्व में तेज करने की जरूरत है और बिरसा मुंडा के इस शहीद दिवस पर हमलोग शपथ लेते हैं कि इस बिरासत को हम आगे ले जाएंगे. मौके पर पार्टी की ओर से संताल परगना के सभी 6 जिलों धनबाद, बोकारो, जामताड़ा हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, गुमला व गिरीडीह समेत विभिन्न जिलों में धरती आबा शहीद बिरसा मुंडा की स्मृति में कार्यक्रम हुए.




---

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बोले

# विद्यार्थियों को आपो दीपो भवः की शिक्षा दें निजी विद्यालय



- शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दिया है पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने : दुबे
- नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा देने का प्रयास करें निजी विद्यालय : डॉ राजेश

संवाददाता। रांची

राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा बच्चों को शिक्षा देना है, को निजी विद्यालय आपो दीपो भवः यानि आप खुद में दिया बनो की शिक्षा दें.महात्मा बुद्ध का जब अंतिम समय आया, तो उनके भाई उनके पास गए और उनसे पूछा कि आप तो चले जाएंगे, तो हमारा रास्ता कौन बनेगा. इस पर महात्मा बुद्ध ने कहा आपो दीपो भवः अर्थात अपना दीपक स्वंय बनो. मैं यहां मौजूद सभी शिक्षकों से यही आह्वान करूंगा कि बच्चों की भी यही शिक्षा दें.

आरटीई कानून को लेकर हो रहे परेशानियों पर कहा कि आपको निराश नहीं होना है, बात सही है कि आपके साथ अन्याय हुआ है. ऐसा झारखंड में क्यों हुआ यह नहीं कह सकता, क्योंकि उस समय मैं नहीं था,नहीं होना चाहिए था. आरटीई कानून पूरे देश में लागू हुआ, तो व्यवस्था में भी एकरूपता होनी चाहिए. सरकार के पास तो जमीन पड़ी हुई है, लोग कब्जा भी किये हुए रहते हैं, लेकिन प्राइवेट व्यक्ति जमीन खरीद कर स्कूल बनाता है, तो निश्चित रूप से जमीन लेने की भी एक सीमा होगी, सरकारी पदाधिकारियों को भी इस पर ध्यान देना होगा.

डॉ उरांव ने कहा कि अफसोस इस बात कि है सब आपके ही स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाते हैं और सब आपका ही विरोध करते हैं. मंत्री के बेटे हों या पदाधिकारी के, सबके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं. स्थिति यह है कि अमीर गरीब, मंत्री-संतरी सभी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में ही पढ़ाना भी चाहते हैं और पढ़ाते हैं, फिर भी सब लोग आपके ही विरोध में खड़े रहते हैं, जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है. यह सरकार आपके विरोध में नहीं है, यह मैं आपके दावे के साथ कह सकता हूं. मैं आपको मुख्यमंत्री के पास ले चलूंगा सतत प्रयत्न करने पर सफलता मिलती है.

---

## आर्मी इंटेलिजेंस की सूचना पर रामगढ़ से दो अफीम तस्कर गिरफ्तार किए गए



रामगढ़ से दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

लखनऊ आर्मी इंटेलिजेंस इकाई की सूचना पर रामगढ़ कैंट पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है. दोनों तस्कर आर्मी कैंट के अंदर डील कर रहे थे. इसी दौरान आर्मी के जवान और पुलिस ने छापा मारकर एक आरोपी को पकड़ लिया. वहीं दूसरे आरोपी को बाद में रामगढ़ पुलिस द्वारा खदेड़कर कर पकड़ा गया. आर्मी इंटेलिजेंस को शनिवार को सूचना मिली की कैंट में अफीम की डील होने वाली है. आर्मी इंटेलिजेंस ने कैंट तस्करों को पुलिस के साथ मिलकर पकड़ा. कैंट इंस्पेक्टर ने बताया कि अफीम बेचने आए युवक शंकर कुमार को आर्मी इंटेलिजेंस की टीम ने पकड़ा और पुलिस को सूचना दी. इसके बाद पदाधिकारी द्वारा पूछताछ किए जाने की प्रक्रिया में अभियुक्त बाथरूम जाने का बहाना बनाकर अपने परिचित संतोष कुमार के साथ पुलिस को चकमा देकर मोटर साइकिल से भाग निकला. पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को खदेड़कर पकड़ा गया. पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने अफीम बरामद की है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की भी शिनाख्त का प्रयास कर रही है.

---

# बिरसा मुंडा जैसे महान बलिदानियों के कारण ही आज हम आजाद हैं

संवाददाता। खूंटी

खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने स्वतंत्रता सेनानी और लोक नायक भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनके ननीहाल अड़की प्रखंड के चलकद गांव में रविवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर चलकद समेत पहाड़ी इलाके में बसे विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण चलकद पहुंचे. श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों ने सांसद बनने के बाद पहली बार चलकद पहुंचने पर कालीचरण मुंडा का ढ़ोल-नगाड़ों के साथ पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया. चलकद के ग्रामप्रधान अब्रहाम मुंडू की अध्यक्षता में एक सभा हुई, जिसमें कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह भूमि भगवान बिरसा मुंडा की है. बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी. महज 25 वर्ष की आयु में ही अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले बिरसा मुंडा जैसे महान बलिदानियों के कारण ही आज हम आजाद हैं. सांसद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने संसाधनों के अभाव के बावजूद लोगो को जिस तरह से एकत्रित कर अंग्रेजों से लोहा लिया, वह हम सब के लिए प्रेरणास्रोत है.

उन्होंने कहा कि आजादी व आदिवासियों के जीने का सहारा जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले घरती आबा के अधूरे सपनों को पूरा करने का काम हमें करना है. उनके साहस, समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय को सदैव प्रेरित करता रहेगा. धरती आबा ने अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंका.

**बोले-कालीचरण मुंडा**



---

## दो लाख घनफीट अवैध बालू जब्त, 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के आदेश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने रविवार को जरियागढ थाना क्षेत्र के बकसपुर, लापा, मोरहाटोली और कौवाखाप ग्राम में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर कारो नदी के समीप अवैध रूप से भंडारित दो लाख घनफीट अवैध बालू को जब्त किया. इसको लेकर दर आरोपितों के खिलाफ जरियागढ़ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त सभी आरोपित बालू के अवैध खनन एवं भंडारण बिक्री तथा व्यापार में संलिप्त हैं. उन्होंने बताया कि कारो नदी एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया. छापामारी के क्रम में पाया गया कि कारो नदी से बालू का अवैध खनन कर नदी के समीप लापा, बकसपुर, मोरहाटोली और कौवाखाप (जलंगा) में भंडारण किया गया है.

---

# सड़क दुघर्टना में बेटे की मौत, मां घायल



कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग रोड पर रख कर जाम करते स्थानीय लोग.

संवाददाता। कोडरमा

डोमचांच थाना क्षेत्र के जयनगर-बगड़ो मुख्य मार्ग पर रविवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई जबकि बच्चे की मां गंभीर रूप से घायल हो गई. जानकारी के अनुसार सलईडीह निवासी किरण देवी (26) पति संदीप पासवान अपने बेटे अनमोल कुमार और अमूल कुमार के साथ बेहराडीह आपने मायके से ससुराल सलईडीह जाने के लिए निकली थी. इस दौरान जयनगर-बगडो मुख्य मार्ग के समीप ट्रक ने महिला और उसके छोटे पुत्र अमूल कुमार (7) को अपनी चपेट में ले लिया. घटना में अमूल कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया. जहां चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है.



जानकारी के अनुसार ट्रक का चालक शराब के नशे में था. जो घटना के बाद ट्रक को छोड़कर फरार हो गया. इधर घटना के बाद शव को कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग रोड पर रख कर जाम कर दिया गया. बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप और समझा कर जाम हटाया गया.

---

**मनरेगा योजना** गबन करने वाले बीपीओ मुज्जफर कलाम को बालूमाथ और हेरहंज प्रखंड की मिली जिम्मेवारी

# ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा में मुर्दों से कराता है काम

प्रवीण कुमार। रांची

मुर्दों के नाम पर मनरेगा योजना से राशि की निकासी करने के वाले प्रखंड कार्यक्रम पधाधिकारी (बीपीओ) की संविदा रद्द करने के विभागीय निर्देश को ताक पर रख डीडीसी लातेहार सुरजीत कुमार सिंह ने बीपीओ मुज्जफर कलाम को बालूमाथ प्रखंड के साथ-साथ हेरहंज प्रखंड की भी मनरेगा कार्यों को देखने की जिम्मेवारी दे दी. इस पूरे मामले में जब डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने मामले को टालते हुए कहा, अभी कार्यालय में नहीं हूं. जब दोबारा पूछा गया, तो कहा- देखकर बताता हूं.



### खास बातें

- गबन करने वाले बीपीओ की संविदा रद्द की जानी थी
- उल्टे डीडीसी ने दे दी दो और प्रखंडों की जिम्मेवारी

### क्या था मामला

**बालूमाथ** प्रखंड के गणेशपुर में मनरेगा योजना के तहत मुर्दों से काम करवाने और उसकी मजदूरी का भुगतान करने खेल अमरेश सिंह के पुत्र अनजय सिंह के नाम पर किया गया. अनजय सिंह की मौत 11 सितंबर 2022 को हो गई थी. इसके बाद मनरेगा कर्मी और बिचौलियों के सांठगांठ से कागजों पर अनजय सिंह से 36 दिनों तक काम करते रहे. इसके बदले उसके नाम पर 8532 रुपये मजदूरी का भुगतान किया. इनना ही नहीं उक्त राशि की निकासी के बाद बड़ी चालाकी से फरवरी 2023 को अनजय सिंह के जॉब कार्ड की आईडी को डिलीट कर दिया.

### विभाग ने 26 फरवरी को कार्रवाई करने का दिया था उपायुक्त को निर्देश

ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव शैल प्रभाव कुजूर ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीसी लातेहार को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था. इसमें कहा था मनरेगा योजना योजनाओं में सरकारी राशि के गबन करने वाले लोगो पर प्राथमिकी दर्ज की जाए. संबंधित मनरेगा कर्मियों से योजना राशि 12% ब्याज के साथ वसूली की जाए. गबन में शामिल सरकारी पदाधिकारी कर्मियों के विरुद्ध निलंबन व आरोप पत्र गठन अथवा विभागीय कार्रवाई की जाए. गबन में शामिल संविदा कर्मियों की संविदा रद्द करने की कार्रवाई की जाए. आपराधिक षड्यंत्र और लापरवाही से संबंधित मामले में डीडीसी के स्तर से प्राथमिकी दर्ज की जाए. मनरेगा योजनाओं में गबन करने वाले सभी मनरेगा कर्मी और अधिकारियों पर विभाग ने 15 दिन के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश देकर विभाग को अवगत करने का निर्देश दिया था. विभाग का यह पत्र 26 फरवरी 2024 को लातेहार डीसी को भेजा गया था, लेकिन डीडीसी लातेहार ने विभाग के निर्देश का धज्जियां उड़ाते हुए 12 मार्च 2024 को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुजफ्फर कमल को बालूमाथ प्रखंड के साथ-साथ हेरहंज प्रखंड की जिम्मेवारी देने का खेल किया.

### विभाग के कामकाज के तरीके पर भी उठ रहे सवाल

ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव शैल प्रभाव कुजूर ने जिस संविदा कर्मियों पर प्राथमिकी करने का निर्देश दिया था. उसका पालन जिले में होता है या नहीं, इसकी जिम्मेवारी किसकी है, क्या विभाग के निर्देश का पलान नहीं होने पर मनरेगा आयुक्त और विभागीय सचिव कार्रवाई करेंगे. क्या अपर सचिव शैल प्रभाव कुजूर निर्देश का पलान हुआ है कि नहीं इसे कौन देखेंगे? क्या पूरे मामले को जांच कर निर्देश जारी कर विभाग सिर्फ खानापूर्ति करता है?

---

# अनुबंध व दैनिक वेतन भोगी मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

विशेष संवाददाता। रांची

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार 10 वर्ष से कार्यरत सभी अनुबंध एवं दैनिक वेतनभोगी अपने मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे. इसकी तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी. यह निर्णय रविवार को झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन केंद्रीय कमेटी की बैठक में लिया गया. बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि अनुबंध पर कार्यरत कंप्युटर ऑपरेटर, ड्राईवर, मानव दिवस कर्मियों का स्थायीकरण, छह प्रतिशत ऊर्जा भत्ता, तकनीकी कर्मियों का 3000 ग्रेड पे, केंद्र आधारित प्रमोशन आदि मांगों पर चर्चा की गयी. बैठक में कहा गया कि मांगों को लेकर आगे की आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई. बैठक हामंत्री वरूण सिंह,उपमहामंत्री विनय कुमार, शुसील तुरी,उत्तम पाश्वान,संजीव प्रधान, प्रकाश कुमार,गोविन्द मिश्रा, संजय निराला,अरूण विधार्थी,संजय डे, दसई बेदिया, प्रभात मिश्रा, संजीव राय,अभीषेक कुमार,सुमेश कुमार आदी सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

**जेबीवीएनएल**



# नयी सरकार की चुनौतियां

बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल पहले के दो कार्यकालों की तुलना में चुनौतीपूर्ण साबित होगा. वास्तविक अर्थों में नरेंद्र मोदी पहली बार एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं. इस गठबंधन को दक्षिण के चंद्रबाबू नायडू और उत्तर के नीतीश कुमार की बड़ी बैसाखियों का सहारा है. बाजपेयी काल में एनडीए का अपना कॉमन एजेंडा होता था, जिसमें भाजपा के सांप्रदायिक सवाल दरकिनार थे. दस सालों में भाजपा के एजेंडे को बेरोकटोक तरीके से लागू करने वाले मोदी अपने सहयोगियों के एजेंडे के प्रति कितना उदार, समावेशी और संवदेनशील रहते हैं, इसकी भी परीक्षा होगी. गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री रहते हुए यह पहला अवसर है, जब उनके अपने दल का बहुमत उनके पास नहीं है. 2014 और 2019 में उनकी पार्टी को बहुमत में रहते हुए एनडीए का नेतृत्व करती रही थी. बाजपेयी सरकार के समय एनडीए का एक संयोजक भी हुआ करता था. लेकिन अब तक एनडीए पूरी तरह भाजपा नेतृत्व के भरोसे ही है. नरेंद्र मोदी ने लगतार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है. इसके पहले जवाहर लाल नेहरू तीन चौथाई बहुमत के साथ भारत का नेतृत्व कर चुके हैं. प्रधानमंत्री पद पर अटल बिहारी बाजपेयी ने भी तीन बार शपथ ली थी, लेकिन उनका एक ही कार्यकाल पांच सालों का रहा था. प्रधानमंत्री पद पर अब तक केवल इंदिरा गांधी ने चार बार शपथ ली है. पहली बार 1966 में, दूसरी बार 1967 में, तीसरी बार 1971 में ओर चौथी बार 1980 में. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने इस तीसरे कार्यकाल में संसद में एक मजबूत विपक्ष का सामना करना होगा, जो सदन और सदन के बाहर चुनौती देने के लिए तत्पर है. 2024 के चुनाव में विपक्ष का मनोबल मजबूत हुआ है. वे नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर तो नहीं कर पाए, लेकिन इस सवाल को जरूर खड़ा कर दिया है कि प्रधानमंत्री को अपने तीसरे कार्यकाल में पहले के दो कार्यकालों की तुलना में अलग तेवर और क्रियाशीलता का परिचय देना होगा. भारत गठबंधन राजनीति के नजरिए से भी एक परिपक्व लोकतंत्र बन चुका है. देखना होगा कि भाजपा गठबंधन की मर्यादा का आदर करेगी या फिर अपने ही दल का बहुमत जुटाने के लिए सहयोगियों या विपक्ष के दलों को तोड़ेगी. राज्यों का अनुभव बताता है कि भाजपा ने विपक्षी दलों और गठबंधनों को तोड़ कर अनेक राज्यों में सत्ता पायी है. महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा और मध्यप्रदेश इसके उदाहरण हैं. प्रधानमंत्री को जनादेश की व्याख्या के उन संकेतों को समझना होगा, जो नफरत की राजनीति के खिलाफ है. इसके साथ ही मोदी के नए कार्यकाल को बेरोजगारी, आरक्षण, जाति जनगणना, मंहगाई, आर्थिक असमानता और कारपारेट परस्त नीतियों को ले कर सजग रहना होगा. चुनावी जनादेश ने सभी दलों के लिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वे समावेशी और सहकार की राजनीति को आगे बढ़ाएं.

> 2024 के चुनाव में विपक्ष का मनोबल मजबूत हुआ है. वे नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर तो नहीं कर पाए, लेकिन इस सवाल को जरूर खड़ा कर दिया है कि प्रधानमंत्री को अपने तीसरे कार्यकाल में पहले के दो कार्यकालों की तुलना में अलग तेवर और क्रियाशीलता का परिचय देना होगा.

## सुभाषित

**घटं भिन्द्यात् पटं छिन्द्यात् कुर्याद्रासभरोहण ।**
**येन केन प्रकारेण प्रसिद्धः पुरुषो भवेत् ॥**

घड़े तोड़कर, कपड़े फाड़कर या गधे पर सवार होकर, चाहे जो भी करना पड़े, येन-केन-प्रकारेण प्रसिद्धि प्राप्त करना चाहिए. ऐसा कुछ लोगों का सिद्धान्त होता है. यह सिद्धांत कुछ समय के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन कभी न कभी भांडा तो फूट ही जाता है.

# सोनिया गांधी ने फिर खींची बड़ी लकीर

**कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सत्ता को लेकर एकबार फिर बड़ी लकीर खींच दी है. उन्होंने घटक दलों के नेताओं से कहा कि यदि वे किसी जल्दबाजी में सरकार बनाने की कोशिश करते हैं और वह कोशिश सफल नहीं होती है, तो इससे इंडिया गठबंधन के नेताओं की छवि सरकार बनाने को लालची लोगों की बन जाएगी.**



• देश-काल



बृजेंद्र दूबे

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पर्दे के पीछे रह कर नये सिरे से इंडिया गठबंधन में नया जोश भर दिया है. सोनिया गांधी नहीं चाहतीं कि जल्दबाजी में इंडिया गठबंधन सरकार बनाने के लिए ऐसा कोई कदम न उठाए, जो आगे चल कर आत्मघाती साबित हो. उनका साफ मानना है कि अपने अंतरविरोधों के चलते नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की मौजूदा सरकार अपने आप गिर जाएगी. बस इंडिया गठबंधन को इंतजार करना होगा. सोनिया गांधी का यह भी कहना है कि जनसरोकार के मुद्दों पर इंडिया गठबंधन को लगातार अपने राज्यों में सक्रिय रहना होगा. आनेवाले समय में कई राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों पर सबको मिल कर अभी से रणनीति बनानी होगी. जनता के करीब रह कर मौजूदा सत्ता की असलियत बतानी होगी. इस समय सबसे बड़ी जरूरत इंडिया गठबंधन की एकता है, इसमें किसी भी तरह की दरार नहीं आनी चाहिए. आप को बता दें कि सोनिया गांधी ने दूसरी बार ऐसी नैतिक ऊंचाई का मापदंड स्थापित किया है, जो पार्टी के साथ-साथ इंडिया गठबंधन को भी ताकत देने का काम करेगा. उन्होंने 2004 में भी यूपीए एक के समय भी स्वयं प्रधानमंत्री पद से पीछे हट कर इसी तरह का एक नैतिक मानदंड स्थापित किया था. और डॉ मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री का पद सौंप कर खुद को सत्ता से दूर कर लिया था. सोनिया गांधी के इस नैतिक बल के कारण ही कांग्रेस सरकार दस साल मजबूती के साथ चलती रही और इस दौरान जनता के हित में बड़े काम किए गए. नेता के अनुसार, इंडिया गठबंधन के नेता मानते हैं कि अब मोदी सरकार की असलियत लोगों के सामने आ गई है और उसकी कलई खुलने लगी है. इसलिए कांग्रेस को सही समय पर अपने पत्ते खोलने चाहिए जिसका दूरगामी लाभ हो सके.

लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एनडीए के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के नेताओं में भी भारी जोश दिखाई पड़ रहा था. इंडिया गठबंधन के नेता न केवल अपनी बढ़त पर जश्न मना रहे थे, बल्कि वे सरकार बनाने तक का दावा कर रहे थे. वे नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को अपने पाले में लाकर पूरा खेल बदलने की योजना बना रहे थे. लेकिन दिल्ली में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह एलान कर दिया कि वे सरकार नहीं बनाएंगे. खरगे के इस एलान ने एनडीए के ही नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को भी चौंका दिया. लोग यह समझ नहीं पा रहे थे कि सरकार बनाने की कोशिश करने की बजाय अचानक इस फ्रंट से अपना पैर वापस क्यों खींच लिया गया. लेकिन अब इसकी वजह सामने आ गई हैं. दरअसल, इंडिया गठबंधन के नेताओं को सरकार बनाने से पीछे हटने की यह सलाह सोनिया गांधी ने दी. उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में यह कहा कि सरकार बनाना उतना महत्त्वपूर्ण नहीं है, जितना कि जनता की नजर में अपनी विश्वसनीयता बरकरार रहना. उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने उनके (इंडिया गठबंधन) ऊपर बहुत भरोसा जताया है. यह भरोसा टूटना नहीं चाहिए. उन्होंने कहा कि जब इंडिया गठबंधन के पास पूरी संख्या नहीं है, ऐसे में यदि वे जल्दबाजी में सरकार बनाने की कोशिश करते हैं, तो जनता में गलत संदेश जाएगा. सोनिया गांधी ने कहा कि यदि वे किसी जल्दबाजी में सरकार बनाने की कोशिश करते हैं और वह कोशिश सफल नहीं होती है, तो इससे इंडिया गठबंधन के नेताओं की छवि सरकार बनाने को लालची लोगों की बन जाएगी. उन्होंने कहा कि आपसी अंतर्विरोध पर बन रही एनडीए सरकार में आपसी मतभेद उजागर होने के बाद इसका लाभ इंडिया गठबंधन के दलों-नेताओं को मिलेगा. उनके अनुसार इसका लाभ इसी साल के अंत में होने वाले हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में और इसके बाद दिल्ली-बिहार के विधानसभा चुनावों में दिखाई दे सकता है. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को अपनी नैतिक बढ़त नहीं गंवानी चाहिए. इसके बाद गठबंधन के सभी नेताओं ने इस पर सहमति दे दी.

माना जा रहा है कि नीतीश कुमार की फ्लाइट में तेजस्वी यादव का आना अनायास नहीं था. इस दौरान तेजस्वी यादव ने नीतीश के मन की बात को पूरी तरह भांप लिया. उन्होंने दिल्ली में इंडिया गठबंधन के नेताओं से यह बात खुल कर बता भी दी. उनके पलटने की किसी संभावना के न होने के बाद ही इंडिया गठबंधन के नेताओं ने सरकार बनाने से पीछे हटने का फैसला लिया. सरकार बनाने की बजाय वे सही समय का इंतजार करना ज्यादा बेहतर समझते हैं. दरअसल तेजस्वी यादव ने पटना-दिल्ली की फ्लाइट में चाचा नीतीश कुमार को खूब टटोला. इस दौरान नीताश कुमार ने साफ कर दिया कि वे फिलहाल तुरंत पलटने के मूड में नहीं है. इसके बाद तेजस्वी ने भी बात आगे नहीं बढ़ाई. तेजस्वी ने इंडिया गठबंधन की बैठक में अपनी राय दी, तो सभी दलों ने एकस्वर में मान लिया कि अभी तुरंत सरकार बनाने की पहल नहीं की जानी चाहिए. बल्कि समय का इंतजार करना चाहिए. यही बात टीडीपी के सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू को लेकर भी कही गयी. शरद पवार और एमके स्टालिन ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू बहुत दिनों तक नरेंद्र मोदी के साथ नहीं रह सकते. दोनों दो अलग-अलग ध्रुव हैं. समय बढ़ने के साथ टीडीपी और भाजपा के बीच दूरियां अपने आप बढ़ जाएंगी. कुल मिला कर आनेवाला समय दोनों पक्षों के लिए चुनौती पूर्ण होनेवाला है. नरेंद्र मोदी को अपने पहले दो कार्यकालों से इतर अपने कार्पोरेट मित्रों का मोह त्याग कर जनहित के मुद्दों की तरफ ध्यान देना होगा. इसके साथ अपने एनडीए के घटक दलों की तमाम जायज-नाजायज मांगों को भी पूरा करना होगा. वहीं इंडिया गठबंधन दलों को एकजुटता बनाये रखते हुए जनता के आवाज उठाते रहना होगा. और कई राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों पर फोकस करते हुए भाजपा को हराने की रणनीति तैयार करनी होगी. दिल्ली की सत्ता के लिए किसी भी तरह के जोड़-तोड़ और लालच से इंडिया गठबंधन को खुद को दूर रखना होगा. शायद यही सोनिया गांधी की सलाह है... क्योंकि सत्ता तो आनी-जानी है. विपक्ष जनता की नजर में जितना अधिक बना रहेगा, उसका कद और संख्याबल खुद ब खुद बढ़ता जाएगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## श्रेयस्कर स्थायी सुख

हमें सच बोलकर सदा अच्छा महसूस होता है, आत्मिक शान्ति और संतुष्टि का अनुभव होता है, पवित्रता का एहसास होता है और सच बोलना सहज भी लगता है. वहीं जब झूठ का आश्रय लेना पड़े तो मन कचोटता है, गला सूखता है, दिल बैठ सा जाता है. वह इसलिए कि झूठ हमारी सहज स्वभाविक प्रतिक्रिया नहीं होती. सच कठिन हो सकता है, पर प्रकट करते हुए बड़ा सहज महसुस होता है, और परिणाम संतोष प्रदान करता है. लेकिन सवाल उठता है कि इन पर चलना जब हमारे जीवन का स्वभाव है तो हम इन पर चल क्यों नहीं पाते? विषम परिस्थितियां आते ही डगमगा क्यों जाते हैं? क्यों आसान लगता है अनैतिक हो जाना, क्यों निष्ठावान रहना दुष्कर लगता है? कारण साफ है, क्षणिक सुख और सुविधा की तरफ ढल पडना बहुत ही आसान होता है, जबकि दृढ मनोबल बनाए रखना, कठिन पुरूषार्थ की मांग करता है. जिस तरह हीरे में चमकने का प्राकृतिक स्वभाव होने के उपरांत भी वह हमें प्राकृतिक चमकदार प्राप्त नहीं होता. हीरा स्वयं बहुत ही कठोर पदार्थ होता है. उसे चमकाने के लिए, उससे भी कठोर व तीक्ष्ण औजारों से प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है. उसकी आभा उभारने के लिए कटाई-घिसाई का कठिन श्रम करना पडता है. दाग वाला हिस्सा काट कर दूर करना पडता है. उस पर सुनियोजित और सप्रमाण पहलू बनाने होते है. सभी पहलुओं घिस कर चिकना करने पर ही हीरा अपनी उत्कृष्ट चमक देता है. अगर हीरे में चमक अभिप्रेत है तो उसे कठिन श्रम से गुजरना ही पडेगा. ठीक उसी प्रकार सद्‌गुण हमारी अंतरात्मा का स्वभाव है, अपनाने कठिन होते ही है. सदाचार हमारे जीवन के लिए हितकर है, श्रेयस्कर है. यदि जीवन को दैदिप्यमान करना है तो कठिन परिश्रम और पुरूषार्थ से गुजरना ही होगा है. यदि सुंदर चरित्र का निर्माण हमारी ज्वलंत इच्छा है तो कटाव धिसाव के कठिन दौर से गुजरना ही होगा. सुहाते तुच्छ स्वार्थ के दाग हटाने होंगे. आचार विचार के प्रत्येक पहलू को नियमबद्ध चिकना बनाना ही होगा. यदि लक्ष्य उत्कृष्ट जीवन है तो स्वभाविक है, उन मूल्यों को प्राप्त करने लिए पुरुषार्थ भी अतिशय कठिन ही होगा.यदि हम गहनता से विचार करें तो पाएंगे कि जो व्यक्ति अपने जीवन मूल्यों पर अडिग रहता है, निडर होकर जीता है. उसका अंतस आत्मबल से और भी निखर उठता है. जो भी इन मूल्यों को अपनाता हैं, उसे कर्तव्य निष्ठा का एहसास होता है. वह निर्भय होकर अपनी बात कहता है, स्वार्थ अपूर्ति से उपजने वाला भय उसे नहीं होता क्योंकि उसे कोई स्वार्थ ही नहीं होता. वह हर पल स्वयं को सुरक्षित अनुभव करता है. मानव जीवन के लिए वस्तुतः स्थायी सुख ही श्रेयस्कर है.

# इंदौर में स्वीकारने व नकारने के दो अनूठे रिकॉर्ड

• काबिले गौर

हेमंत पाल

इस बार के लोकसभा चुनाव में जो अजूबे हुए उनमें 'नोटा' में रिकॉर्ड वोट पड़ना भी एक है. यह कमाल इंदौर संसदीय क्षेत्र में हुआ. लेकिन, इसी सीट पर भाजपा उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट भी मिले और वे देश में सबसे बड़े अंतर से जीतने वाले उम्मीदवार भी बने. एक शहर में एक ही चुनाव में दो ऐसे रिकॉर्ड बने, जो एक-दूसरे के विपरीत रहे. यानी सर्वाधिक स्वीकार्य भाजपा उम्मीदवार रहे. वे देश में सबसे ज्यादा अंतर से जीतने वाले नेता भी रहे. लेकिन, 'नोटा' में वोट देकर सबसे ज्यादा मतदाताओं ने उन्हें अस्वीकार्य भी किया! पेंच सिर्फ इतना था कि भाजपा उम्मीदवार के सामने कांग्रेस का कोई उम्मीदवार नहीं था. दरअसल, इंदौर में कोई नहीं हारा. भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी को 12 लाख 26 हजार 751 वोट मिले और वे 11,75,092 वोटों के बड़े अंतर से जीते. जबकि, कांग्रेस की अपील पर 'नोटा' में 2,18,674 वोट पड़े, जो देश में एक रिकॉर्ड है. इंदौर ऐसा शहर रहा, जिसके मतदाताओं ने एक ही चुनाव में स्वीकारने और नकारने का रिकॉर्ड बनाया. भाजपा उम्मीदवार ने देश में सबसे ज्यादा वोट पाकर और सबसे बड़े अंतर से चुनाव जीता, तो यहीं सबसे ज्यादा वोट 'नोटा' में भी गिरे. इस तरह इंदौर में दो अलग-अलग तरह के रिकॉर्ड बने. ऐसी स्थिति में भाजपा देश में अपनी सबसे बड़ी जीत का जश्न मना रही है और कांग्रेस 'नोटा' में पड़े रिकॉर्ड वोटों का. तात्पर्य यह कि दोनों ही पार्टियां अपनी-अपनी उपलब्धियों से खुश हैं. मतदान और नतीजों से पहले इंदौर संसदीय सीट के नतीजे को लेकर यहां न तो कोई उत्सुकता थी और न नतीजे का इंतजार. इस सीट पर कोई मुकाबला भी नहीं था. सारी उत्सुकता सिर्फ दो आंकड़ों को लेकर बची थी. पहला तो यह कि भाजपा उम्मीदवार अपने निकटतम उम्मीदवार से कितने अंतर से चुनाव जीतते हैं. दूसरा, 'नोटा' के खाते में जाने वाले वोट कितने होंगे. रिकॉर्ड बनाना और कुछ नया करना इंदौर वासियों आदत रही है. स्वच्छता में सात बार अव्वल रहने वाला इंदौर अब राजनीतिक उलटफेर में भी देश में छाया हुआ है. इस संसदीय क्षेत्र में इस बार जो हुआ, वह चुनाव इतिहास में अजूबा ही कहा जाएगा. यहां जिस दिन नाम वापसी का दिन था, उसी दिन कांग्रेस के उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लेकर कांग्रेस पार्टी को मुकाबले से बाहर कर दिया. उन्होंने न सिर्फ चुनाव मैदान छोड़ा, बल्कि उसी समय प्रतिद्वंद्वी पार्टी भाजपा में शामिल भी हो गए. यह भी तो देश के चुनाव इतिहास में हुई अजीब घटना थी. इस पर कांग्रेस ने कोई नया प्रयोग नहीं किया और बजाय किसी निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने के एक तरह से समर्पण कर दिया. लेकिन, मतदाताओं से यह आह्वान जरूर किया कि वे यदि इन हालात को लोकतंत्र के लिए सही नहीं मानते तो ईवीएम मशीन का सबसे आखिरी वाला 'नोटा' का बटन दबाएं. इससे देश के सामने यह संदेश जाएगा कि जो हुआ वो ठीक नहीं था. कांग्रेस की इस अपील का अच्छा असर हुआ और 'नोटा' खिलखिला उठा. सवाल उठता है कि इंदौर में 'नोटा' में सबसे ज्यादा वोट डालने वाला इलाका कौन-सा था, तो निर्वाचन आयोग ने इसका हिसाब भी दे दिया. देखा गया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में 'नोटा' को बंपर वोट मिले. इंदौर के विधानसभा क्षेत्र-5 में सबसे ज्यादा 53133 वोट मिले. खजराना और आजाद नगर भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र आते हैं. इसके बाद सबसे ज्यादा वोट इंदौर विधानसभा क्षेत्र-1 में 31835 में 'नोटा' के खाते में गए. चंदन नगर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है. विधानसभा क्षेत्र-2 में 21330 वोट, इंदौर क्षेत्र-3 में 23618, इंदौर क्षेत्र-4 में 22956, राऊ में 28626, देपालपुर में 17771 और सांवेर में 19086 वोट मतदाताओं ने 'नोटा' को दिए.इस शहर ने चुनाव के इतिहास में अपना नाम अलग तरह से दर्ज कराया है. यहां 25 लाख से ज्यादा मतदाता हैं. इनमें से करीब साढ़े 15 लाख ने वोट डाले. तय था कि इसमें ज्यादातर वोट उस भाजपा उम्मीदवार के खाते में जाएंगे, जिसके सामने कोई मुकाबले में ही नहीं था. कांग्रेस ने 'नोटा' को अपने उम्मीदवार की तरह माना और अपील की थी, कि वे ईवीएम में 'नोटा' का बटन दबाकर अपना विरोध दर्ज करें. इस वजह से उम्मीद की जा रही थी कि 'नोटा' में सर्वाधिक वोट का देश में दर्ज पुराना रिकॉर्ड टूटेगा, जो अभी तक बिहार की गोपालगंज संसदीय सीट के नाम दर्ज है. वहां 2019 में 'नोटा' के खाते में 61,550 वोट पड़े थे. अनुमान था कि इस बार इंदौर इस आंकड़े से बहुत आगे निकल सकता है. भाजपा उम्मीदवार ने पिछला चुनाव साढ़े 5 लाख वोटों के अंतर से जीता था. इस बार उम्मीदवार 11 लाख से ज्यादा वोटों से जीते. इससे एक तरफ ईवीएम में 'नोटा' के बटन दबाने का रिकॉर्ड बना, दूसरी तरफ भाजपा उम्मीदवार की जीत का.

> मतदान और नतीजों से पहले इंदौर संसदीय सीट के नतीजे को लेकर यहां न तो कोई उत्सुकता थी और न नतीजे का इंतजार. इस सीट पर कोई मुकाबला भी नहीं था. सारी उत्सुकता सिर्फ दो आंकड़ों को लेकर बची थी. पहला तो यह कि भाजपा उम्मीदवार अपने निकटतम उम्मीदवार से कितने अंतर से चुनाव जीतते हैं. दूसरा, 'नोटा' के खाते में जाने वाले वोट कितने होंगे.

# राजनीतिक क्षितिज से ओझल नवीन पटनायक

• सियासत

सुशील

केवल एक भावुक रोमांटिक व्यक्ति ही ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बारे में इस समय सोच सकता है, जो बीजेडी प्रमुख के जीवन के सबसे बुरे दिन हैं. नवीन पटनायक इतिहास बन चुके हैं और उन्हें सामान्य सार्वजनिक जीवन से भुला दिया जायेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने ओडिशा में बीजू जनता दल के सुचारू रूप से चलने वाले शासन को एक शानदार प्रदर्शन के साथ रोक दिया, जिसका भगवा पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरण नहीं कर सकी. एक तरह से कहें तो अगर नवीन पटनायक हार गये हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्रीय स्तर पर कोई कमाल नहीं किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में साहस का परिचय दिया, लेकिन भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के चेहरों पर दिख रही उदासी कुछ और ही कहानी बयां कर रही थी, जिसे नवीन पटनायक ने नजरअंदाज कर दिया होता. इनमें से कोई भी भाजपा नेता ओडिशा में भाजपा की शानदार जीत या मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रहा था. वे तो केवल नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन के आसन्न अंत को देख रहे थे. लोकसभा में साधारण बहुमत हासिल न कर पाने पर भाजपा में व्याप्त दुख ने ओडिशा में पार्टी की जीत को पूरी तरह से मिटा दिया, यहां तक कि बेहद मुखर संबित पात्रा भी अपनी आवाज नहीं निकाल पाये. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि ओडिशा की 20 लोकसभा सीटें भाजपा ने न जीती होतीं, तो उनके लिए उनकी भी कर्कश आवाज गुम हो जाती. ओडिशा ने मोदी और भाजपा को तत्काल शर्मसार होने से बचा लिया. प्रभु पुरी जगन्नाथ ने पात्रा की 'जुबान फिसलने' को माफ कर दिया होगा. क्या लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद भाजपा मोदी की शान को याद करेगी? क्या ओडिशा को बीजू जनता दल के पूरी तरह से खत्म हो जाने के बाद नवीन पटनायक का शांत स्वभाव याद आयेगा? 'जो जीता वही सिकंदर' वाली कहावत नवीन पटनायक के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी लागू होती है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू सुर्खियों में हैं, जबकि नवीन पटनायक को इस लेख में विराम चिह्न या विस्मयादि बोधक चिह्न तक नहीं मिलेगा. चंद्रबाबू नायडू ने वह हासिल किया जो नवीन पटनायक दो दशकों से हासिल कर रहे थे. लेकिन ओडिशा में बीजेडी की जीत नवीन पटनायक को सुर्खियों में नहीं ला सकती थी, क्योंकि वह व्यक्ति राष्ट्रीय सुर्खियों का लालच नहीं करता था. वह नई दिल्ली के शोरगुल वाले सत्ता गलियारों के बजाय ओडिशा के अपने शांत कोने को पसंद करता था. टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू के विपरीत, जो एक समय में दिल्ली के मंच पर 'राजनीतिक प्लेबॉय' की तरह चलते थे, कठिन सौदेबाजी करते थे और कठिन गिरावटों को झेलते थे. क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गठबंधन की राजनीति की मजबूरियों के चलते झुकेंगे और बिहार, आंध्र प्रदेश और 'भाजपा के अपने ओडिशा' को 'विशेष दर्जा' देंगे, जबकि वे बराबरी के लोगों में से एक हैं और भाजपा को अपनी 'डबल इंजन' वाली छवि खोने का खतरा है? यह कितना बड़ा पतन है - आज यहां, कल कहां? नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक दोनों के सितारे गर्दिश में हैं. प्रधानमंत्री मोदी अपने सत्ता के दिनों से बाहर निकल चुके हैं और नवीन पटनायक के मुख्यमंत्री के रूप में करियर को चुपचाप दफना दिया गया है. नवीन पटनायक को ओडिया पर 'एक तमिल' थोपना नहीं चाहिए था. वीके पांडियन नवीन पटनायक के हाथ मिलाने के लिए मौजूद नहीं होंगे. नवीन पटनायक ने राज्य के दो विधानसभा क्षेत्रों, कांटाबांजी और हिंजिली से चुनाव लड़ा. वे एक से हार गये और दूसरे से जीते. क्या वे विधानसभा में उतनी बार आयेंगे, जितनी बार वे आते, अगर बीजेडी ने शासन करने का अधिकार नहीं खोया होता? इसके अलावा, केंद्र में सरकार बनाने में बीजेडी की कोई भूमिका नहीं है. लेकिन फिर नवीन पटनायक ने सत्ता में रहते हुए भी दिल्ली की राजनीति में कभी अपनी बात नहीं रखी. पटनायक का खुद को अलग-थलग कर लेना, बीजेडी के सामने नई प्रतिकूल परिस्थितियों में और भी मजबूत हो गया है. नवीन पटनायक और चंद्रबाबू नायडू की तुलना करना, नरेंद्र मोदी और मनमोहन सिंह की तुलना करने जैसा है. एक कार्यकारी सफारी में लिपटा हुआ है और दूसरा घरेलू सादगी में लिपटा हुआ है.

> नवीन पटनायक को ओडिया पर 'एक तमिल' थोपना नहीं चाहिए था. वीके पांडियन नवीन पटनायक के हाथ मिलाने के लिए मौजूद नहीं होंगे. नवीन पटनायक ने राज्य के दो विधानसभा क्षेत्रों, कांटाबांजी और हिंजिली से चुनाव लड़ा. वे एक से हार गये और दूसरे से जीते. क्या वे विधानसभा में उतनी बार आयेंगे, जितनी बार वे आते, अगर बीजेडी ने शासन करने का अधिकार नहीं खोया होता?

## मीडिया में अन्यत्र

# कर्मचारियों की आयु से जुड़ी बहस

**भारत** में कार्यस्थलों पर कामगारों की आयु को लेकर समस्या देखने को मिल रही है. भर्ती एजेंसी रैंडस्टैड द्वारा करीब 1,000 प्रतिभागियों पर किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक उनमें से 40 फीसदी को कार्यस्थल पर उम्र से संबंधित भेदभाव का सामना करना पड़ा या वे ऐसी घटनाओं के साक्षी बने. 55 वर्ष से कम आयु के 42 फीसदी प्रतिभागियों ने उम्र संबंधी भेदभाव का सामना किया या उसके गवाह बने, जबकि 55 वर्ष से अधिक आयु के 29 फीसदी प्रतिभागियों के साथ ऐसा हुआ. सर्वेक्षण में शामिल 55 से कम उम्र के आधे से थोड़े अधिक प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें लगता है उनकी कदर की जाती है, जबकि 55 से अधिक उम्र के 63 फीसदी कर्मचारियों ने ऐसा कहा. 35 वर्ष से कम आयु के 32 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनकी कदर नहीं की जाती है या उन्हें पर्याप्त वेतन नहीं मिलता. यह पूर्वाग्रह रोजगार के विज्ञापनों में भी नजर आता है और यहां 61 फीसदी ने नौकरी के लिए आयु या अनुभव वर्षों को मानक बनाया है. इस क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियां अग्रणी हैं. अन्य तरह के पूर्वाग्रह भी आयु से संबंधी भेदभाव को बढ़ाते हैं. 42 फीसदी महिलाओं ने कहा कि उन्हें ऐसे भेदभाव का अनुभव होता है, जबकि ऐसा महसूस करने वाले पुरुषों की तादाद केवल 37 फीसदी थी.एक स्तर पर कार्यस्थल पर रिवर्स एजिस्म (युवाओं के साथ भेदभाव) चकित नहीं भी करता है क्योंकि भारत की जनांकिकी युवा है और देश की 65 फीसदी से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है. हमारी पारंपरिक सामाजिक भावना भी बुद्धि और काबिलियत को उम्र से जोड़कर देखने की रही है. परंतु व्यापक पैमाने पर देखें तो इस सर्वेक्षण में शामिल युवाओं जैसे काबिल युवा जरूरी अनुभव प्राप्त करके रिवर्स एजिस्म की समस्या से निजात पा सकते हैं. वास्तव में चिंता इस बात को लेकर होनी चाहिए कि संस्थानों में आयु संबंधी भेदभाव की प्रवृत्ति घर कर गई है. दो अंतःसंबंधित तथ्य अगली पीढ़ी में कार्यस्थल को प्रभावित करेंगे. पहला तो यह कि संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनपीएफ) के अनुसार बुजुर्गों की दशकवार वृद्धि की दर 2011-21 के 35.5 फीसदी से बढ़कर 2021-31 तक 41 फीसदी हो जाएगी और आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी भी दोगुनी होकर 20 फीसदी से अधिक हो जाएगी. यूएनपीएफ के अनुसार 2046 तक बुजुर्गों की आबादी 15 वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चों की आबादी को पार कर जाएगी. अप्रत्याशित और तीव्र गति से उम्रदराज होती आबादी और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के साथ अगर इस तथ्य को शामिल कर लिया जाए कि भारत में सेवानिवृत्ति की आयु विश्व स्तर पर प्रायः सबसे कम है तो इससे यही संकेत मिलता है कि जल्दी ही देश की आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसे सेवानिवृत्त लोगों का होगा जो अपनी बचत पर निर्भर होंगे. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### ज़माना/जमाना

**छोड़** दो आंचल ज़माना क्या कहेगा......सारा ज़माना हसीनों का दीवाना.....चलो न हंस की चाल ज़माना दुश्मन है......आपके कमरे में कोई रहता है हम नहीं कहते ज़माना कहता है.......ज़माने की ये सारी बातें मैं नहीं कह रहा, बल्कि फिल्मी गीतकारों की जुबानी सारा ज़माना कहने लगा है. हिंदी फिल्मों में ऐसे कितने ही गाने बने हैं, जिनका केंद्र ज़माना है. ज़माना शब्द में ऐसी कोई बात नहीं है, जिसे रोमांटिक कहा जा सके, लेकिन गीतकारों के रोमांटिक अंदाज में किये गये प्रयोग ने ज़माना को रोमांटिक बना दिया है. ज़माने को समझने पर पता चला कि इससे बिलकुल मिलता जुलता शब्द है जमाना. दोनों के भौतिक अर्थ को आप समझ सकते हैं. एक जमाना के ज अक्षर में नुक्ता लगा है और दूसरे में नुक्ता नहीं है. हालांकि हिंदी भाषा में नुक्ता का प्रयोग नहीं होता, लेकिन ज़माना और जमाना के बीच के अंतर को समझाने के लिए एक जमाने में नुक्ता का प्रयोग करना पड़ा है. ज़माना अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है युग, दौर, समय, काल, वक्त. जैसे कहते हैं कि मेरे बाप-दादा के ज़माने में टेलीफोन तो था, लेकिन मोबाइल नहीं था. अगर कोई यह कहता है कि मुझे रसगुल्ला खाये एक ज़माना हो गया तो इस जमाने का मतलब है मुद्दत, बहुत ज्यादा समय, अरसा. भारत में कभी अंग्रेजों का ज़माना था, मतलब अंग्रेजों के उत्कर्ष या गौरव के दिन थे यानी राज्यकाल था. इस ज़माने में क्या क्या नहीं होता. मतलब इस दुनिया या संसार में सबकुछ होता है. दूसरा जमाना यानी बिना नुक्ता वाले जमाना हिंदी का सकर्मक क्रिया है. इसका मतलब है स्थापित करना. एक छोटी सी नौकरी ने उसे रांची में जमा दिया. सीमेंट ने बड़े पत्थर को दीवार पर जमा दिया यानी मजबूती से टिका दिया. अच्छा दही जमाना हर आदमी के वश की बात नहीं होती. जमाना मतलब चलने लायक बनाना, अच्छी तरह चोट करना, उगाना, उपजाना.

# बोलो गुरुघंटाल महाराज की जय!!

• तीर-तुक्का

अशोक गौतम



अपने गुरुघंटाल पूरनचंद जी महाराज श्री श्री लकड़ काठ श्री परम संसारी हैं. समय-समय पर उनके तीनों बंदर उनके सुसंग में रह उपदेश ग्रहण किया करते थे. एक दिन उनके सबसे चालाक बंदर ने महाराज के दिमाग की परीक्षा लेते हुए कि महाराज का दिमाग अपडेट है भी कि नहीं, उनसे प्रश्न किया, 'हे गुरुघंटाल! मेरा किसी से लड़ाई करने को मन बड़ा मचल रहा है. बड़े दिन हो गए किसीसे बिना लड़ाई किए. ऐसे में लड़ाई में जीत का सबसे सशक्त हथियार क्या है?' अपने शिष्य की लंपटी पिपासा को शांत करते हुए गुरुघंटाल ने कहा, 'हे मेरे प्रिय शिष्य! लड़ाई में जीतने का सबसे आसान तरीका यह है कि लड़ाई में मर्द पीछे दुबका रहे और अपनी घरवाली की इज्जत की परवाह किए बिना उसे थाने में खड़ा करता रहे. इसका प्रमाण देते हुए मैं तुम्हें एक रोचक कथा सुनाता हूं,' जंबू द्वीप में एक पंडितों का गांव था. उस गांव में पूरनानंद का परिवार रहता था. महादंगई! वह गांववालों से लड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढता रहता. पूरनानंद का अपनी पत्नी पर कतई भी कंट्रोल न था. जब भी गांव में उसका किसी से लड़ाई करने का मन होता तो वह अपनी औरत को आगे कर देता, बेचारा कहीं का! और वह सती सावित्री लोगों पर अपनी इज्जत हनन के झूठे आरोप जड़ देती, ऐसे आरोप कि उन्हें सुन आरोप भी पानी-पानी हो जाते. और बेचारे आरोप अपनी इज्जत लिए भाग खड़े होते. औरत जात का लाभ उसे हर बार मिल जाता. गांव के कुछ लोग शर्म के मारे ,तो कुछ उसकी बेशर्मी को देख चुप हो जाते या अपनी हार मान लेते . जिसके चेहरे पर नाक ही न हो उसे औरों की नाक उतारने में बड़ मजा आता है, आना भी चाहिए! पूरनानंद की औरत की तरह. देखते ही देखते वह जिस से लड़ती जीत जाती. उसका बेटा मां द्वारा जीते केसों की लिस्ट बनाने में मग्न रहता. उसका पति ऐसी पत्नी को पा फूला न समाता. सही होते हुए भी अब गांव में उससे कोई भी पंगा न लेता. अब घर में तो पूरनानंद के पूरे आनंद थे ही,गांव भी पूर्णानंद की दशा को प्राप्त हो गया.' बोलो पूरनचंद महाराज की जय! तब महाराज के दूसरे बंदर ने पूछा,' भगवन, आज के रेलमपेल के दौर में स्वर्ग कैसे प्राप्त हो?' महाराज गंभीर हो बोले, 'हे मेरे प्रिय बंदर! जो संसारी औरों के हक हड़पते हैं, जिनका अपना सिर नंगा होता है पर ,औरों की पगड़ी उछाल कर परिश्रम से चूर हुए रहते हैं, जो औरों के लिए सदा गड्ढा खोदते हैं,ऐसे सज्जनों को सदा स्वर्ग की प्राप्ति होती है. तब तीसरे बंदर ने अपना प्रश्न किया,'हे मेरे परम प्रिय गुरु घंटाल! इस लोक में सबसे सुखी कौन है?' तब गुरु घंटाल ने उसकी भी पिपासा को शांत करते हुए कहा, 'जिसके चित्त संतोष है, जो जिओ और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास रखता है,वह इस लोक का सबसे बड़ा दरिद्र है. जो इच्छाओं का भक्त है, जिसकी नजरें हमेशा गिद्ध की तरह औरों की थाली पर ही जमी रहती हैं, वही सच्चा धनवान है.

# सुकून

**दो चर्चित मामले मौत के अंजाम तक ले गए डेटिंग ऐप**


**केस वन** 18 मई 2022 को दिल्ली में एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या कर दी थी. दोनों की मुलाकात भी 2019 में डेटिंग ऐप से ही हुई थी. आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने कबूल किया था कि वह 2019 में एक डेटिंग ऐप के जरिए श्रद्धा से मिला था. उसने अपनी गर्लफ्रेंड के 35 टुकड़े किए थे.

**केस टू** गाजियाबाद में एक शख्स ने डेटिंग ऐप पर समलैंगिक पार्टनर को खोजा. बीते 2 मई को उसकी हत्या कर दी. हत्या से पहले उससे संबंध बनाने का खुलासा भी पुलिस की जांच में हुआ. ये दो मामले बताते हैं कि डेटिंग ऐप युवाओं में कैसी विकृति फैला रहे हैं.

## संस्कार को भूल धोखे की राह पर बढ़ रहे युवा

# सुकून-चैन पर भारी पड़ रही डेटिंग ऐप की ये नजदीकियां

***डेटिंग ऐप युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं. इस ऐप के जरिए लड़के और लड़कियां कई लोगों से मिल रहे हैं. इसके बाद हाय हेलो से बात शुरू होकर बाबू-सोना तक पहुंच रही है. संस्कार को परे कर एक-दूसरे को डेट करते करते बात फिजिकल रिलेशनशिप तक बात पहुंच जा रही है. युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय ये डेटिंग ऐप बेवफा साबित हो रहे हैं. धोखा खाने और गलत पार्टनर चुनने की वजह से युवा और टीनएजर्स मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं. टीनएजर्स और युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों पर भी इसका असर पड़ रहा है. अपने बच्चों में अचानक से बदलाव देखकर वे भी परेशान और हैरान हैं. इन वजहों से उन्हें भी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है. इस तरह के मामले लगातार मानसिक चिकित्सालय में आ रहे हैं.***



अभिलाषा शाहदेव

देश में मेट्रोपॉलिटन सिटी में शुरू हुआ डेटिंग एप्स का दौर अब टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में भी तेजी से चलन में आ गया है. इन शहरों के युवा भी धड़ल्ले से इस ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं. इन एप्स में पार्टनर चुनने के कई प्रेफरेंस दिये गये हैं. इस ऐप में खूबसूरत चेहरे के साथ-साथ एक दूसरे की पसंद ना पसंद और उम्र के आधार पर भी पार्टनर चुनने का ऑप्शन है. इन्हीं ऑप्शन के आधार पर युवा और वयस्क भी अपने पार्टनर चुन रहे हैं. वर्तमान में इस ऐप के इतने यूजर्स है कि युवा राइट पार्टनर चूज नहीं कर पाते. एक पार्टनर होने के बाद भी वो हमेशा बेहतर की तलाश में लगे रहते हैं. कभी-कभी तो इस ऐप के जरिए पार्टनर ढूंढना भी खतरनाक होता है. खूबसूरत चेहरे और चकाचौंध को देखकर युवा और टीनएजर्स गलत पार्टनर चुन ले रहे हैं. जिसकी वजह से या तो उनको निराशा हाथ लग रही है या फिर वो धोखे का शिकार हो रहे हैं. इस वजह से युवा फ्रस्ट्रेशन के शिकार हो रहे हैं.

## धोखा, गम का ऐप

रांची की रहने वाली स्वाति (काल्पनिक नाम) बताती हैं कि डेटिंग एप के चक्कर में उसके दो साल बहुत कष्ट में गुजरे. वह मानसिक रूप से इतना परेशान थी कि समझ में नहीं आ रहा था क्या करें और क्या नहीं. स्वाति कहती है कि साल 2018 में डेटिंग एप के माध्यम से वह एक लड़के के संपर्क में आयी थी. काफी दिनों तक दोनों के बीच बातचीत हुई. इसके बाद नंबर एक्सचेंज किया. कई बार एक-दूसरे मिले. इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी. दोनों ने कई लम्हें एक साथ गुजारे. लेकिन लड़के ने उसे धोखा दे दिया. उसने किसी और से शादी कर ली. बताया कि इस घटना ने उसे अंदर से तोड़ दिया था. कई बार उसने सुसाइड करने का भी सोचा. इसके बाद उसने अपनी परेशानी अपनी मां और दोस्तों के साथ शेयर की. बताया कि उनके समझाने के बाद वह खुद को संभाल पायी और फिर से एक नयी जिंदगी की शुरुआत की.



## डेटिंग ऐप्स पर कितने यूजर

डेटिंग ऐप्स भारत में यूजरों की वास्तविक संख्या नहीं बताते, लेकिन अच्छी खासी संख्या में युवा इन डेटिंग ऐप्स पर प्यार की पिंगे बढ़ाने में मशगूल हैं. टिंडर की मानें तो कोरोना काल में 2020 में टिंडर में मैसेज के आदान-प्रदान में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. जबकि इसी दौरान कपल्स के बीच चैट करने की दर में 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. आई क्यूब की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 62.2 करोड़ लोग इंटरनेट के एक्टिव यूजर हैं.

## केवल टाइमपास!

रांची के रहने वाले प्रत्यूष ने बताया कि डेटिंग एप युवाओं के लिए बहुत ही घातक है. यह ऐप फ्लर्ट और टाइम पास करने का एक जरिया है. उसने बताया कि लॉकडाउन के समय उसने इस डेटिंग एप का इस्तेमाल शुरू किया. इस ऐप के माध्यम से उसकी दोस्ती एक लड़की से हुई. प्रोफाइल पिक्चर देखकर उसका उसपर दिल आ गया था. इसके बाद दोनों के बीच बातें शुरू हुई और फिर कई महीनों के बाद दोनों ने एक दूसरे से मिलने का फैसला किया. बताया कि लड़की जैसी प्रोफाइल पिक्चर में दिखती थी, रियल लाइफ में उससे काफी अलग थी. इसके बावजूद उसने उस लड़की के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया. कुछ ही दिनों के बाद देखा कि उसी लड़की से उसका दोस्त भी बात कर रहा है. इसके बाद उसने अपने दोस्त से उस लड़की के बारे में पूछा. तो उसने बताया कि वह उस लड़की से काफी दिनों से बात कर रहा है. कई बार उससे मिला भी है. यह सुनकर उससे काफी बुरा लगा. इसके बाद उसने उससे उस लड़की से बात बंद कर दिया. काफी दिनों तक वह तनाव में रहा. लेकिन धीरे-धीरे वह इससे उबरा.


## महंगे हैं ये ऐप

अभिमन्यू ने बताया कि उसने दोस्तों के कहने पर डेटिंग ऐप डाउनलोड किया था. इस दौरान उसने कई लड़कियों से बातचीत की. लेकिन ऐप का इस्तेमाल करने के लिए काफी चार्जेस लगते थे तो फिर उसने अपना प्रोफाइल डिलीट कर दिया.

## छूट रहे संस्कार

रांची की रिया, जो नयी दिल्ली में रहती है वो बताती है कि 2019 में उसने डेटिंग ऐप डाउनलोड किया था. इस दौरान वो एक लड़के से मिली. वो भी दिल्ली में ही रहता है. ऐप पर उससे कई दिनों तक बातचीत की. इसके बाद नंबर एक्सचेंज किया. कई बार उससे मिली. बताया कि मिलते-मिलते दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गयी. इसके बाद वो उसके साथ लीव इन रिलेशनशिप में रहने लगी. यह बात उसके माता-पिता को पता चला तो वे उसे लेकर रांची आ गये. बताया कि वह करीब 5 से छह महीने उस लड़के के साथ रही. रांची आने के बाद वो काफी डिप्रेशन में चली गयी थी. क्योंकि वह उस लाइफ स्टाइल की आदि हो चुकी थी. इसके बाद उसके माता पिता उसे साइकोलॉजिस्ट के पास ले गये. उसके कई सेशन चले. तब जाकर वह खुद को उबार पायी. बताया कि उसके साथ-साथ उसके माता-पिता भी काफी परेशान रहे.

## मनोचिकित्सक का कहना है



डॉ. मधु कुमारी गुप्ता

"सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर मधु कुमारी गुप्ता का कहना है कि युवा पीढ़ी धड़ल्ले से डेटिंग ऐप का इस्तेमाल कर रही है, जो उनके लिए घातक साबित हो रहा है. युवाओं में पेशेंस की कमी होती जा रही है. रिजेक्शन की आशंका की वजह से हमेशा तनावग्रस्त रहते हैं. मानसिक रुप से बीमार हो रहे हैं. युवा एक ही विचारों में फंस कर रह जाते हैं. ना तो खुद पर ना ही अपने प्रियजनों के पर ध्यान दे पाते हैं. इन सब कारणों और उपकरणों पर आश्रित होने की आदतों की वजह से आत्महत्याएं और गंभीर शारीरिक व मानसिक विकृति भी बढ़ रही है. मधु कुमारी गुप्ता ने बताया कि इन ऐप्स के इस्तेमाल के कारण युवाओं में पोर्न एडिक्ट की समस्या, साथी से चीट करने की आदत भी बढ़ रही है. 10 टीनएजर्स में से चार-पांच में ऐसी विकृति देखने को मिल रही है. मनोचिकित्सालय में ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं."

## इन ऐप्स का चलन

***ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स इस्तेमाल करने के मामले में भारत टॉप 5 देशों में शामिल है. इस लिस्ट में यूएस टॉप पर है. जबकि चीन दूसरे स्थान पर आता है. भारत में कई डेटिंग ऐप्स जैसे टिंडर, बंबल, बाडू, वू इस्तेमाल किये जा रहे हैं.***

- **टिंडर**

टिंडर एक निःशुल्क डेटिंग ऐप है. भारत में यह ऐप काफी लोकप्रिय है. यह 2012 में शुरू किया गया था. यह 13 भाषाओं में उपलब्ध है. इस डेटिंग ऐप का यूजर बेस तेजी से बढ़ रहा है. इस ऐप पर पहले आप फेसबुक के जरिये साइनअप कर सकते थे. लेकिन अब नंबर से भी आप इसमें रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. एक अनुमान के मुताबिक, इसके 1 बिलियन स्वाइपस हर रोज होते हैं. टिंडर में सब्सक्रिप्शन के कई विकल्प मौजूद हैं. जैसे निः शुल्क, प्रीमियम (प्लस, गोल्ड और प्लेटिनम, आदि) वीडियो चैट विकल्प के साथ है. प्रीमियम सब्सक्रिप्शन यूजर्स को अनलिमिटेड लाइक, रिवाइंड और पासपोर्ट जैसी सुविधाओं को अनलॉक करने की अनुमति देता है. मंथली बूस्ट सुविधा भी उपलब्ध है. इसके लिए आपको 500 डॉलर यानी करीब 41000 रुपये प्रति महीना देना होगा. इससे आपकी प्रोफ़ाइल 30 मिनट के लिए शीर्ष पर रहती है. गूगल के अनुसार, 100,000,000+ से ज़्यादा लोगों ने इसे डाउनलोड किया है.

- **वू**

वू एक ऐसा डेटिंग ऐप है, जो ज्यादातर अच्छे पढ़े लिखे प्रोफेशनल्स पर ही फोकस करता है. इसके यूजर्स ज्यादातर 40 से ज्यादा वाले लोग हैं. यह वॉयस इन्ट्रो, टैग सर्च और डायरेक्ट मैसेज की सुविधा उपलब्ध कराता है. जैसे कि आप अपने जैसे सिमिलर इंटरेस्ट वाले लोगों को टैग सर्च के जरिये ढूंढ सकते हैं. यहां तक कि यह ऐप वॉयस तक की सुविधा देता है. यह लड़कियों के लिए काफी सेफ है, क्योंकि इस ऐप पर आप बिना नंबर शेयर किए ही वॉयस कॉल कर सकते हैं. साथ ही ऐप कभी किसी युवती या महिला का नाम, नंबर या लोकेशन शेयर नहीं करता है. भारतीय यूजर्स को इस ऐप के लिए 20 से 50 डॉलर यानी 1670 से 4175 रुपये देने होंगे.

- **टूली मैडली**

इस ऐप को प्रोफाइल वेरिफिकेशन के बाद ही आप इस्तेमाल कर सकते हैं. इसलिए टिंडर के मुकाबले लोग इसका थोड़ा कम इस्तेमाल करते हैं. किसी भी प्रोफाइल को लाइव करने से पहले यह डॉक्यूमेंट मांगता है. उसके बाद ही यह ऐप आपको आपके मैचिंग प्रोफाइल दिखाना शुरू करता है. इस ऐप पर अलग-अलग के प्लान है. यह 699 रुपए पर वीक से शुरू होता है, जो 20 सप्ताह के लिए 1799 रुपए चार्ज करता है.

- **बंबल**

बंबल भारत में उपलब्ध एक निःशुल्क डेटिंग ऐप है, जिसने नए कनेक्शन, दोस्त और पार्टनर ढूंढना बेहद आसान बना दिया है. इस ऐप पर महिलाएं पहले चैट कर सकती हैं. यह फीचर उन्हें परेशान करने वाले लोगों से बचाता है. यह ऐप मैसेज का जवाब देने के लिए केवल 24 घंटे देता है. इस ऐप पर तीन मोड हैं. पहला डेट, दूसरा बीएफएफ और बिज. गूगल के अनुसार, 50,000,000+ से ज़्यादा लोगों ने इसे डाउनलोड किया है. इस ऐप पर स्वाइप करके आप नये लोगों को खोज सकते हैं. इस एप्लिकेशन को आप फ्री में इस्तेमाल कर सकते हैं. लेकिन आपकी प्रोफ़ाइल स्वाइप करने वाले लोगों को देखने, पिछले कनेक्शन के साथ फिर से मैच करने और अन्य सुविधाओं को अनलॉक करने के लिए आपको सब्सक्रिप्शन लेना होगा.

- **हैपन**

हैपन डेटिंग ऐप कनेक्शन खोजने में थोड़ा अलग तरीके से काम करता है. हैपन ऐप पर रजिस्टर्ड दो लोग एक-दूसरे के पास से गुजरते हैं, तो उनके ऐप पर एक मैसेज जाता है जिसके माध्यम से वे एक-दूसरे की प्रोफ़ाइल देख सकते हैं. इस ऐप को इस्तेमाल करने के लिए मोबाइल डेटा कनेक्शन के साथ-साथ लोकेशन सर्विस भी जरूरी है. ऐप यह भी बताता है कि किसी खास व्यक्ति ने अपने मैच के साथ कितनी बार मिला है. गूगल के अनुसार, 50,000,000+ से ज़्यादा लोगों ने इसे डाउनलोड किया है. इसमें कोई भी वॉयस नोट भेज सकता है, जो एक तरह से सत्यापन में भी मदद करता है. गूगल प्ले पर हिंगे, एस्ले, मिंग्ले 2, ओकेक्यूपिड, टूली मैडली, ईहारमोनी, ग्राइंडर, कॉफी मीट्स बेगल, स्क्मूज, गोरिल्ला चैट समेत हजारों की संख्या में डेटिंग ऐप हैं.

## कैसा है डेटिंग ऐप्स का भविष्य


सतिस्ता सर्वे कंपनी के अनुसार, इंटरनेट पर जितने लोग एक्टिव हैं, उनमें से तीन प्रतिशत फिलहाल ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स या साइट का इस्तेमाल कर रहे हैं. 2025 तक इसकी संख्या बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो जाएगी. वर्तमान में भारत में ऑनलाइन डेटिंग सेगमेंट में 53.6 करोड़ डॉलर का कारोबार हो रहा है. यह कारोबार 17. 61 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है. इन आंकड़ों से भारत में डेटिंग ऐप्स के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है. दिलचस्प बात यह है कि जो लोग डेटिंग ऐप को पहले नजरअंदाज करते थे, वे भी अब इसका इस्तेमाल करने लगे हैं. बंबल का सर्वे कहता है कि ऐसे 44 प्रतिशत लोग हैं जो पहले ऑनलाइन डेटिंग के खिलाफ थे, लेकिन अब वे इसे धड़ल्ले से आजमा कर प्यार की नईनबस्ती में खो जाना चाहते हैं.

---

**मोटिवेशन**

## सफलता का क्रेडिट

आपने स्कूल, कॉलेज, प्रतियोगिता परीक्षाओं के टॉपर्स का इंटरव्यू तो देखा ही होगा. वे अपनी पढ़ाई और दिनचर्या के बारे में काफी कुछ बताते हैं. कुछ अपने माता-पिता को अपनी सफलता का श्रेय देते हैं. कुछ अपने कोचिंग इंस्टिट्यूट के बारे में बढ़ा-चढ़ा कर बोलते हैं. क्यों बोलते हैं, इसका कारण आप खुद जानते हैं. पूरे इंटरव्यू में उनकी एक बात खटकती है. जिस शिक्षण संस्थान में उन्होंने 10-15 साल गुजारा होता है, जिन शिक्षकों की छत्रछाया में उन्होंने अपनी पढ़ाई की शुरुआत की होती है, उनकी बुनियाद खड़ी होती है, उसे ही वे भूल जाते हैं. कई टॉपर्स अपने स्कूल-कॉलेज का नाम तक नहीं लेते, अपने शिक्षकों-प्रोफेसरों के बारे में दो शब्द अच्छा नहीं बोलते. अपनी सफलता का पूरा क्रेडिट खुद ले जाते हैं. यह सही नहीं है. यह उनकी छोटी मानसिकता को दर्शाता है. सफलता के साथ विनम्रता भी बनी रहनी चाहिए. हमें उन सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए जिनका हमारी सफलता में थोड़ा या ज्यादा योगदान रहता है. विनम्रता शिष्टाचार का अभिन्न हिस्सा है. सफलता सिर चढ़कर बोलने लगे, तो इसका अर्थ है इंसान खोखला है. उसकी सफलता ज्यादा दिन नहीं टिकने वाली.



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद



**मूल मंत्र :** मैथ्यू आर्नाल्ड का कहना है – जीवन का तीन चौथाई आधार अच्छा व्यवहार होता है. आदमी की वाणी, उसका बात व्यवहार, उसका शिष्टाचार हीरे की तरह होता है जो उसे चमक प्रदान करता है. ये गुण चुंबक की तरह होते हैं जो सभी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं. उनके उपकार कभी न भूले जिन्होंने आपकी सफलता में कम या ज्यादा योगदान दिया है.

# ऐसे करें निवेश, सुनहरा होगा बच्चों का भविष्य

*एक उम्र के बाद जिंदगी बच्चों के भविष्य में ही नजर आने लगती है. उनकी पढ़ाई-लिखाई, उनके विवाह, उनकी सफलता में ही अपनी खुशी-अपनी सार्थकता का बोध होता है. पर आमदनी का जो प्रवाह आज है, वह कल भी रहेगा? जो महंगाई की गति है, उसमें हमारी बचत बच्चों के भविष्य के लिए पर्याप्त होगी? अगर हम ही ना रहें तो कैसे वे अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे, कुछ इन्हीं सवालों के साथ बच्चों के भविष्य को संवारने के कुछ जाने-माने रास्तों पर बात और इन पर एक्सपर्ट प्रदीप कुमार जैन की राय...*



- **म्यूचुअल फंड**

बच्चों की शादी, पढ़ाई-लिखाई जैसे दीर्घावधि के लक्ष्य के लिए म्यूचुअल फंड में निवेश बेहतर विकल्प है. एसआइपी यानी सिस्मेटिक इनवेस्टमेंट प्लान इसमें लोकप्रिय है. आप मात्र 100 रुपए प्रति माह के हिसाब से भी निवेश कर सकते हैं. अब तक रिकॉर्ड बताता है कि इसमें लंबे समय तक निवेश करते हैं तो अच्छा रिटर्न मिलेगा. एसआइपी में भी आपको कंपाउंडिंग लाभ मिलता है. बेशक इसका गारंटीड रिटर्न नहीं बताया जा सकता है क्योंकि यह मार्केट से लिंक्ड होता है. लेकिन पलट कर इसके रिकॉर्ड को देखें तो आमतौर पर 12-14 फीसदी तक रिटर्न मिल ही जाता है.

- **रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम**

अगर वित्तीय समझ बहुत अधिक नहीं हो और आमदनी इतनी अधिक न हो कि आप रिस्क ले सकें तो पोस्ट ऑफिस की आरडी यानी रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम का विकल्प भी आपके सामने है. किसी भी पोस्ट ऑफिस में इस स्कीम के तहत 5 साल के लिए खाता खुलवा सकते हैं. इसमें करीब छह प्रतिशत ब्याज मिलता है. यह ब्याज हर तिमाही के आधार पर ही मिलता है. 2,000 रुपए से भी खाता खुलवा सकते हैं. आप 5 साल में 1 लाख 20 हजार रुपए का निवेश कर लेगें. आप चाहें तो 3 साल के बाद अकाउंट में जमा पैसों का प्रीमैच्योर विड्रॉल भी कर सकते हैं.


- **पीपीएफ**

यह भी कम वित्तीय समझ या कम आमदनी व लंबी अवधि के निवेश की स्थिति में बच्चों के लिए निवेश का एक बेहतर माध्यम है. पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ में आप अपने नाबालिग बच्चे के लिए निवेश कर सकते हैं. इसमें आपको 7.1 प्रतिशत का रिटर्न मिलता है. इसमें आप 15 साल के समय के लिए निवेश कर सकते हैं. इसमें निवेश पर आपको इनकम टैक्स की धारा 80-सी के तहत छूट का फायदा मिल जाता है. इसमें जरूरत पड़ने पर कुछ धनराशि निकाल भी सकते हैं.

- **एलआइसी के प्लान ले सकते**

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एलआइसीलंबे समय से कराए जा रहे हैं. इसके लिए कोई निर्धारित उम्र नहीं है. एलआइसी की जीवन तरुण पॉलिसी एक नॉन लिंक्ड, व्यक्तिगत लाइफ एश्योरेंस सेविंग्स प्लान है. इस योजना को बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. इसमें बच्चों को बीमा सुरक्षा और सेविंग्स प्लान दोनों तरह की सुविधाएं मिलती हैं. बच्चों की एजुकेशन-उनके भविष्य को निखारने के लिए इसमें निवेश कर सकते हैं.

## एक्सपर्ट व्यू



प्रदीप कुमार जैन
फायनायंस एडवाइजर डायरेक्टर, पीएमपीके वेल्थ प्रा.लि.

पैरेंट्स या अर्निंग मेंबर के पास बच्चों को लेकर मुख्यतः दो बड़े और निश्चित खर्चे होते हैं – एक तो उनकी पढ़ाई-लिखाई और दूसरा उनका शादी-ब्याह. इसमें दो तरह से सोचना होता है कि हमारी आय नियमित आती रहेगी और हम नियमित तौर पर पैसे इंन्वेस्ट करते रहेंगे. जो सामान्य बौद्धिक स्तर के माता-पिता होते हैं, वे रेकरिंग डिपोजिट, फिक्स डिपोजिट, पीपीएफ आदि में निवेश करते हैं. जिनकी समझ पैसे को लेकर कुछ बेहतर होती है वे म्युचुअल फंड, इक्विटी फंड, आदि के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई या शादी-ब्याह के लिए निवेश करते हैं. जब पढ़ाई या शादी का लक्ष्य निकट होता है तब निवेश का रिस्क प्रोफाइल कम किया जाता है. माता-पिता या अर्निंग मेंबर की मौत होने पर बच्चे का भविष्य अनिश्चित हो जाता है. ऐसे में टर्म लाइफ इंश्योरेंस जैसी योजनाएं अपनाना इस रिस्क फैक्टर को कम करता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

## आज का मैच : अपने पहले दो मैच जीतकर ग्रुप डी में नंबर वन बनी हुई है साउथ अफ्रीका की टीम

# बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा द. अफ्रीका

**भाषा। न्यूयॉर्क**

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा. दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा. दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा. बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था. दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए. दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है. दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा. नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी. अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था. दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी. रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है. उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है. बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा. भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे. बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे.

> **10** ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी. अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था.



### टीमें इस प्रकार हैं

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स.

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब. यात्रा करने वाले रिजर्व : अफीफ हुसैन, हसन महमूद.

**मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा**

## ब्रीफ खबरें

### सौरभ ने पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण जीते

**हमीरपुर (हिमाचल)।** भारतीय धावक सौरभ शर्मा ने स्विट्जरलैंड के नोट्टविल सिटी में आयोजित विश्व पैरा एथलीट ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीते. हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के इस खिलाड़ी ने टी12 वर्ग में 155 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया. वह इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर सात स्वर्ण पदक जीत चुके है. सौरभ वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में अध्ययनरत हैं. शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन पर उनके कोच नरेश सिंह नयाल ने खुशी जताते हुए कहा कि सौरभ ने देहरादून में कड़ी मेहनत की है और अब नतीजे सबके सामने है.

### एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकीं अदिति

**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई. बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई. वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी। उन्होंने 16वें और 18वें होल में बर्डी बनाई लेकिन यह कट में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था. अदिति का दो दिन का स्कोर दो अंडर रहा जबकि कट तीन अंडर पर गया.

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर

**हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन)।** भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया, जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए. शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए. उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई. भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए.

## टी20 विश्व कप : वेस्टइंडीज ने 173 रन बनाए, युगांडा को 39 पर समेटा

# ग्रुप सी के मैच में वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रनों से हराया



**एजेंसी। प्रोविडेंस (गयाना)**

बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में युगांडा को 134 रन से करारी शिकस्त दी. वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 173 रन बनाए जिसके जवाब में युगांडा 12 ओवर में 39 रन बनाकर आउट हो गया. हुसैन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर 5 विकेट लिए. युगांडा ने पुरुष टी20 विश्व कप में न्यूनतम स्कोर की बराबरी की. इससे पहले जॉनसन चार्ल्स (44) ने वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए जबकि आंद्रे रसेल ने 30 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली. उनके अलावा निकोलस पूरन ने 22 रन, कप्तान रोवमैन पावेल ने 23 और शेरफन रदरफोर्ड ने 22 रन का योगदान दिया। युगांडा की तरफ से ब्रायन मसाबा ने 31 रन देकर दो विकेट लिए. वेस्टइंडीज ने इस बड़ी जीत से अपना नेट रन रेट 3.574 पर पहुंचा दिया है, जिससे उसे ग्रुप सी में शीर्ष पर जगह बनाने में मदद मिलेगी.

> **05** विकेट पर 173 रन बनाए जिसके जवाब में युगांडा 12 ओवर में 39 रन बनाकर आउट हो गया
>
> **11** रन देकर 5 विकेट लिए. युगांडा ने पुरुष टी20 विश्व कप में न्यूनतम स्कोर की बराबरी की.
>
> **30** रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली. उनके अलावा निकोलस पूरन ने 22 रन, कप्तान रोवमैन पावेल ने 23 और शेरफन रदरफोर्ड ने 22 रन का योगदान दिया

वेस्टइंडीज के कप्तान पावेल ने मैच के बाद कहा, यहां से आगे का रास्ता कड़ा हो जाएगा लेकिन हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं. हम प्रत्येक मैच में 10 से 15 प्रतिशत सुधार करने पर बात करते हैं. पहले मैच में हम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए हम एक टीम के रूप में सुधार करना चाहते थे. वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने युगांडा को क्रिकेट का कड़ा सबक सिखाया. युगांडा के कप्तान मसाबा ने कहा, हमारे लिए यह मुश्किल दिन था. इससे हमें कड़ा सबक मिला. हम हर विभाग में नाकाम रहे लेकिन इस मैच से हमें काफी सीख मिली. बल्लेबाजी में हमें बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था, लेकिन गेंदबाजों का प्रदर्शन हमारे लिए सकारात्मक रहा. हम उन्हें 200 रन से कम पर रोकने में सफल रहे व डेथ ओवरों में हमने प्रभावशाली प्रदर्शन किया. युगांडा की आधी टीम पावर प्ले में ही पवेलियन पहुंच गई थी. हुसैन ने गेंदबाजी का आगाज किया और अपने पहले तीन ओवर में तीन विकेट लिए. युगांडा के बल्लेबाज हुसैन की गेंदों को समझने में नाकाम रहे, जिन्होंने पहली बार पांच विकेट लेकर टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया. युगांडा की तरफ से नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे जुमा मियागी (नाबाद 13) दोहरे अंक में पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे. वेस्टइंडीज की तरफ से हुसैन के अलावा अलजारी जोसेफ ने तीन ओवर में 6 रन देकर दो विकेट लिए.

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रनों से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 36 रन से हराया. ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाये, जो वर्तमान विश्व कप में किसी टीम का अभी तक सर्वोच्च स्कोर है. इंग्लैंड की टीम इसके जवाब में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई. ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार दूसरी जीत है, जिससे वह ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है. इंग्लैंड को अभी पहली जीत का इंतजार है. उसे अब ओमान और नामीबिया का सामना करना है, जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के कारण उसे अंक बांटने पड़े थे. पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद डेविड वार्नर (16 गेंद पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 39 रन) और ट्रेविस हेड (18 गेंद पर 34 रन, दो चौके, तीन छक्के) ने पहले 5 ओवर में 70 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरुआत दिलाई. इन दोनों के चार रन के अंदर पवेलियन लौट जाने के बाद कप्तान मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल ने जिम्मेदारी संभाली. मार्श ने 25 गेंद पर 35 रन बनाए, जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं. मैक्सवेल ने 25 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए. इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने 17 गेंद पर 30 और पैट कमिंस ने 10 गेंद पर नाबाद 17 रन बनाकर उपयोगी योगदान दिया. टिम डेविड ने 11 रन की पारी खेली. स्टोइनिस ने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए. इंग्लैंड की तरफ से क्रिस जॉर्डन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 44 रन देकर 2 विकेट हासिल किए. इसके बाद फिल साल्ट और कप्तान जोस बटलर ने पावर प्ले में 54 रन जोड़े और फिर मिशेल स्टार्क के अगले ओवर में 19 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. एडम जंपा (28 रन देकर दो विकेट) ने साल्ट को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी दिलाई. साल्ट ने 23 गेंद पर 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल हैं. जंपा ने इसके बाद बटलर को बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच कराया जिन्होंने 28 दिन पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए. इंग्लैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 92 रन था, लेकिन इसके बाद आस्ट्रेलिया ने कसी गेंदबाजी की और उसका क्षेत्ररक्षण भी शानदार रहा. इंग्लैंड के बाद के बल्लेबाजों में मोईन अली (25), हैरी ब्रूक (नाबाद 20) और लियम लिविंगस्टोन (15) अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए. ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जंपा के अलावा कमिंस ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए. स्टार्क महंगे साबित हुए. उन्होंने तीन ओवर में 37 रन लुटाए.



## टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

**ग्रुप ए**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.626 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3.065 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | -0.274 |
| पाकिस्तान | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.000 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.712 |

**ग्रुप बी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्कॉटलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0.736 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.950 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.309 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0.000 |
| ओमान | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.975 |

**ग्रुप सी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 5.225 |
| वेस्टइंडीज | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.411 |
| युगांडा | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -2.952 |
| पीएनजी | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.434 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.200 |

**ग्रुप डी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.789 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.024 |
| बांग्लादेश | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0.379 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.539 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.777 |

## फ्रेंच ओपन : रेवालो और पाविच को पुरुष युगल का खिताब

**भाषा। पेरिस**



अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता. अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की. पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया. पाविच ने मैच के बाद कहा, यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं. यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था. अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है. उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था. अरेवालो ने कहा,मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया. मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है.

## चेन्नईयन एफसी ने डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया

**चेन्नई।** चेन्नईयन एफसी ने अपने आक्रमण को मजबूत करने के लिए 2024-25 के फुटबॉल सत्र से पहले नाइजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया है. चीमा भारतीय फुटबॉल का जाना पहचाना नाम है. यह 33 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर की तरफ से खेल चुका है. उन्होंने 2022 में जमशेदपुर को आईएसएल लीग शील्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था. चेन्नई की टीम ने चीमा के साथ 2 साल का अनुबंध किया है. इसका मतलब है कि वह क्लब के साथ 2026 तक बने रहेंगे। चेन्नईयन ने इस सत्र में चार खिलाड़ियों से अनुबंध कर लिया है. चीमा ने आईएसएल में अभी तक 60 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 20 गोल किए हैं. इसके अलावा उन्होंने चार

## गौरव के पल : अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप में जीत दर्ज करने वाली फाइटर बनी

# यूएफसी में जीतने वाली पहली भारतीय बनीं पूजा तोमर



**भाषा। केंटकी**

पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई हैं. पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की. पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है. यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है. इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं. मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं. साइक्लोन के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं. अंशुल जुबली और भरत कंडारे ने यूएफसी में विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुधाना गांव में जन्मी पूजा पांच बार की राष्ट्रीय वुशु चैंपियन हैं और कराटे और ताइक्वांडो में भी भाग लेती रही है. पूजा ने कहा,मुझे जीत की पूरी उम्मीद थी और मैंने काफी आक्रमण किया, लेकिन मैं अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन नहीं कर पाई. दूसरे राउंड में मैं दबाव महसूस कर रही थी. मुझे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है.

> **30** वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं.

### आईपीएल से हटने का फैसला सही साबित हुआ: एडम जंपा

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जंपा ने कहा कि आईपीएल 2024 से हटने का उनका फैसला सही रहा क्योंकि इससे उन्हें टी20 विश्व कप की तैयारी करने में मदद मिली. साथ ही उन्होंने अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताया. जंपा ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर 36 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जंपा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, निश्चित तौर पर विश्व कप को ध्यान में रखते हुए आईपीएल से हटने का मेरा फैसला सही रहा. मैं काफी थका हुआ महसूस कर रहा था और मैं पूरी तरह से फिट भी नहीं था. इसके अलावा मैं पारिवारिक व्यक्ति भी हूं.

## संजीवनी ने 10,000 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया

**एजेंसी। पोर्टलैंड (अमेरिका)**



एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता धाविका संजीवनी जाधव ने पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ 32 मिनट 22.77 सेकंड में पूरी करके पहला स्थान हासिल किया.

इस 27 वर्षीय धाविका ने इससे पहले भी पोर्टलैंड में अच्छा प्रदर्शन किया है. वह पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रही थी. इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय सीमा 32 मिनट 55.91 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही. राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8 मिनट 21.85 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया. उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 8 मिनट 11.20 का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक जीता था लेकिन यहां वह इस प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए. महिला वर्ग में पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण (5000 मीटर) और रजत (3000 मीटर स्टीपलचेज) जीतने वाली पारुल चौधरी स्टीपलचेज में तीसरे स्थान पर रही.

## ब्रीफ खबरें

### गोपालगंज में तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**पटना ।** गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के चांद परना गांव स्थित तालाब से एक किशोर का शव रविवार को पुलिस ने बरामद किया है. बरामद शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान सिधवलिया थाना क्षेत्र के चांद परना गांव निवासी रंजीत पांडेय के 17 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार पांडेय के रूप में की गई है. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गौरव शनिवार की शाम अपने दोस्तों के साथ गांव के ही पास स्थित रेलवे के किनारे तालाब में नहाने गया था.

### धारदार हथियार से युवक ने पत्नी की हत्या कर दी

**दरभंगा ।** जिले में सकतपुर थाना क्षेत्र के नदियामी हरिहरपुर हनुमान मंदिर के पास एक युवक ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी. युवक मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है. उसने दो साल प्रेम विवाह किया था. मृतक महिला की पहचान अलीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली पिंकी कुमारी 22 के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भिजवा दिया है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति राम कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक राम कुमार दिल्ली का रहने वाला है.

### भड़के छात्रों ने सरकारी गाड़ी में लगायी आग

**अररिया ।** जोगबनी सीमा से सटे नेपाल के विराटनगर में गृह मंत्री रवि लामछाने सहित नेपाल के वरीय अधिकारियों के समक्ष रविवार को मोरंग बहुमुखी आदर्श कैंपस के विद्यार्थियों ने आधा दर्जन सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ गाड़ी आग के हवाले कर दिया. मोरंग जिला पुलिस प्रवक्ता डीएसपी ज्ञानेन्द्र बहादुर बस्नेत के अनुसार प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने नेपाल सरकार के योजना आयोग की सरकारी गाड़ी में आग लगा दी. वाहन में लगी आग को नियंत्रित करने में एक दमकल गाड़ी को लगाया गया, लेकिन गाड़ी जलकर पूरी तरह से नष्ट हो चुकी.




**जश्न मनाते कार्यकर्ता**

पटना : रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले जश्न मनाते हुए भाजपा समर्थक.

### ठेकेदार हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# चार आरोपियों को हथियार व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**संवाददाता । मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों बाइक सवार अपराधियों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी थी. अब पुलिस ने पूरे मामले का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया है.

घटना में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार, कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है. पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ पूर्वी 2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 13 मई को सुबह करीब 6 बजे सकरा थाना क्षेत्र के मछही गांव निवासी मनोज कुमार जब अपने घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. तभी बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया था. जिसके बाद घायल मनोज कुमार को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी. वहीं मृतक मनोज कुमार के पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर पूरे मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी. जिसमें चार लोगों के उपर नामजद एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी. मामले के अनुसंधानक सकरा थाना प्रभारी राजू कुमार पाल ने मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन नामजद एवं एक शूटर को पिस्टल घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया.

### मृतक भोजपुर जिला अंतर्गत आरा के कुदरिया गांव के रहनेवाले थे

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने पुलिस कांस्टेबल को कुचल दिया, मौत

**संवाददाता । औरंगाबाद**



औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के मुसेपुर खैरा गांव में रविवार को अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर ने एक पुलिस कांस्टेबल को कथित तौर पर कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गयी. पुलिस ने बताया कि मृतक आरक्षी का नाम दीपक कुमार सिंह (29) है. पुलिस के अनुसार घटना रविवार सुबह लगभग चार बजे हुई, जब दीपक कुमार इलाके में अवैध बालू खनन की जांच के लिए ड्यूटी पर तैनात थे.

पुलिस ने बताया कि भोजपुर जिला निवासी उक्त आरक्षी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया गया. औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कहा, यह घटना तब हुई जब दीपक कुमार इलाके में अवैध बालू खनन की जांच करने के लिए ड्यूटी पर तैनात थे. ड्यूटी के दौरान जब उन्होंने ट्रैक्टर के चालक को गाड़ी रोकने के लिए कहा तो वह भागने लगा. पीछा करने पर ट्रैक्टर चालक सिपाही को कुचलते हुए ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़कर भाग निकला जिससे आरक्षी की मौत हो गई. उन्होंने कहा, ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और उसके मालिक धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने चालक की भी पहचान कर ली है और उसे पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है.

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चालक को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया है और घटना में शामिल सभी लोगों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा. इससे पहले नवंबर, 2023 में बिहार के जमुई जिले में अवैध रूप से खनन की गई बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर द्वारा कुचल दिये जाने से 28 वर्षीय एक पुलिस उपनिरीक्षक की मौत हो गयी थी जबकि एक होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया था.

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही दाऊदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार और थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे. वहां उन्होंने घटना की जानकारी ली और घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण भी किया. इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की गई.

इधर, दीपक सिंह के निधन से उनके परिवार और सहयोगियों में शोक व्याप्त है. विभाग ने उनके परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है और इस घटना की गहन जांच की जा रही है ताकि दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके.

### नालंदा में ड्रीम 11 पर युवक 8 लाख रुपये हार गया

# पति और पत्नी ने कर ली खुदकुशी

**संवाददाता । नालंदा**

नालंदा के चंडी थाना इलाके के जागोबिगहा गांव के अलंग खंधा पर महज 400 मीटर की दूरी पर पति और पत्नी के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है, हालांकि शनिवार की देर रात पत्नी का शव बरामद हुआ था. वहीं, रविवार को पति का भी शव बरामद हुआ है. मृतक की पहचान 30 वर्षीय शिशुपाल और उनकी पत्नी 22 वर्षीय अंशु कुमारी के रूप में की गई है. प्रथम दृश्य में यह मामला जहर खाकर खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है. बताया जा रहा है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिशुपाल कुमार को मोबाइल में ड्रीम 11 पर पैसा लगाकर करोड़पति बनाने का शौक था, लेकिन पिछले कई महीनों से पचास हजार से लेकर लाख रुपये तक लगा कर वह हार चुका था. अब तक आठ लाख रुपये हार चुका था. पत्नी जुआ खेलने से मना करती थी, लेकिन वह नहीं मानता था.

शनिवार को पति और पत्नी में विवाद हुआ था. शिशुपाल कई लोगों से लाखों रुपये कर्ज ले रखा था. जिसको लेकर दोनों में विवाद होता था. मृतक के परिजन ने भी पुलिस को इसी बात को लेकर सुसाइट करने की बात कही है.

घटना के संबंध में चंडी थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात पत्नी का शव बरामद किया गया था और आज सुबह वही से 400 मीटर की दूरी पर पति का शव बरामद किया गया है. पूछताछ में परिजनों ने साफ साफ बताया है कि शिशुपाल कुमार को मोबाइल पर ड्रीम 11 एप पर जुआ खेलने की लत थी. ड्रीम 11 में पति शिशुपाल कुमार अब तक आठ लाख रुपये हार चुका था. 8 लाख जुआ में हारने के बाद वह कर्ज में बिल्कुल डूब चुका था. कर्ज में डूबने के कारण ही पति शिशुपाल कुमार और पत्नी अंशु कुमारी ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली.

### नरेंद्र मोदी को पप्पू यादव ने दी शुभकामनाएं

**पटना ।** पूर्णिया से निर्दलीय निर्वाचित सांसद पप्पू यादव ने कहा कि हमें हिंदू-मुसलमान, जाति, धर्म, मजहब से ऊपर उठकर आने वाली पीढ़ी और नए भारत के लिए काम करना होगा. मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं. 10 साल में सिर्फ सेंटीमेंट पर जो नफरत और हिंदू-मुसलमान की राजनीति हुई वैसी राजनीति अब खत्म हो. अब एनडीए की सरकार है, हमें सत्ता और पार्टी के लिए नहीं बल्कि देश के लिए सोचना चाहिए.

### बांका में डबल मर्डर, मचा हड़कंप

# घर में अकेले रह रहे बुजुर्ग दंपती की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या

**बांका ।** बांका में जिले के बेलहर थाना क्षेत्र के सूर्यकना बेलडीहा गांव में शनिवार (08 मई) को देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक बुजुर्ग दंपती की सोई हुई अवस्था में कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी. घटना की सूचना के बाद बेलहर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है. मृतक दंपती की पहचान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जोगेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह (75 वर्ष) और उनकी पत्नी सुबहला देवी (70 वर्ष) के रूप में हुई है. दोनों अपने घर में अकेले रहते थे. बताया जा रहा है कि रात में दोनों अपने घर के आंगन में ही चौकी लगाकर सो रहे थे, इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने मार डाला.

## कारोबार

### पीएनबी करेगा विदेश में सेवा का विस्तार

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने की रणनीति के तहत दुबई में अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोलने की योजना बनाई है. पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अतुल कुमार गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बैंक को दुबई में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है और विनियामक मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है.

### यात्री वाहनों का निर्यात 2.68 लाख इकाई बढ़ा


**नयी दिल्ली ।** पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है. इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है. उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा. यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया. बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है.

### आम चुनाव के नतीजों के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला

# अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति संकेत बाजारों को दिशा देंगे: विश्लेषक

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे. विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की. पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला. बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई.

बीते सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा. शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ.

स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं. अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है. उन्होंने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी. उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी. मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा. उन्होंने कहा कि भारत में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति, चीन में सीपीआई मुद्रास्फीति, ब्रिटेन में जीडीपी के आंकड़े, अमेरिका में सीपीआई के आंकड़े और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से बाजार की आगामी दिशा तय होगी. जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में बाजार में अस्थिरता कम होने की संभावना है.

### इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली ।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले. भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया. चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ रुपये और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की थी. डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था. उन्होंने जनवरी में 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे. विशेषज्ञों ने कहा कि मध्यम से लेकर दीर्घ अवधि के नजरिए से बात की जाए तो विदेशी निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी. आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने (सात जून तक) 14,794 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की. भारत में आम चुनाव के नतीजों ने जून में भारतीय इक्विटी बाजारों में विदेशी निवेशकों के प्रवाह को काफी प्रभावित किया.

# आकासा एयर मुनाफे की राह पर अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होंगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




आकासा एयर के सह-संस्थापक आदित्य घोष ने बताया कि एयरलाइन मुनाफे की राह पर है और वह दक्षिण एशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरेगी. आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है और उसके 4,000 से अधिक कर्मचारी हैं. राष्ट्रीय राजधानी में पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में घोष ने कहा कि भारत में एयरलाइंस उद्योग तेजी से बढ़ रहा है. घोष ने अन्य भूमिकाओं के अलावा, 2018 तक दस वर्ष इंडिगो के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्य किया है. उन्होंने कहा कि आकासा को ग्राहक केंद्रित और कर्मचारी केंद्रित संगठन बनाने के साथ ही वित्तीय रूप से टिकाऊ व्यवसाय बनाना भी महत्वपूर्ण है. घोष ने इस बात पर जोर दिया कि आकासा एयर लाभप्रदता के मार्ग पर है. उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि आकासा में हम लाभप्रदता के रास्ते पर हैं... हम इस पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं... हमने बेहतर परिचालन भरोसा, सबसे कम ग्राहक शिकायतें, उच्चतम लोड कारक, सबसे कम रद्दीकरण देखा है. एयरलाइन के पास इस समय 24 छोटे आकार के बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है. घोष ने कहा, हमने दोहा के लिए उड़ान भरना शुरू कर दिया है.

### एनसीएलटी ने दिवाला कार्रवाई शुरू की

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है. इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है. दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश दिया था.

# शीला फोम को 14-15 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि की उम्मीद

**नयी दिल्ली ।** गद्दों के प्रमुख ब्रांड स्लीपवेल और कर्लऑन की मालिक कंपनी शीला फोम के सीईओ नीलेश मजूमदार ने उम्मीद जताई है कि कंपनी को अल्पावधि से मध्यावधि में 14 से 15 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि की उम्मीद है. पिछले साल कर्लऑन ब्रांड का अधिग्रहण करने वाली शीला फोम ने अपना नए प्रतीक चिह्न (लोगो) और 'टैगलाइन' पेश करते हुए अपनी नई पहचान पेश की है. कंपनी को उम्मीद है कि कर्नाटक की कंपनी का कारोबार 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा. वर्तमान में, भारतीय गद्दे बाजार का अनुमान लगभग 15,000 करोड़ रुपये है. हालांकि बाजार पर अभी भी स्थानीय कंपनियों का दबदबा है.

## शेयर बाजार

### निफ्टी ने मंगलवार को 21281 का निचला स्तर बनाया जो सोमवार के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 23338 से 2057 अंकों की बहुत ही बड़ी गिरावट थी

# मार्केट की अगली तात्कालिक चाल अब सरकार की संरचना और सहयोगी दलों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

नई ऐतिहासिक ऊंचाइयों का कीर्तिमान बना रहे भारतीय शेयर मार्केट ने पिछले सप्ताह उतार चढ़ाव का विचलन का कीर्तिमान बना दिया. निफ्टी, सेंसेक्स में ऐसी बड़ी उठापटक देखी नहीं गई थी. निफ्टी ने सप्ताह में मंगलवार को 21281 का निकला स्तर बनाया जो सोमवार के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 23338 से 2057 अंकों की बहुत ही बड़ी गिरावट थी. सोमवार के भी उच्चतम स्तर 23179 से 1898 अंकों की कमी थी. इतनी बड़ी गिरावट तो बड़े से बड़े संकटों में नही आयी थी परंतु यह स्वाभाविक भी हो गई थी. क्योंकि भारतीय शेयर मार्केट मोदी सरकार की बड़े तथा निर्णायक बहुमत के साथ वापसी की लेकर पूर्ण आश्वस्त था. एक्जिट पोल भी ऐसा ही संकेत कर रहे थे तथा इससे सोमवार की मार्केट ने ऐतिहासिक ऊंचाई बनाई. निफ्टी 733 अंक चढ़ा. परंतु मंगलवार को जब चुनाव परिणाम में बीजेपी को अपने बल पर पूर्ण बहुमत न मिलने का संकेत मिला, बहुमत नहीं मिला भी, तो मार्केट में बड़ी गिरावट स्वाभाविक हो गई. यह एक अतिरेक की घबराहटपूर्ण बिकवाली थी.

अनेकों शेयरों में निचला सर्किट लग गया. फिर मार्केट ने स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया. भाजपा को तो बहुमत नहीं था परंतु एनडीए को बहुमत था. इस कारण मंगलवार को निचले स्तरों से खरीद आई तथा निफ्टी 21884 पर बंद हुआ. इससे मार्केट का आत्मविश्वास लौटा तथा जैसे जैसे प्रमुख सहयोगी दलों तेलगु देशम तथा जेडीयू के द्वारा पूर्ण सहयोग की बात आई, मार्केट ने भरपूर तेजी पकड़ ली. फिर तो सप्ताह के शेष तीनों व्यापारिक सत्रों में तेजी देखी गई. सेंसेक्स ने तो 76795 का सार्वकालिक उच्च स्तर बना दिया तो निफ्टी मात्र 18 अंकों से नई ऊंचाई बनाने से चूक गया. रुचिकर यह है कि मार्केट की इस पुनर्वापसी में एफआईआई के क्रय का योगदान नहीं रहा. उन्होंने तो पिछले सप्ताह नकद संभाग में 13718 करोड़ की बिकवाली ही की. सामने घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 5578 करोड़ रुपए के शेयर ही खरीदे, फिर भी मार्केट नई ऊंचाई के निकट आ गया. यह मार्केट की तीसरी शक्ति, सामान्य निवेशकों जिसमें उच्च संपत्ति निवेशक भी माने जा सकते हैं, उनका शक्तिशाली प्रदर्शन था. यह एक महत्वपूर्ण संकेत है. इस शक्ति प्रदर्शन का क्रम बना रहा तो भारतीय शेयर मार्केट का आधार बहुत अधिक शक्तिशाली हो सकता है.

मार्केट की अगली तात्कालिक चाल अब सरकार की संरचना तथा सहयोग दलों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी. वित्त समेत अन्य प्रमुख आर्थिक मंत्रालय किनको मिलता, यह भी मार्केट को प्रभावित करेगा. आर्थिक विकास तथा कारक भारत में अच्छे बने हुए हैं. राजनीतिक स्थिति स्थिर तथा स्पष्ट होने पर मार्केट पुनः आर्थिक कारकों के आधार पर अधिक प्रतिक्रिया देगा. चूंकि आर्थिक कारक अच्छे हैं. अतः निफ्टी 23500 से 23700 की ओर बढ़ सकता है यदि राजनीतिक मोर्चे से कोई नकारात्मक समाचार नहीं आए. नीचे में 22500 एक अच्छा आधार हो सकता है. चुनाव परिणामों के पश्चात जो तेजी आई उसमें तेजी का आधार थोड़ा विस्तृत होता दिखा. ऐसा प्रतीत होता है कि एचएनआई निवेशक उचित तथा आकर्षक मूल्यांकन पर उपलब्ध शेयरों में अच्छी खरीद कर रहें हैं. ऐसे में इन शेयरों में अच्छा उछाल देखा जा सकता है. पिछली तेजी में कुछ क्षेत्र विशेष रक्षा, रेलवे, सरकारी उपक्रमों में ही निवेशकों की बहुत अधिक रुचि दिखाई थी. इनके मूल्यों में कई गुना वृद्धि हुई थी.

बीजेपी को अपने बल पर पूर्ण बहुमत नहीं मिला है. अतः मोदी 3.0 में अब आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष तथा सर्वाधिक ध्यान रहेगा. फिर एक प्रमुख सहयोगी चंद्रबाबू नायडू हैं जो भारत में आर्थिक विकास की राजनीति के प्रतीक माने जाते हैं. यह शेयर मार्केट के लिए बहुत उत्साहजनक हो सकता है.

मोदी सरकार अगले चुनावों में पुनः अपेक्षित अच्छा प्रदर्शन करने के लिए 3.0 में और भी अच्छा कार्य करने को प्रेरित रहेगी. चुनाव परिणाम में भाजपा को बड़ा बहुमत मिलता तो मार्केट बड़ी उछाल दिखाता, गिरता ही नहीं क्योंकि अमेरिका में एसएंडपी तथा नासदाक नई ऊंचाई बना रहे, क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया, यूरोप के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में .25 प्रतिशत की कमी की, विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दर में कमी का समय प्रारंभ हो सकता है. एक अनुमान के अनुसार 7.3 ट्रिलियन डॉलर जो भारत की जीडीपी तथा पूरे भारतीय शेयर मार्केट के पूंजीकरण से भी अधिक धनराशि है, मुद्रा मार्केट में निवेशित हैं जिनका बड़ा भाग अब ब्याज दरों में कमी से शेयर मार्केट में आ सकता है.

इंडिया विक्स भी 31 से घट कर 16.88 पर आ गया है. यह मार्केट में भय की कमी का संकेत है. पीएमआई मई में 57.5 है. यह विनिर्माण गतिविधि अच्छी बने रहने का संकेत है. निर्यात आदेश ने भी 13 वर्षों में सबसे तीव्र वृद्धि रही. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बिकवाल बने हुए हैं. मई में उन्होंने 25586 करोड़ रुपए के तथा जून ने 14794 करोड़ रुपए के शेयर बेचे. संतोष तथा गर्व की बात यह है कि उनकी इस बड़ी बिकवाली के पश्चात भी भारतीय शेयर बाजार तेज तथा शक्तिशाली बने हुए हैं. यदि कोई राजनीतिक अस्थिरता नहीं आती तो भारतीय शेयर मार्केट में अच्छी तेजी बनी रह सकती है. मोदी सरकार 3.0 अधिक सजग, परिणामोन्मुखी, दृढनिश्चय की होगी तथा भारत के स्वर्णिम विजय की नई गाथा लिखेगी तथा शेयर मार्केट भी. वहीं मोदी सरकार 2.0 ने आर्थिक मोर्चे पर बहुत अच्छा कार्य किया और देश की अर्थव्यवस्था को बहुत शक्तिशाली बनाया




नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने रविवार को नई दिल्ली में नीट 2024 के परिणामों में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध-प्रदर्शन के दौरान युवा विंग के कार्यकर्ताओं के साथ नारे लगाए.

## नरेंद्र मोदी ने शपथ से पूर्व अपने नए मंत्रिमंडल के नेताओं से चाय पर चर्चा की, बोले

# 100 दिन के रोड मैप को जमीन पर उतारें

**भाषा। नयी दिल्ली**

नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार तीन बार पीएम पद की शपथ से पूर्व अपने नए मंत्रिमंडल के नेताओं से चाय पर चर्चा की. इसे लेकर नरेंद्र मोदी के घर पर एनडीए नेताओं की एक बैठक हुई. इस दौरान उन्होंने अपने नए मंत्रियों को मंत्र दिया. उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को समय पर पूरा करें. शपथ ग्रहण समारोह से पहले चाय पर भाजपा नेताओं से मुलाकात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभावित मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे शासन पर ध्यान दें और 100 दिन के रोडमैप को जमीन पर उतारें. उन्होंने कहा कि सभी लोग परियोजनाओं को समय पर पूरा करें. बता दें, कैबिनेट गठन से पहले पीएम मोदी हर बार चाय पर भाजपा नेताओं से मुलाकात करते हैं. साल 2014 में भी ऐसी ही बैठक आयोजित हुई थी. अब नरेंद्र मोदी ने संभावित मंत्रियों से कहा कि आप सभी सरकार पर ध्यान दें और सुनिश्चित करें कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों.

बैठक में मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, बी संजय कुमार और रवनीत सिंह बिट्टू, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव, निर्मला सीतारमण, मनसुख मांडविया, प्रतापराव जाधव, सी आर पाटिल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, राव इंद्रजीत सिंह, नित्यानंद राय, भगीरथ चौधरी, हर्ष मल्होत्रा, जितिन प्रसाद, रक्षा खडसे, निर्मला सीतारमण, अन्नपूर्णा देवी, अनुप्रिया पटेल, ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, एचडी कुमारस्वामी, जयंत चौधरी,संजय कुमार और जी किशन रेड्डी सहित लगभग 62 नए सांसद मौजूद रहे.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए नेताओं के साथ बातचीत के दौरान.

# अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी का मोदी 3.0 से कटा पत्ता

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

नरेंद्र मोदी ने रविवार लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है. जिस तरह से नरेंद्र मोदी की चर्चा हो रही है, उसी तरह उनकी नई कैबिनेट को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गरम है. हर तरफ लोग यही बात कर रहे हैं कि इस बार किन चेहरों का मोदी 3.0 सरकार में पत्ता कट गया है. यहां गौर करने वाली बात ये है कि इस बार बीजेपी को बहुमत हासिल नहीं हुआ है और वह एनडीए के सहयोगियों के दम पर तीसरी बार सरकार बनी है. ऐसे में एनडीए के सहयोगी दलों को भी कैबिनेट में जगह दी गई है. यही वजह है कि इस बार कुछ बड़े बीजेपी नेताओं की कैबिनेट से छुट्टी हो गई है, जिसमें अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी से लेकर राजीव चंद्रशेखर तक जैसे नेताओं के नाम हैं.

### 20 मंत्रियों का कटा पत्ता, कैबिनेट से हो गई छुट्टी

### किन नेताओं को नहीं मिली कैबिनेट में जगह

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी से लेकर राजीव चंद्रशेखर सरीखे नेताओं को अहम मंत्रालयों का जिम्मा दिया गया था. इसी तरह से अनुराग ठाकुर भी खेल मंत्रालय संभाल रहे थे. जिन नेताओं को कैबिनेट में शामिल नहीं किया गया है, उनमें कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, राजीव चंद्रशेखर, अजय मिश्रा टेनी, जनरल वीके सिंह, अश्विनी चौबे और नारायण राणे के नाम शामिल हैं. इसी तरह से अजय भट्ट, साध्वी निरंजन ज्योति, मीनाक्षी लेखी, राजकुमार रंजन सिंह, आरके सिंह, निशीथ प्रमाणिक, सुभाष सरकार, जॉन बारला, भारती पंवार, रावसाहेब दानवे, कपिल पाटिल, नारायण राणे और भगवत कराड को भी कैबिनेट में जगह नहीं मिली है. हालांकि, इनमें से कुछ नेता ऐसे हैं, जिन्हें चुनावी हार मिली है, जबकि कुछ को इस बार बीजेपी ने लोकसभा का टिकट भी नहीं दिया था. इसके अलावा कुछ नेता ऐसे भी हैं, जिन्हें टिकट भी मिला और वह चुनाव भी जीते, लेकिन कैबिनेट से उन्हें दूर रखा गया है.

### जीतने वाले नेता

अजय भट्ट, अनुराग ठाकुर और नारायण राणे ऐसे नेता हैं, जो अपनी-अपनी सीटों से भारी मतों से जीतकर आए हैं. इसके बाद भी उन्हें कैबिनेट में नहीं रखा गया है.

### हारने वाले नेता

साध्वी निरंजन, आरके सिंह, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, राजीव चंद्रशेखर, निशीथ प्रमाणिक, अजय मिश्र टेनी, सुभाष सरकार, भारती पंवार, राव साहेब दानवे और कपिल पाटिल को इस बार चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा.

### टिकट कटा

मीनाक्षी लेखी, राजकुमार रंजन सिंह, जनरल वीके सिंह, जॉन बारला और अश्विनी चौबे को इस बार टिकट नहीं दिया गया था.

## ब्रीफ खबरें

### रामोजी राव का अंतिम संस्कार किया गया

**हैदराबाद ।** मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव के पार्थिव शरीर का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार किया गया. रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी. खबरों और मनोरंजन की दुनिया में व्यापक बदलाव लाने वाले रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का शनिवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया. वह 88 वर्ष के थे.

### आतिशी ने उपराज्यपाल से मिलने का समय मांगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि उन्होंने हरियाणा द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में मुनक नहर के जरिए अपर्याप्त मात्रा में पानी छोड़े जाने पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना के साथ एक आपात बैठक का समय मांगा है. मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली को इस नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है. उन्होंने कहा, आपात बैठक के लिए समय मांगा है.

### सुपरस्टार रजनीकांत ने मोदी को दी बधाई

**चेन्नई ।** सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बड़ी उपलब्धि है और लोगों ने एक मजबूत विपक्ष सुनिश्चित किया है जो लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है. दिल्ली रवाना होने से पहले अपने आवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभिनेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है. रजनीकांत नयी दिल्ली में मोदी और उनके नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे.

### 20 यूरोपीय देशों में मतदान शुरू

**ब्रसेल्स ।** यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया. यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे. माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं. हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते.

### कांग्रेस का तंज

# 'नरेंद्र डिस्ट्रक्टिव एलाएंस' एनडीए को नया नाम दिया...

**जयराम रमेश ने कहा**

- किसी तरह मोदी, नरेंद्र डिस्ट्रक्टिव एलायंस के नेता के रूप में शपथ लेने में कामयाब हो गये



**भाषा। नयी दिल्ली**

नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले हैं. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने नरेंद्र मोदी और एनडीए गठबंधन पर निशाना साधा. कांग्रेस ने भाजपा नीत एनडीए को नरेंद्र डिस्ट्रक्टिव एलाएंस का नाम दिया है. कहा कि रविवार रात मोदी ने नरेंद्र डिस्ट्रक्टिव एलाएंस के नेता के तौर पर शपथ ली. हालांकि वह सभी वैधता खो चुके हैं.

**जयराम ने वो दिन याद दिलाया, जब मोदी सेनगोल के साथ नए संसद भवन में आये थे :** जयराम रमेश ने कहा कि 28 मई 2023 का वो दिन याद है? जब नरेंद्र मोदी सेनगोल के साथ नये संसद भवन में आये थे और जिसके लिए 15 अगस्त 1947 का एक अलग इतिहास गढ़ा गया था. दरअसल वो सबकुछ न केवल मोदी के सम्राट होने के दावे को सही ठहराने के लिए किया गया था, बल्कि तमिल मतदाताओं से अपील करने के लिए भी हुआ था. कहा कि उसी दिन मैंने अभिलेखों का इस्तेमाल करके मोदी के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया था. हम उस ड्रामे का नतीजा जानते हैं. सेनगोल तो तमिल इतिहास का एक सम्मानजनक प्रतीक था, है और बना रहेगा. लेकिन तमिल मतदाताओं या कहें कि भारत के मतदाताओं ने मोदी के दावों को खारिज कर दिया है.

### संविधान के आगे झुकने को मजबूर मोदी

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मोदी को बहुत बड़ी व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार का सामना करना पड़ा है. रमेश ने कहा कि मोदी को उस संविधान के सामने झुकने के लिए मजबूर किया गया है, जिसे उन्होंने पिछले दशक में नष्ट किया है. कहा कि पूरी तरह से कमजोर 'एक तिहाई' प्रधानमंत्री, जिनके पास अब कोई वैधता नहीं है, किसी तरह आज शाम नरेंद्र डिस्ट्रक्टिव एलायंस (एनडीए) के नेता के रूप में शपथ लेने में कामयाब रहे.

# अधर में जो है अटकी हुई, वो तो कोई सरकार नहीं : अखिलेश

**भाषा। लखनऊ**



राजग सरकार के रविवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की जोरदार तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उसे अधर में लटकी हुई सरकार करार देते हुए तंज किया है. यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ होने जा रही राजग सरकार पर तंज करते हुए सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक टिप्पणी में कहा, ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं. अधर में जो है अटकी हुई वो तो कोई सरकार' नहीं.

नरेंद्र मोदी रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में गठबंधन सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ले लिए. इससे पहले के दो कार्यकाल में भाजपा ने पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाई थी. मगर इस बार उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है. ऐसे में सरकार के गठन में तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड की भूमिका निर्णायक हो गई है. सपा ने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उसने अब तक की सबसे बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 37 सीटें जीती हैं. मोदी (73) प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे नेता होंगे. नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 के आम चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी. भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के नेताओं के अलावा गणमान्य व्यक्तियों और विशेष आमंत्रितों के भी राष्ट्रपति भवन में शाम सवा सात बजे प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है.

# हिंसा प्रभावित जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

**भाषा। इंफाल**

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और कम से कम 70 मकानों को आग लगाए जाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही. उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं. मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है. उन्होंने कहा कि इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई. इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं. पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार सूचना फैलाने से बचे.

### नवनिर्वाचित सांसद समेत 161 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**बलिया (उप्र) ।** बलिया से समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद सनातन पांडेय समेत 161 लोगों के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता और निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि बलिया पुलिस थाने के प्रभारी संजय सिंह ने शनिवार को पांडेय और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. उन्होंने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान पांडे तथा उनके समर्थकों ने रास्ता जाम कर यातायात अवरुद्ध कर दिया था और इस तरह उन्होंने आचार संहिता और निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया.

## द्वितीय विश्व युद्ध लड़ने वाले पूर्व सैनिक का हाल

# 100 साल की उम्र में 96 वर्षीय प्रेमिका से की शादी

**भाषा। कैरेंटन-लेस-मरैस (फ्रांस)**





द्वितीय विश्व युद्ध लड़ने वाले अमेरिका के पूर्व सैनिक हारोल्ड टेरेंस ने 100 साल की उम्र में अपनी 96 वर्षीय प्रेमिका जीन स्वेर्लिन से शादी की. टेरेंस और स्वेर्लिन ने फ्रांस में नॉरमैंडी के डी-डे समुद्र तट पर स्थित एक टाउन हॉल में शादी की. यह वही स्थान है जहां छह जून, 1944 को मित्र देशों के विमानों के उतरने के बाद भीषण लड़ाई हुई थी जिससे यूरोप को एडोल्फ हिटलर के अत्याचार से मुक्ति दिलाने में मदद मिली. टेरेंस और स्वेर्लिन के विवाह समारोह में शामिल हुए कुछ लोगों ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय की पोशाक पहनी हुई थीं. जीन स्वेर्लिन ने गुलाबी रंग की पोशाक पहनी थी. वहीं, टेरेंस ने हल्के नीले रंग के सूट पहना. टेरेंस ने इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन बताया और स्वेर्लिन ने कहा, प्यार केवल युवाओं के लिए नहीं हैं. नवविवाहित दंपती को शनिवार रात को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ राजकीय रात्रिभोज के लिए एलिसी पैलेस में आमंत्रित किया गया था.

## परीक्षण | शोध ने किया खुलासा : बच्चों के दिमाग के लिए कितना पानी पीना चाहिए


# नौ से 13 साल के लड़कों को 1.6 लीटर पानी पीना चाहिए

**भाषा। नॉर्मन गार्डन्स (ऑस्ट्रेलिया)**

बैलरैट क्लेरेंडन कॉलेज ने पिछले महीने पांचवीं से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए कक्षा में पानी की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर एक परीक्षण किया. स्कूल के अनुसार, प्रारंभिक प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि ऐसा करने से कक्षा के दौरान शोर कम हुआ और शौचालय जाने के लिए छात्रों के ब्रेक लेने में कमी आई. पानी की बोतलें अब स्कूल के लिए जरूरी मानी जाती हैं लेकिन सवाल यह है कि बच्चों को एक दिन में कितना पानी पीने की जरूरत होती है? इसका उनके दिमाग पर क्या असर पड़ता है? बच्चों और किशोरों को कितने तरल पदार्थ की जरूरत होती है? यह मौसम और शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करता है कि बच्चों को कितने तरल पदार्थ की जरूरत है लेकिन सामान्य तौर पर: चार से आठ साल के बच्चों को प्रतिदिन लगभग 1.2 लीटर पानी पीना चाहिए. नौ से 13 साल के लड़कों को 1.6 लीटर पानी पीना चाहिए. नौ से 13 साल की लड़कियों को 1.4 लीटर पानी पीना चाहिए. चौदह साल से अधिक उम्र के लड़कों को 1.9 लीटर पानी पीना चाहिए. चौदह साल से अधिक उम्र की लड़कियों को 1.6 लीटर पानी पीना चाहिए.

**कई स्कूली बच्चे पर्याप्त पानी नहीं पीते :** आहार संबंधी ऑस्ट्रेलियाई दिशा-निर्देशों के अनुसार, सादा पानी पीना बेहतर होता है लेकिन यदि आपका बच्चा पानी पीना पसंद नहीं करता है, तो आप जूस की कुछ बूंदें इसमें मिला सकते है. शोध से पता चलता है कि कई स्कूली बच्चे पर्याप्त पानी नहीं पीते. कुल 13 देशों (ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर) के 6,469 बच्चों (चार से 17 वर्ष की आयु वर्ग) को शामिल कर 2017 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे और 75 प्रतिशत किशोर पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन नहीं करते. हमें कितनी बार पानी पीना चाहिए? इस बारे में कोई विशेष सलाह नहीं दी गई है कि बच्चों और किशोरों को कितनी बार पानी पीना चाहिए लेकिन शोध से मुख्य रूप से यह संदेश मिलता है कि छात्रों को सुबह उठते ही पानी पीना चाहिए.

### दिमाग को काम करने के लिए पानी जरूरी



हमारे मस्तिष्क के लिए पानी इतना महत्वपूर्ण क्यों है? मस्तिष्क के कुल द्रव्यमान का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा पानी है और हमारे दिमाग को काम करते रहने के लिए पानी की आवश्यकता होती है. पानी हार्मोन के स्तर को संतुलित करने, उचित रक्त प्रवाह बनाए रखने और मस्तिष्क में विटामिन, खनिज एवं ऑक्सीजन पहुंचाने में मस्तिष्क की कोशिकाओं और ऊतकों की मदद करता है. इसलिए यदि छात्रों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाया जाए तो इससे उनकी एकाग्रता बढ़ती है. पानी पढ़ाई में कैसे मददगार है? जर्मनी के पांच और छह साल के बच्चों पर 2020 में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जिन बच्चों ने सुबह चार घंटे की अवधि में पानी की अपनी दैनिक आवश्यकता का कम से कम 50 प्रतिशत (लगभग एक लीटर) पानी पिया, उनका दिमाग समग्र रूप से बेहतर कार्य करता है. बच्चों की दिनचर्या में पानी शामिल करें.

## बांग्लादेशी सांसद हत्या मामला

# सीआईडी ने की मुख्य संदिग्ध से पूछताछ, मानव हड्डियां बरामद

**भाषा। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या मामले की जांच के सिलसिले में तलाश अभियान के दौरान रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले में एक नहर के पास से मानव हड्डियों के कुछ हिस्से बरामद किए. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मामले के प्रमुख संदिग्ध मोहम्मद सियाम हुसैन (जिसे नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार करके भारत को प्रत्यर्पित किया था) से पूछताछ के बाद ये हड्डियां भांगर के कृष्णामती गांव में बागजोला नहर के दक्षिण-पूर्वी तट से बरामद की गईं. सीआईडी अधिकारी ने कहा, बरामदगी के दौरान मौजूद चिकित्सा अधिकारियों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों के मुताबिक हड्डियों के हिस्से इंसान के प्रतीत होते हैं. उन्होंने बताया कि इस संबंध में बिजॉयगंज बाजार पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है. हड्डियों को जल्द ही फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा.

अधिकारी ने कहा, बांग्लादेशी राजनेता के शरीर के अन्य अंगों का पता लगाने के लिए तलाश जारी है. सीआईडी के अधिकारियों ने इससे पहले न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े बरामद किए थे, इनका वजन लगभग 3.5 किलोग्राम था. इसी जगह पर सांसद को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था. सीआईडी के अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश के सांसद की बेटी हड्डियों और मांस के टुकड़ों की बरामदगी होने पर डीएनए जांच के लिए अगले सप्ताह कोलकाता पहुंच सकती है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)